संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | नई दिल्ली, शुक्रवार 08 अगस्त 2025 ₹ 2 | www.actionindialive.com | Facebook.com/actionindialivee

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

वर्षः 19 अंकः 217 पृष्ठः 12 | RNI : DELHIN/2006/19302

actionindianews@gmail.com | राष्ट्रीय संस्करण | दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group



केंद्रीय ग्रामीण विकास और कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने गुरुवार को राष्ट्रीय हथकरघा दिवस पर कृषि भवन से देशभर में स्वयं सहायता समूहों की लाखों दीदियों से वर्चुअल संवाद किया।

# चुनाव आयोग ने बीजेपी के साथ चुनाव चुराया: राहुल

### स्क्रीन पर वोटर लिस्ट दिखाकर दावा- महाराष्ट्र में 40 लाख संदिग्ध नाम, कर्नाटक में भी फर्जीवाड़ा, राहुल गांधी ने चुनावों में वोटर लिस्ट में गड़बड़ी और नतीजों में हेरफेर का लगाया आरोप

**गंभीर आरोप**

**दोनों की मिलीभगत से देश के लोकतंत्र को कमजोर किया जा रहा है। बड़े पैमाने पर गड़बड़ी हुई है**

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष एवं लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने गुरुवार को चुनाव आयोग और भारतीय जनता पार्टी पर मिलीभगत से वोटर लिस्ट में फर्जी वोटर शामिल करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि दोनों की मिलीभगत से देश के लोकतंत्र को कमजोर किया जा रहा है। वोटर लिस्ट में बड़े पैमाने पर गड़बड़ी हुई है और इससे चुनावों के नतीजों में हेरफेर हुआ है। राहुल गांधी ने यहां कांग्रेस मुख्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस में कर्नाटक की बेंगलुरु सेंट्रल लोकसभा सीट और महादेवपुरा विधानसभा सीट के आंकड़ों के विश्लेषण के आधार पर आरोप लगाया कि इन इलाकों में करीब एक लाख वोटों की चोरी हुई है। उन्होंने दावा किया कि सिर्फ इन दो क्षेत्रों की 6.26 लाख वोटर लिस्ट में 1,00,250 वोट संदिग्ध पाए गए हैं। उन्होंने इस डाटा के विश्लेषण से 6 लाख 25 हजार कुल वोटरों में 1,00,250 वोटर फर्जी होने का दावा किया। उन्होंने कहा कि 11,965 डुप्लीकेट वोटर, 40,009 फर्जी या अमान्य पते मिले, 10,452 एक ही पते पर असामान्य संख्या में वोटर पाए गए, 4,132 लोगों की अमान्य या गायब तस्वीरें मिलीं और 33,692 फॉर्म 6 का दुरुपयोग के मामले सामने आए हैं। उन्होंने कहा कि इस जांच को पूरा करने में छह महीने लगे और इस दौरान चुनाव आयोग ने किसी तरह की मदद नहीं की, बल्कि जरूरी डेटा देने से इनकार करता रहा। हमें पहले से संदेह था कि देश में चुनावी प्रक्रिया में कुछ गड़बड़ चल रही है।




### राहुल के आरोपों पर चुनाव आयोग ने मांगा शपथ-पत्र

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली :** कर्नाटक के मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी से मतदाता सूची में गड़बड़ी के दावे पर साक्ष्य सहित शपथ-पत्र मांगा है। उनसे कहा गया है कि वे लगाए गए अपने आरोपों को प्रमाणित करें। कर्नाटक के मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने आज राहुल गांधी को पत्र भेजा है। पत्र में उल्लेख है कि कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल कल (8 अगस्त) दोपहर 1 से 3 बजे के बीच मुख्य निर्वाचन अधिकारी से मिलकर एक ज्ञापन सौंपने जा रहा है। जनप्रतिनिधित्व अधिनियम, 1950 और मतदाताओं का पंजीकरण नियम, 1960 के अनुसार पारदर्शी रूप से तैयार की गई हैं।

# व्लादीमिर पुतिन इस साल के आखिर में भारत आएंगे

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** सरकार ने स्पष्ट किया कि रूस के राष्ट्रपति व्लादीमिर पुतिन की भारत यात्रा का कार्यक्रम अगस्त में नहीं है। मास्को में राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल की रूसी सुरक्षा परिषद के सचिव सर्गेई शोइगु के साथ हुई बैठक के बाद आयी रिपोर्टों में कहा गया था कि श्री पुतिन की भारत यात्रा की तारीख तय हो गयीं हैं और वे अगस्त के आखिर में भारत आएंगे। सूत्रों ने इन रिपोर्टों का खंडन करते हुए कहा, "राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल ने अपनी मॉस्को यात्रा के दौरान कहा है कि राष्ट्रपति पुतिन की भारत यात्रा की तारीखों पर काम चल रहा है। श्री डोभाल ने अपनी बैठकों में कोई निश्चित तारीख या समय नहीं बताया है। अगस्त के आखिर का जो समय बताया जा रहा है, वह गलत है।" उल्लेखनीय है कि श्री डोभाल और श्री सर्गेई शोइगु के बीच गुरुवार को हुई बैठक में रूसी शीर्ष सुरक्षा अधिकारी ने भारत-रूस के मजबूत और समय की कसौटी पर खरे उतरे दोस्ताना संबंधों की सराहना की।

बैठक का उद्देश्य ऊर्जा और रक्षा साझीदारी को मजबूत करना और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की आगामी भारत यात्रा की तैयारियों को अंतिम रूप देना था। शोइगु से बात करते हुए श्री डोभाल ने कहा कि भारत सरकार रूसी राष्ट्रपति की आगामी यात्रा को लेकर उत्साहित और प्रसन्न है। इसके आधार पर ऐसी मीडिया रिपोर्टें आई थी कि अगस्त में पुतिन भारत आ सकते हैं।




**दोस्ताना संबंध**

**यूक्रेन वॉर के बाद पहला भारत दौरा; रूस से तेल खरीदने के कारण ट्रम्प ने टैरिफ लगाया**

# 'ग्रामीण क्षेत्रों में 5 साल से कम उम्र के बच्चों की मृत्यु दर में आई कमी'

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण राज्यमंत्री अनुप्रिया पटेल ने संसद में बताया कि देश के ग्रामीण क्षेत्रों में पांच साल से कम उम्र के बच्चों की मृत्यु दर में उल्लेखनीय कमी आई है। उन्होंने बताया कि देश में पांच साल से कम उम्र के बच्चों की मृत्यु दर वर्ष 2014 में 51 प्रति 1000 बच्चे थी जो वर्ष 2022 में घट कर 34 प्रति 1000 बच्चे हो गई है। अनुप्रिया पटेल ने यह जानकारी राज्यसभा में भारतीय जनता पार्टी की सदस्य इंदु गोस्वामी के सवाल के जवाब में दी। मंत्री ने बताया कि राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के माध्यम से शून्य से 18 साल के बच्चों की आंगनबाड़ी केंद्रों पर साल में दो बार मोबाइल हेल्थ टीम द्वारा कम्युनिटी स्क्रीनिंग की जाती है जबकि इन बच्चों की सरकारी और सरकारी सहायता प्राप्त स्कूलों में साल में एक बार मोबाइल हेल्थ टीम द्वारा कम्युनिटी स्क्रीनिंग की जाती है। नवजात बच्चों की आशा कार्यकताओं द्वारा घर पर स्क्रीनिंग की जाती है तथा किसी बीमारी से ग्रसित बच्चों को नजदीक के अस्पतालों में स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान की जाती हैं। राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के माध्यम से बच्चों के जीवन की गुणवत्ता बढ़ाने और उन्हें व्यापक स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान करने के लिए कार्यक्रम शुरू किये गए हैं।



# सुप्रीम कोर्ट ने खारिज की जस्टिस यशवंत वर्मा की याचिका

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** उच्चतम न्यायालय ने इलाहाबाद उच्च न्यायालय के जज जस्टिस यशवंत वर्मा के खिलाफ आंतरिक जांच पैनल की रिपोर्ट के खिलाफ दायर याचिका खारिज कर दी है। जस्टिस दीपांकर दत्ता की अध्यक्षता वाली बेंच ने याचिका खारिज करने का आदेश दिया। कोर्ट ने कहा कि जस्टिस वर्मा की याचिका पर सुनवाई नहीं की जा सकती क्योंकि वो आंतरिक जांच पैनल के समक्ष पेश हो चुके हैं और अब जांच पैनल के अधिकार पर सवाल उठा रहे हैं। कोर्ट ने 30 जुलाई को फैसला सुरक्षित रख लिया था। इस मामले की सुनवाई के दौरान कोर्ट ने जस्टिस यशवंत वर्मा से कहा कि आपका आचरण विश्वसनीय नहीं है। कोर्ट ने पूछा कि आप आंतरिक जांच पैनल के सामने पेश क्यों हुए थे। आपने उसे चुनौती क्यों नहीं दी। आपको आंतरिक जांच पैनल की रिपोर्ट को पहले चुनौती देनी चाहिए थी। उच्चतम न्यायालय ने कहा था कि जस्टिस वर्मा रिपोर्ट को राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री को भेजने का भी विरोध कर रहे हैं, राष्ट्रपति ही जजों को नियुक्त करते हैं। उच्चतम न्यायालय ने कहा था कि राष्ट्रपति संवैधानिक प्रमुख हैं तो उन्हें जानकारी देने का विरोध क्यों किया जा रहा है। उच्चतम न्यायालय के सवालों पर जस्टिस वर्मा के वकील कपिल सिब्बल ने कहा था कि वह राष्ट्रपति को जानकारी देने का विरोध नहीं कर रहे हैं, लेकिन घर से मिले पैसे जस्टिस वर्मा के थे।



**कोर्ट से झटका**

**जस्टिस दीपांकर दत्ता की अध्यक्षता वाली बेंच ने याचिका खारिज करने का आदेश दिया**











उत्तर भारत

नई दिल्ली, 08 अगस्त 2025

दैनिक एक्शन इंडिया

www.actionindialive.com



# सपा-कांग्रेस करती हैं वोट की राजनीतिः योगी आदित्यनाथ

- मुख्यमंत्री योगी ने संभल में 659 करोड़ की 222 विकास परियोजनाओं का किया शिलान्यास और लोकार्पण
- संभल के साथ पाप करने वालों को मिलेगी सजा, दंगाइयों पर बरस रहा महाकाल का प्रकोपः योगी
- संभल हमारी आस्था का प्रतीक, पुराणों में कहा गया है कि यहीं पर होगा भगवान विष्णु का दसवां अवतार 'कल्कि'

**टीम एक्शन इंडिया**

**संभल।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गुरुवार को जनपद संभल के दौरे पर पहुंचे और जिले को 659 करोड़ रुपये के विकास कार्यों की सौगात दी। मुख्यमंत्री ने 222 विकास परियोजनाओं की सौगात दी जिनमें 109 कार्यों का शिलान्यास और 113 कार्यों का लोकार्पण शामिल है। इसके साथ ही उन्होंने संभल में उत्खनन के दौरान प्राप्त पुरातात्विक अवशेषों का निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री योगी ने यहां कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि विरासत को विस्मृत कर कोई भी आगे नहीं बढ़ सकता। यही याद दिलाने के लिए संभल आया हूं। उन्होंने सपा और कांग्रेस पार्टियों को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि समाजवादी पार्टी





हत्या करवाती थी और कांग्रेस उनकी करतूतों को ढकने का कार्य करती थी। वे वोट की राजनीति करते थे। हम विकासवादी राजनीति करने आए हैं। मकान के लिए पैसा नहीं मिलता था। बेटियां स्कूल छोड़ने को मजबूर होती थीं। स्कूलों में शौचालय और पेयजल की व्यवस्था नहीं थी। आज स्कूलों में शौचालय, पेयजल समेत अन्य सुविधाएं हैं। स्मार्ट क्लास भी है। पिछली सरकार एक जिला-एक माफिया देती थी। हमारी सरकार एक जिला- एक उत्पाद की योजना देकर जिले का विकास कर रही है। डबल इंजन की सरकार आज गरीब की बेटी को शिक्षा दे रही है। साथ ही उसकी शादी के लिए एक लाख रुपये भी दे रही है। सीएम योगी ने कहा कि पिछली सरकार में दंगे होते थे, अराजकता फैलती थी, न बेटी सुरक्षित थी और न व्यापारी सुरक्षित था। आज यूपी में बेटी और व्यापारी सुरक्षित है लेकिन दंगाई और माफिया सुरक्षित नहीं है। उन्होंने कहा कि आज कई उपहार संभल को उपलब्ध कराए जा रहे हैं। नौ अगस्त को रक्षाबंधन है। 16 को जन्माष्टमी है। इसी धरती पर कल्कि भगवान आने वाले हैं। इसी संकल्प के साथ हमें आगे बढ़ना है। हमें दंगाइयों से लड़ने का साहस के साथ आगे बढ़ना है। जिन लोगों ने संभल को दंगों की भेंट चढ़ाने का कार्य किया, उन्हें उसकी कीमत चुकानी ही होगी।

इससे पहले पुलिस लाइन कार्यक्रम में मुख्यमंत्री के हाथों में बच्चियों ने राखी बांधी। मुख्यमंत्री ने उन्हें उपहार स्वरूप चाकलेट भेंट किया।

**सीएम ने दी 222 परियोजनाओं की सौगात**

संभल की जनता को मुख्यमंत्री योगी ने आज 659 करोड़ रुपये की 222 परियोजनाओं की सौगात दी। इसमें 109 कार्यों का शिलान्यास और 113 कार्यों के लोकार्पण शामिल हैं, जिसमें शिक्षा, व्यावसायिक शिक्षा, पेयजल, सड़कें, आंगनवाड़ी केंद्र और कम्पोजिट विद्यालयों की सुविधाओं को प्राथमिकता के आधार उपलब्ध कराया जाएगा। उन्होंने संभल में जिलाधिकारी कार्यालय और एकीकृत आवासीय भवनों का विधि-विधान से शिलान्यास किया।

# 130 अवैध निर्माण पर गरजा योगी का बुलडोजर



**टीम एक्शन इंडिया**

**लखनऊः** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर पिछले 60 दिनों में नेपाल सीमा से सटे जिलों में अवैध कब्जों और बिना मान्यता संचालित धार्मिक संस्थानों के खिलाफ ताबड़तोड़ बुलडोजर की कार्रवाई की गयी। इस दौरान कुल 298 अवैध मस्जिद, ईदगाह, मदरसे और मजार को चिन्हित किया गया जबकि 223 अवैध निर्माण के खिलाफ नोटिस जारी की गयी। वहीं, 198 अवैध निर्माण को सील करते हुए 130 अवैध निर्माण को ध्वस्त किया गया। सीएम योगी का बुलडोजर पीलीभीत, श्रावस्ती, बलरामपुर, बहराइच, लखीमपुर खीरी, सिद्धार्थनगर और महराजगंज में अवैध निर्माण पर खूब गरजा। वहीं, सबसे अधिक श्रावस्ती में अवैध निर्माण के खिलाफ कार्रवाई की गयी। श्रावस्ती जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर इंडो नेपाल बार्डर के 10 किमी. के मध्य सरकारी भूमि और निजी भूमि पर बने अवैध मजिस्द, ईदगाह, मदरसे और मजार के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। ऐसे में योगी सरकार के निर्देश पर श्रावस्ती में अब तक 149 अवैध निर्माण को चिन्हित किया गया है। इनमें से सभी 149 अवैध निर्माण को नोटिस दी गयी जबकि 140 अवैध निर्माण को सील किया गया। वहीं, 37 अवैध निर्माण को ध्वस्त किया गया। डीएम ने बताया कि अवैध निर्माण के खिलाफ अभी भी कार्रवाई जारी है।

### लखीमपुर खीरीः कुल 13 अवैध निर्माण चिन्हित

लखीमपुर खीरी जिलाधिकारी दुर्गा शक्ति नागपाल ने बताया कि जिले में कुल 13 अवैध निर्माण को चिन्हित किया गया। इनमें से 1 अवैध निर्माण को नोटिस दी गयी जबकि 10 अवैध निर्माण को सील किया गया। वहीं, 3 अवैध निर्माण को ध्वस्त किया गया। इसी तरह महराजगंज में 45 अवैध निर्माण को चिन्हित किया गया है। इनमें से सभी 45 अवैध निर्माण को नोटिस दी गयी जबकि 24 अवैध निर्माण को सील किया गया। वहीं, 31 अवैध निर्माण को ध्वस्त किया गया। सिद्धार्थनगर में 23 अवैध निर्माण को चिन्हित किया गया है। 2 अवैध निर्माण को नोटिस दी गयी जबकि 21 अवैध निर्माण को ध्वस्त किया गया।

# भाखड़ा डैम पर सीआईएसएफ की तैनाती की तैयारी शुरू



**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़।** केन्द्र सरकार ने भाखड़ा डैम पर केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) की तैनात की तैयारी शुरू कर दी है। बल के आईजी के नेतृत्व में एक टीम 11 व 12 अगस्त को नंगल का दौरा करेगी। यहां जवानों के ठहरने के लिए आवास बनाए जा रहे हैं। विशेष टीम तैनात से पहले प्रबंधों का जायाजा लेगी। हाल ही में पंजाब सरकार ने सीआईएसएफ की तैनाती के विरोध में विधानसभा में प्रस्ताव पारित किया था। पंजाब सरकार का कहना है कि जब पंजाब पुलिस सुरक्षा दे रही तो सीआईएसएफ की तैनीती की क्यों आवश्यकता है। प्रोजेक्ट में पंजाब, हिमाचल, हरियाणा और राजस्थान हिस्सेदार हैं। प्रोजेक्ट का 60 फीसदी खर्च पंजाब उठाता है जबकि अन्य खर्च तीन राज्य उठाते हैं। नंगल डैम से पंजाब के अलावा हरियाणा, हिमाचल व राजस्थान को पानी की आपूर्ति होती है।

**विशेष टीम**

- पंजाब सरकार ने सीआईएसएफ की तैनाती के विरोध में विधानसभा में प्रस्ताव पारित किया था

# भोपाल बन रहा देश का टैक हबः सीएम डॉ. मोहन

**टीम एक्शन इंडिया**

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल अब नवाचार का केंद्र बनकर भारत के डिजिटल भविष्य को आकार देने में अपना महत्वपूर्ण योगदान दे रही है। यहां ड्रोन, एवीजीसी-एक्सआर, इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग और ग्रीन डाटा इंफ्रास्ट्रक्चर जैसे क्षेत्रों के अग्रणी केंद्र और उद्योग साझेदारियां आकार ले रही हैं। भोपाल जल्द ही ड्रोन टेक्नोलॉजी का भी हब बनेगा। एनीमेशन ग्राफि क्स जैसे नए सेक्टर्स भी प्रदेश के युवाओं के कॅरियर को नई उड़ान देने तैयार हैं। सेमी-कंडक्टर और डाटा-सेंटर जैसे ग्लोबल टेक्नोलॉजी ट्रेंड्स भी विकसित हो रहे हैं। जनसंपर्क अधिकारी जूही श्रीवास्तव ने गुरुवार को बताया कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव की विकासमूलक रणनीतिक सोच से भोपाल का हाई-टैक इंडस्ट्रीज के लिए एक मनपसंद गंतव्य के रूप में उभरना कोई संयोग नहीं है, बल्कि, योजनाबद्ध इंफ्रास्ट्रक्चर एवं ईको सिस्टम का विकास और भविष्योन्मुखी नीतियों के निर्माण का परिणाम है। देशी-विदेशी कंपनियां मध्य प्रदेश में उद्यमिता को चुन रही हैं। उन्हें प्रदेश में ईज-ऑफ-डूइंग बिजनेस और नीतिगत प्रक्रिया सहयोग भी मिल रहा है। सेमी-कंडक्टर और ड्रोन जैसे डीप-टैक उपक्रमों से लेकर एवीजीसी और डाटा सेंटर्स तक के लिये मध्यप्रदेश भारत के डिजिटल भविष्य का लॉन्चपैड बनता जा रहा है।

एवीजीसी-एक्सआर सेंटर ऑफ एक्सीलेंस युवाओं को गेमिंग, एनीमेशन और वीएफएक्स के क्षेत्र में प्रशिक्षण और स्टार्ट-अप्स के लिए मंच देगा।



**महत्वपूर्ण**

- सेमी-कंडक्टर और डाटा-सेंटर जैसे ग्लोबल टेक्नोलॉजी ट्रेंड्स भी विकसित हो रहे हैंः सीएम मोहन यादव

# सीएम धामी ग्राउंड जीरो पर रुककर बचाव व राहत कार्यों की कर रहे हैं मॉनिटरिंग

**टीम एक्शन इंडिया**

**देहरादून।** धराली (उत्तरकाशी) से लेकर पौड़ी गढ़वाल के आपदाग्रस्त इलाकों में राहत व बचाव कार्यों की मॉनिटरिंग करने के लिए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ग्राउंड जीरो पर दो दिन से डटे हुए हैं। पीड़ितों को हरसंभव मदद पहुंचाने के लिए राज्य सरकार ने पूरी ताकत झोंक रखी है। मुख्यमंत्री धामी सूरज निकलते ही पल-पल की जानकारी ले रहे हैं। हर स्तर पर व्यवस्थाओं की मॉनिटरिंग कर रहे हैं और व्यवस्थाओं का निरीक्षण कर रहे हैं। उनकी निगरानी में आपदा प्रबंधन की पूरी मशीनरी चौबीसों घंटे सक्रिय है। सुबह की पहली किरण के साथ हेलीकॉप्टर राहत सामग्री लेकर उड़ता है और वापसी में घायलों को लेकर लौटता है। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि गंभीर घायलों को तत्काल एयरलिफ्ट कर देहरादून या एम्स ऋषिकेश भेजा जाए और राहत शिविरों में भोजन, पानी, दवाइयों और अन्य आवश्यकताओं की कोई कमी न हो। वे खुद घायलों और प्रभावितों से भेंट कर उनका हालचाल जान रहे हैं। ऑपरेशन में भारतीय वायुसेना के 2 चिनूक, 2 एमआई-17, 4 अन्य हेलीकॉप्टर, राज्य सरकार के 8 हेलीकॉप्टर, 1 आर्मी एनएचएल और 2 चीता हेलीकॉप्टर राहत व बचाव कार्यों में लगे हैं। जानकारी के अनुसार बचाव व राहत कार्य में राजपूताना राइफल्स के 150 जवान, घातक टीम के 12 कमांडो, एनडीआरएफ के 69, एसडीआरएफ के 50 जवान, चार मेडिकल टीमें, 9 फायर टीमें, 130 आईटीबीपी के जवान, और बीआरओ के 15 कर्मियों समेत कुल 479 अधिकारी-कर्मचारी दिन-रात तैनात जुटे हैं। इसके अलावा 814 अतिरिक्त जवानों को अन्य क्षेत्रों से सीधे प्रभावित क्षेत्र में तैनात किया गया है।

सरकारी प्रवक्ता के अनुसार मुख्यमंत्री धामी के निर्देश पर प्रभावितों के लिए दो हजार से अधिक फूड पैकेट्स भेजे जा चुके हैं और ड्राइ राशन हवाई मार्ग से हर्षिल पहुंचाया जा रहा है, जहां से उसे दूरस्थ गांवों तक पहुंचाया जाएगा। अब तक तीन सौ 300 से अधिक लोगों को सुरक्षित रेस्क्यू किया जा चुका है।

**व्यवस्था**

- धामी सूरज निकलते ही पल-पल की जानकारी ले रहे हैं। हर स्तर पर व्यवस्थाओं की मॉनिटरिंग कर रहे हैं



# पीएम मोदी 25 को मध्य प्रदेश के दौरे पर आएंगे, धार में पीएम मित्रा पार्क का करेंगे भूमिपूजन

**तैयारी**

- प्रधानमंत्री के प्रस्तावित दौरे की तैयारी शुरू, कलेक्टर ने लिया पीएम मित्रा पार्क स्थल का जायजा

**टीम एक्शन इंडिया**

**इंदौर।** मध्य प्रदेश के धार जिले को वस्त्र उद्योग पर केन्द्रित विकसित पीएम मित्र पार्क की सौगात मिलने जा रही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 25 अगस्त को धार में पीएम मित्र पार्क का भूमि-पूजन करेंगे। रेडीमेड गारमेंट सेक्टर की 2000 करोड़ रुपये की इस परियोजना से जनजातीय अंचल के एक लाख से अधिक युवाओं के लिए रोजगार के अवसर सृजित होंगे। यह जानकारी मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने गुरुवार को भोपाल स्थित अपने निवास कार्यालय समत्व भवन में मीडिया से संवाद करते हुए दी। उन्होंने कहा कि पीएम मित्र पार्क मध्य प्रदेश की समृद्धि के नए द्वार खोलेगा। धार का पीएम मित्र पार्क एक ओर जहां स्वदेशी के भाव को मजबूती देगा, वहीं धार, झाबुआ, रतलाम और निमांड़ क्षेत्र के कपास उत्पादक किसानों को कॉटन का उचित दाम मिलेगा। यहां से विदेशों में भी वस्त्र निर्यात किए जाएंगे।



# चंडीगढ़ पुलिस ने पंजाब के कैबिनेट मंत्री को भेजा नोटिस

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़।** चंडीगढ़ पुलिस ने पंजाब विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष प्रताप बाजवा की शिकायत पर आम आदमी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष एवं कैबिनेट मंत्री अमन अरोड़ा को नोटिस भेजकर जवाब देने को कहा है। प्रताप सिंह बाजवा ने चंडीगढ़ पुलिस से सरकार के दो मंत्रियों अमन अरोड़ा व हरपाल सिंह चीमा के खिलाफ वीडियो एडिट करके वायरल करने की शिकायत की थी। इस पर 11 जुलाई को चंडीगढ़ के सेक्टर-3 थाना में दोनों मंत्रियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई थी, जिसमें अरोड़ा की भूमिका भी जांच के घेरे में है। दरअसल, बाजवा ने कुछ दिन पहले शिरोमणि अकाली दल के नेता एवं पूर्व मंत्री बिक्रम सिंह मजीठिया की गिरफ्तारी को लेकर एक वीडियो सोशल मीडिया पर पोस्ट किया था, जिसे एडिट कर पोस्ट करने का आरोप इन मंत्रियों पर है। इस मामले में कार्रवाई करते हुए चंडीगढ़ पुलिस ने अमन अरोड़ा को नोटिस भेजकर उनकी पूरी सोशल मीडिया टीम की पूरी डिटेल मांगी है, ताकि पता चल सके कि किस शख्स ने बिक्रम मजीठिया वाली पोस्ट को सोशल मीडिया पर डाला था।

**जवाब तलब**

- सरकार के दो मंत्रियों अमन व हरपाल के खिलाफ वीडियो एडिट करके वायरल करने की शिकायत की थी



उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने पौड़ी के आपदा प्रभावित क्षेत्रों का किया दौरा, हर संभव मदद का दिया भरोसा।

### यह त्यौहार हमारी संस्कृति में भाई-बहन के परस्पर स्नेह का द्योतक, बहन द्वारा बांधा गया रक्षा सूत्र भाई को सुरक्षा कवच देता है : सीएम

# कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ करते हुए महिला सुरक्षा हमारी प्राथमिकताः भजनलाल

**टीम एक्शन इंडिया**

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि समाज को सही दिशा देने एवं देश-प्रदेश को मजबूत करने में महिलाओं की अहम भूमिका है। महिला एक कदम चलेगी तो राजस्थान सौ कदम आगे बढ़ेगा। हमारी सरकार भी इस आधी आबादी की सुरक्षा एवं सशक्तीकरण के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र का चौथा स्तंभ मीडिया सरकार एवं जनता के मध्य सेतु की तरह कार्य करता है। ऐसे में हमारी महिला पत्रकार भारत और राजस्थान की शिल्पकार के रूप में बेहतरीन काम कर रही हैं। शर्मा गुरुवार को मुख्यमंत्री निवास पर मुख्यमंत्री संग रक्षाबंधन-मीडिया की बहनों का सम्मान कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने सभी महिला पत्रकारों को राखी की अग्रिम शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह त्यौहार हमारी संस्कृति में भाई-बहन के परस्पर स्नेह का द्योतक है।

बहन द्वारा बांधा गया रक्षा सूत्र भाई को सुरक्षा कवच देता है। आपका यह भाई आपकी हर तरीके से सुरक्षा एवं सहयोग के लिए तैयार खड़ा है। उन्होंने कहा कि महिला पत्रकार बड़ी जिम्मेदारी से लोकतंत्र को मजबूत करने का कार्य कर रही हैं। आपकी लेखनी और आपके द्वारा कही गई हर बात समाज में विश्वास पैदा करता है। इस आधी आबादी के सहयोग से ही हम हर लक्ष्य को हासिल कर पाएंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार पूरी संवेदनशीलता के साथ प्रदेश की महिलाओं के सर्वांगीण विकास के लिए कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में गरीब परिवार की महिलाओं को 450 रुपये में रसोई गैस सिलेंडर, मा वाउचर योजना के तहत निशुल्क सोनोग्राफी, लाडो प्रोत्साहन योजना, स्कूटी और साइकिल वितरण जैसी योजनाओं एवं नवाचारों से महिलाओं को प्रोत्साहन दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि महिला सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए राज्य सरकार द्वारा कालिका पेट्रोलिंग यूनिट, तीन महिला बटालियन, 65 एंटी रोमियो स्क्वॉड, पुलिस थानों में महिला सुरक्षा एवं सलाह केन्द्रों का संचालन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में नारी सशक्तीकरण के क्षेत्र में नई उड़ान मिली है। उन्होंने कहा कि बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना, लखपति दीदी जैसी योजनाओं से महिलाएं मजबूत हो रही हैं। साथ ही, नारी शक्ति वंदन अधिनियम से संसद तथा विधानसभाओं में महिलाओं के लिए आरक्षण सुनिश्चित किया गया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा एक पेड़ मां के नाम, स्वच्छता अभियान जैसे सामाजिक सरोकार से जुड़े कार्यों में जनसहभागिता को बढ़ावा दिया जा रहा है। उन्होंने सभी महिलाओं से अपील की कि वे नागरिक कर्तव्यों का पालन करते हुए राज्य एवं केन्द्र सरकार की सभी जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम पंक्ति पर बैठे व्यक्ति तक पहुंचाने में मदद करें।



**सशक्तिकरण**

- महिला एक कदम चलेगी तो राजस्थान सौ कदम आगे बढ़ेगा। सरकार सशक्तिकरण के लिए प्रतिबद्धः सीएम

# मप्र के मंदसौर और आसपास के क्षेत्रों में महसूस किए गए भूकंप के झटके

**टीम एक्शन इंडिया**

**मंदसौर।** मध्य प्रदेश के मंदसौर जिले में पिपलियामंडी और मल्हारगढ़ क्षेत्र के आसपास गुरुवार सुबह सुबह 10:07 बजे भूकंप के झटके महसूस किए गए। रिक्टर स्केल पर इसकी तीव्रता 3.9 मापी गई, जबकि भूकंप का केंद्र प्रतापगढ़ में जमीन से 10 किलोमीटर की गहराई में था। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र (नेशनल सेंटर फॉर सिस्मोलॉजी) ने सोशल मीडिया एक्स पर इसकी जानकारी साझा की है। मंदसौर में जिले के पिपलियामंडी नगर, रेवास देवड़ा, अमरपुरा, मल्हारगढ़, कनघट्टी, फोफालिया, बोरी, कुलमीपुरा और दमाखेड़ी गांवों में गुरुवार सुबह लोगों ने भूकंप के हल्के झटके किए गए। ये झटके कुछ सेकंड तक रहे। इससे घबराकर कई लोग अपने घरों और दुकानों से बाहर निकलकर खुले स्थानों में खड़े हो गए। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि अचानक दरवाजे और खिड़कियां हिलने लगीं। फिलहाल किसी तरह की जन या माल की हानि की कोई खबर नहीं है। जिला प्रशासन सतर्क हो गया है और आपदा प्रबंधन विभाग ने लोगों से सावधानी बरतने की अपील की है। मप्र के राजस्थान के प्रतापगढ़ शहर के नई आबादी, सदर बाजार, एरियापति, वाटर वर्क्स, बड़ा बाग कॉलोनी और मानपुर जैसे क्षेत्रों में भी झटके महसूस किए गए।

# देश की बुनाई और परंपरा का उत्सव मनाएं: रेखा गुप्ता





संस्कृति का संगम

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने राष्ट्रीय हथकरघा दिवस पर गुरुवार को अपने देश की बुनाई और परंपरा का उत्सव मनाने की अपील की। मुख्यमंत्री ने एक्स पोस्ट में कहा कि मेरे लिए साड़ी सिर्फ एक परिधान नहीं, संस्कृति का संगम है। कभी मधुबनी की साड़ी, जो मिथिला की कला की सौगात है तो कभी इक्कत या मैसूर सिल्क, जो दक्षिण की परंपरा की झलक है, मैं अपने रोजमर्रा के जीवन में भारत की विविधताओं को ओढ़ती हूं। मुख्यमंत्री ने कहा कि खादी और हैंडलूम सिर्फ वस्त्र नहीं, ये आत्मनिर्भर भारत की पहचान हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के वोकल फॉर लोकल और स्वदेशी गर्व के आह्वान ने आज इन परंपराओं को फिर से जन-जन से जोड़ा है। उन्होंने दिल्ली की सभी बहन-बेटियों से आग्रह है कि आज एक हैंडलूम परिधान पहनें, उसकी तस्वीर सोशल मीडिया पर शेयर कर हथकरघा उद्योग को प्रोत्साहित करें। उल्लेखनीय है कि 7 अगस्त 1905 को शुरू हुए स्वदेशी आंदोलन ने स्वदेशी उद्योगों और विशेष रूप से हथकरघा बुनकरों को प्रोत्साहित किया।

**मुख्यमंत्री ने एक्स पोस्ट में कहा कि मेरे लिए साड़ी सिर्फ एक परिधान नहीं, संस्कृति का संगम है**

## सरकारी स्कूलों के नन्हे बच्चों ने मुख्यमंत्री को बांधी राखी

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता को सरकारी स्कूलों के नन्हे बच्चों ने मुख्यमंत्री जनसेवा सदन में गुरुवार को राखी बांधी। मुख्यमंत्री जनसेवा सदन आज कुछ अलग ही रंग में रहा और पूरा सदन बच्चों की खिलखिलाती हंसी से गूंज उठा। मुख्यमंत्री ने एक्स पोस्ट में कहा कि सरकारी स्कूलों के नन्हे बच्चे जब रक्षाबंधन के उपलक्ष्य में राखियां लेकर आए तो यह रस्म हमारे रिश्ते की नई परिभाषा रही। उनके छोटे-छोटे हाथों से बांधे गए धागे एक ऐसे कल का वादा थे, जहां हर बच्चा बिना डर, बिना भेद, अपने



सपनों की उड़ान भर सके। उन्होंने कहा कि बच्चों की खिलखिलाती हंसी, मासूम आंखों की चमक यही तो है हमारे हर निर्णय का मूल, हमारी हर नीति का आधार। मुख्यमंत्री ने सभी बच्चों को ढेर सारा प्यार देते हुए कहा कि उस भरोसे को मेरा प्रणाम जिसे आपने आज मेरी कलाई पर बांधा दिया।

## शिक्षक विवि ने वृक्षारोपण का किया आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली शिक्षक विश्वविद्यालय ने 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया। यह आयोजन महात्मा गांधी द्वारा स्थापित प्रतिष्ठित संस्था हरिजन सेवक संघ परिसर में संपन्न हुआ। विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार संजीव राय ने इस अवसर पर उपस्थित छात्रों, शिक्षकों एवं हरिजन सेवक संघ के अधिकारियों को संबोधित करते हुए पर्यावरण संरक्षण के महत्व पर बल दिया। उन्होंने कहा कि वृक्षारोपण केवल एक प्रतीकात्मक कार्य नहीं, बल्कि यह हमारे सामाजिक और पारिवारिक मूल्यों से भी जुड़ा हुआ है। मां के प्रति श्रद्धा और प्रकृति के प्रति कृतज्ञता को एक साथ जोड़ने वाला यह अभियान एक प्रेरणादायक प्रयास है। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के वित्त नियंत्रक प्रकाश पांडेय ने सामाजिक चेतना एवं पर्यावरणीय जागरूकता की दिशा में एक प्रेरणादायक कदम बताया।

कार्यक्रम के दौरान सभी छात्रों, शिक्षकों, विश्वविद्यालय एवं हरिजन सेवक संघ के पदाधिकारियों ने मिलकर वृक्षारोपण किया और स्वच्छता अभियान के अंतर्गत श्रमदान किया।

विश्वविद्यालय का यह प्रयास छात्रों में सामाजिक जिम्मेदारी और पर्यावरणीय चेतना को प्रोत्साहित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। हरिजन सेवक संघ के प्रतिनिधियों ने भी विश्वविद्यालय की इस पहल की सराहना की।

## दिल्ली में खेल और युवा मामलों के लिए अब अलग विभाग बनेगा: मुख्यमंत्री

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने घोषणा की कि दिल्ली में खेल और युवा मामलों के लिए अब अलग विभाग बनेगा, जिससे खिलाड़ियों को जरूरत के मुताबिक सुविधाएं मिल सकें। उन्होंने कहा कि पूरी राजधानी में कोचिंग सेंटर स्थापित किए जाएंगे, ताकि कोई भी खिलाड़ी संसाधनों की कमी के कारण पीछे न रह जाए। गुरुवार को दिल्ली ओलंपिक एसोसिएशन, सरकारी विद्यालयों और खेल प्रशिक्षण केंद्रों के युवा खिलाड़ियों और मेधावी छात्रों से मुलाकात के दौरान दिल्ली विधानसभा में मुख्यमंत्री ने यह बात कही। इस दौरान युवा खिलाड़ियों और मेधावी छात्रों ने दिल्ली सरकार के जरिए घोषित पहलों के प्रति मुख्यमंत्री का आभार प्रकट किया। इस दौरान दिल्ली के खेल मंत्री आशीष सूद भी उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री ने बच्चों से संवाद करते हुए कहा कि दिल्ली का हर बच्चा आत्मनिर्भर, सशक्त और आत्मविश्वासी बने, यही उनका सपना है। दिल्ली के खिलाड़ी कड़ी मेहनत तो करते हैं, लेकिन उन्हें वह मान्यता, सहायता और सम्मान नहीं मिलता, जिसके वे हकदार हैं।

## तहव्वुर को अपने परिवार से बात करने की इजाजत दी



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:**। दिल्ली की पटियाला हाउस कोर्ट के स्पेशल जज चंदरजीत सिंह ने 26 नवंबर, 2008 को मुंबई में हुए आतंकी हमलों के आरोपित और साजिशकर्ता तहव्वुर राणा (64) को अपने परिवार से बात करने की अनुमति दे दी है। इसके पहले भी 9 जून को कोर्ट ने राणा को अपने परिवार से जेल अधिकारी की निगरानी में अपने परिवार से बात करने की अनुमति दी थी। सुनवाई के दौरान तिहाड़ जेल प्रशासन राणा को अपने परिवार से नियमित रुप से बात करने की अनुमति देने की मांग का विरोध किया था। एनआईए ने 10 अप्रैल की शाम को तहव्वुर को दिल्ली के पालम वायुसेना अड्डे पर उतरते ही गिरफ्तार किया था। अमेरिका की उच्चतम न्यायालय से प्रत्यर्पण के खिलाफ राणा की याचिका खारिज होने के बाद भारतीय एजेंसियों की एक टीम उसे लेने अमेरिका गई थी। तहव्वुर राणा पाकिस्तानी मूल का कनाडाई नागरिक है। 2008 के मुंबई आतंकी हमलों के मुख्य साजिशकताओं में से एक अमेरिकी नागरिक डेविड कोलमैन हेडली उर्फ दाऊद गिलानी का करीबी सहयोगी है।

## शिकायत निवारण की समयसीमा घटी



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** केंद्र सरकार ने नागरिकों की शिकायतों का समयबद्ध, प्रभावी और पारदर्शी निवारण सुनिश्चित करने के लिए कई ठोस कदम उठाए हैं। यह जानकारी गुरुवार को राज्यसभा में एक प्रश्न के लिखित उत्तर में केंद्रीय कार्मिक, लोक शिकायत एवं पेंशन राज्यमंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने दी। डॉ. सिंह ने बताया कि केंद्रीकृत लोक शिकायत निवारण और निगरानी प्रणाली (सीपीजीआरएएमएस) के अंतर्गत अप्रैल 2022 में 10-सूत्रीय सुधार योजना लागू की गई। इसके परिणामस्वरूप 2022 से 2025 के बीच कुल 80,36,042 शिकायतों का समाधान किया गया। शिकायतों के समाधान की औसत समयसीमा 2019 के 28 दिनों से घटकर अब 2025 में 16 दिन कर दी गई है। सरकार ने 23 अगस्त 2024 को लोक शिकायतों के प्रभावी समाधान के लिए व्यापक दिशानिर्देश भी जारी किए, जिसमें न केवल समयसीमा को 30 दिन से घटाकर 21 दिन किया गया, बल्कि मंत्रालयों और विभागों में समर्पित शिकायत प्रकोष्ठ और अनुभवी अपीलीय अधिकारियों की नियुक्ति को अनिवार्य बनाया गया। इसके साथ ही एक मजबूत अपील प्रणाली भी तैयार की गई है, जिसके तहत 90 नोडल अपीलीय अधिकारी और 1597 उप-अपील अधिकारी कार्यरत हैं। वर्ष 2022 से 2025 (30 जून तक) में अब तक 7,75,240 अपीलों का समाधान किया जा चुका है। नागरिकों से प्रतिक्रिया लेने के लिए स्थापित फीडबैक कॉल सेंटर ने अब तक 23 लाख से अधिक भी पूरे किए हैं। डॉ. सिंह ने बताया कि ई-गवर्नेंस को सशक्त बनाने के लिए सरकार ने राष्ट्रीय ई-गवर्नेंस (एनईएसडीए) की स्थापना की है, जो राज्यों, केंद्रशासित प्रदेशों और केंद्रीय मंत्रालयों के ई-सेवा प्रदर्शन का मूल्यांकन करती है।

## भाजपा अध्यक्ष ने की शुभेंदु के काफिले पर हमले की निंदा

**नई दिल्ली।** पश्चिम बंगाल के कूचबिहार में मंगलवार को भाजपा नेता शुभेंदु अधिकारी के काफिले पर हमला हुआ और कुछ लोगों ने वाहनों पर पत्थर फेंके। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के अध्यक्ष जे पी नड्डा ने इस घटना की निंदा की है। गुरुवार को अपने एक्स अकाउंट पर जे पी नड्डा ने कहा कि ज्यादा चिंताजनक बात यह है कि यह निर्लज्ज हमला राज्य पुलिस की मौजूदगी में हुआ, जो ममता बनर्जी सरकार में कानून-व्यवस्था की पूरी तरह से ध्वस्त स्थिति का स्पष्ट प्रतिबिंब है। उन्होंने कहा कि यह सिर्फ.एक निर्वाचित प्रतिनिधि पर हमला नहीं था; यह लोकतंत्र पर ही हमला था।



## उत्तर मध्य रेलवे

निविदा सूचना सं0: 4820252026 दिनांकः 05.08.2025

**ई-टेण्डरिंग निविदा सूचना**

मंडल रेल प्रबन्धक/इंजीनियरिंग/उत्तर मध्य रेलवे प्रयागराज द्वारा भारत के राष्ट्रपति के लिये एवं उनकी ओर से निम्नलिखित निर्धारित कार्य के लिये, ई-निविदा निर्धारित प्रपत्र पर दिनांक 29.08.2025 को 13:30 बजे तक आमंत्रित की जाती है। कार्य का विवरण निम्न प्रकार हैः-

| | |
|---|---|
| **निविदा नं.:** 141 | **अनुमानित मूल्य (रु.):** 5,55,65,993.97 |
| **कार्य का विवरणः** सहायक मंडल अभियंता/लाइन/प्रयागराज के अधीन प्रयागराज रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म सं0 9 के लाइन सं0 18 पर बैलास्ट रहित ट्रैक का प्रावधान। | |
| **बयाने की रकम (रु.):** 4,27,800.00 | **कार्य समापन की अवधिः** 12 (बारह) माह |

**निविदा खुलने की तिथिः** 29.08.2025, **सिमिलर वर्क के लिये न्यूनतम वांछनीय आधारः** कोई भी आर0सी0सी0/पी0एस0सी0 का कार्य, **नोटः** 1. ई-निविदा प्रपत्र सभी निविदादाताओं को निशुःल्क निर्गत किये जायेंगे 2. उपर्युक्त ई-निविदा का पूर्ण विवरण निविदा प्रपत्र सहित वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर समय 13:30 बजे तक निविदा खुलने की निर्धारित तिथि 29.08.2025 तक उपलब्ध है। 3. उपर्युक्त निविदा में ई-बिड के अलावा किसी अन्य रूप में बिड स्वीकार नहीं की जायेगी। इस प्रयोजन हेतु वेन्डरों को चाहिये कि वे अपने आपको **I.T. Act-2000** के अन्तर्गत **C.C.A** द्वारा जारी डिजिटल हस्ताक्षर प्रमाण पत्र के साथ **IREPS** की वेबसाइट पर पंजीकृत करायें। 4. निविदा की दरें केवल डिजिटल हस्ताक्षरित फाइनेन्सियल रेट पेज पर ही विचारणीय है। दरें तथा अन्य वित्तीय प्रभार अन्य किसी भी फार्म/लेटर हेड पर यदि संलग्न है, तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा तथा सीधी तौर पर अमान्य कर दिया जायेगा। 5. निविदादाता अपनी निविदा के साथ निर्धारित प्रोफार्मा पर एक प्रमाण-पत्र, जैसा निविदा प्रपत्र में उल्लिखित है, प्रस्तुत करेंगे, जिसके अभाव में उनकी निविदा अविचारणीय होगी तथा निरस्त कर दी जायेगी। 6. माल एवं/अथवा सेवाओं के सप्लायर/ठेकेदार समय-समय पर निर्धारित जी.एस.टी. एक्ट तथा नियमों के अन्तर्गत होंगे। 7. संलग्न किये जाने वाले सभी प्रपत्र निविदाकर्ता द्वारा हस्ताक्षरित होने चाहिये। 8. निविदा सूचना को उत्तर मध्य रेलवे की वेबसाइट **www.ncr.indianrailways.gov.in** पर भी अपलोड कर दिया गया है। 9. बयाने की राशि केवल नेटबैंकिंग अथवा गेटवे भुगतान के रूप में ही स्वीकार की जायेगी। 10. किसी भी प्रकार की तकनीकी समस्या के समाधान के लिये **IREPS** की वेबसाइट की हेल्पलाइन से सम्पर्क किया जा सकता है। 11. ऑनलाइन निविदा निविदा खुलने की तिथि 29.08.2025 को समय 13:30 बजे तक प्रस्तुत की जा सकती है। 12. निविदादाता को जी.सी.सी.-2022 भाग-1 के पैरा 10 से 18 के अनुपालन में उल्लिखित आवश्यक दस्तावेजों को निविदा के साथ अनिवार्य रूप से संलग्न करना है अथवा उनकी निविदा अपूर्ण मानी जायेगी एवं तदनुसार अविचारणीय होगी।

**1397/25 (ADM)**

North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in @CPRONCR

## उत्तर मध्य रेलवे

**ई-प्रापण निविदा सूचना 18/2025 दिनांक 06.08.2025**

**निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से **वरि. मंडल सामग्री प्रबंधक, उ.म.रे., प्रयागराज** निम्नलिखित मदों के लिये ई-प्रापण निविदा आमंत्रित करते हैं।

**विवरणः** सीएनसी टर्निंग लेथ मशीन की आपूर्ति, स्थापना परीक्षण, कमीशनिंग और प्रमाणित परीक्षण (टर्न-की आधार पर) विनिर्देश संख्या एनसीआर-ईएलएस-सीएनबी/सीएनसी-वीटीएल/2024 के अनुसार सीएनसी वर्टिकल।

| निविदा संख्या | मात्रा | ई.एम.डी. | निविदा खुलने की तिथि |
|---|---|---|---|
| 19256651 | 01 नग | ₹4,95,040/- | 10.09.2025 |

**नोटः**- 1. उपरोक्त सभी ई-प्रापण निविदाओं का पूरा विवरण IREPS वेबसाइट **http://www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। 2. उपरोक्त निविदाओं हेतु ई-बिड के अतिरिक्त अन्य किसी भी प्रारूप में बिड स्वीकार नहीं की जायेगी। वेन्डरों को चाहिए कि अपने आपको I.T. Act 2000 के अन्तर्गत CCA द्वारा जारी Class III Digital हस्ताक्षर प्रमाण पत्र के साथ IREPS की वेबसाइट पर पंजीकृत करायें। 3. निविदा की दरें केवल डिजिटल हस्ताक्षरित/फाइनेंसियल रेट पेज पर ही विचारणीय है। दरें तथा अन्य वित्तीय प्रभार अन्य किसी भी फार्म/लेटर हेड पर यदि संलग्न है तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा तथा सीधे तौर पर अमान्य कर दिया जायेगा। 4. संलग्न किये जाने वाले सभी प्रपत्र हस्ताक्षरित होने चाहिए। उपरोक्त निविदा सूचना को उत्तर मध्य रेलवे की वेबसाइट **https://www.ncr.indinrailways.gov.in** पर अपलोड कर दिया गया है। किसी भी प्रकार की तकनीकी समस्या के समाधान के लिये IREPS की वेबसाइट की हेल्पलाइन से सम्पर्क किया जा सकता है।

**1404/25 FA**

North central railways @CPRONCR www.ncr.indianrailways.gov.in

## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 82 CrPC / 84 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता-2023 देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **(1) गुलाब उर्फ जॉनी पुत्र** रमेश **निवासी** गांव असवारपुर, सोनीपत (हरियाणा), **(2) अरुण उर्फ मोटा पुत्र** रघुबीर **निवासी** 1023/12, जनता कॉलोनी, सोनीपत (हरियाणा), ने **FIR No. 232/25 Dt. 29.04.2025 & 243/25 Dt. 03.05.2025, U/S 33/38/58 Delhi Excise Act, पुलिस स्टेशन स्वरुप नगर, दिल्ली,** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उन्होंने किया है) और उन पर जारी किया गया गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त मिल नहीं रहे है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त फरार हो गये है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहे है)

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 232/25 Dt. 29.04.2025 & 243/25 Dt. 03.05.2025, U/S 33/38/58 Delhi Excise Act, पुलिस स्टेशन स्वरुप नगर, दिल्ली,** के उक्त अभियुक्त **(1) गुलाब उर्फ जॉनी (2) अरुण उर्फ मोटा** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **10.10.2025** को या इससे पहले हाज़िर हो।

**आदेशानुसार**
**सुश्री ज्योति नैन**
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी–07, उत्तर, प्रथम तल, कोर्ट नं0–6, रोहिणी कोर्ट, दिल्ली

**DP/10390/ON/2025 (Court Matter)**

## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**(धारा 82 सीआरपीसी/84 भा.न.स.स.देखिए)**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि **इशांत उर्फ इशु**, पुत्र राज कुमार, निवासी- एच-3/65, सेक्टर 16, प्रथम तल, रोहिणी, दिल्ली ने **ई-प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 10082/2024 धारा 379/411 भा.द.स, थाना केएनके मार्ग, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है की किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह कह कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **इशांत उर्फ इशु** मिल नहीं रहा और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **इशांत उर्फ इशु** फ़रार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)। इस लिए इस के द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि उक्त अभियुक्त **इशांत उर्फ इशु, ई-प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 10082/2024 धारा 379/411 भा.द.स, थाना केएनके मार्ग, दिल्ली** न्यायालय के समक्ष या मेरे समक्ष उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **28.11.2025** को या उससे पहले हाजिर हो।

आदेश से
**श्री हिमांशु सहलोथ एलडी**
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी-03
कोर्ट संख्या 213, उत्तर
रोहिणी न्यायालय, दिल्ली

**DP/10305/RD/2025**

## उत्तर रेलवे

**ई–नीलामी हेतु सूचना**

**वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक / मालभाड़ा सेवाएँ, दिल्ली मंडल, उत्तर रेलवे,** के द्वारा रेलवे बोर्ड के पत्र सं. 2022 / टीसी(एफएम) / 10 / 04 दिनांक 13.06.2022 के अनुसार, **दिल्ली मंडल में पार्किंग कम मैनिजमन्ट और स्टाककइंग पार्सल नई दिल्ली** रेलवे स्टेशन (अजमेरी गेट साइड, NE-1) (कुल क्षेत्र 2191.87 वर्ग मीटर) के प्रबंधन और संचालन हेतु आई.आर.ई.पी.एस. पोर्टल में ई–नीलामी मॉड्यूल के माध्यम से बोलियों के द्वारा दो (02) वर्ष के लिये निविदा आमंत्रित की जाती है। जिसका विवरण इस प्रकार है:

| क्रम संख्या | ई–नीलामी के आरम्भ होने की तिथि तथा समय | संसाधन जिनकी नीलामी की जानी है: |
|---|---|---|
| 1. | 20.08.2025 को प्रातः 13:30 बजे | पार्किंग कम मैनिजमन्ट और स्टाककइंग पार्सल नई दिल्ली रेलवे स्टेशन (अजमेरी गेट साइड, NE-1) (कुल क्षेत्र 2191.87 वर्ग मीटर) के प्रबंधन और संचालन हेतु आई.आर.ई.पी.एस. पोर्टल में ई–नीलामी मॉड्यूल के माध्यम से बोलियों के द्वारा दो (02) वर्ष के लिये निविदा आमंत्रित |

**महत्वपूर्ण सूचना:** 1. ई–नीलामी के विभिन्न पहलुओं के बारे में अधिक जानकारी के लिए इच्छुक बोलीदाताओं को **https://www.ireps.gov.in/html/helpdesk/learning_centre.html.** (e-Auction leasing section) पर जाने की सलाह दी जाती है। 2. **धरोहर राशि जमा (ईएमडी):** नीलामी के दौरान कुल संविदात्मक बोली मूल्य का 10% ऑनलाइन जमा किया जाना है। सफल बोलीदाता की ईएमडी सुरक्षा जमा के रूप में रखी जाएगी। 3. रेलवे प्रशासन किसी भी समय इन अनुबंधों को शीघ्र समाप्त करने और / या स्थितियों के आधार पर संशोधित / अतिरिक्त नियमों और शर्तों के साथ इन अनुबंधों को बंद करने / जारी रखने के संबंध में कोई भी निर्णय लेने का पूर्ण अधिकार सुरक्षित रखता है।

**2396/2025**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# ओ.पी. जिन्दल की 95वीं जयंती पर रक्तदान शिविर आयोजित



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्रः** जन सहयोग संस्था, कुरुक्षेत्र द्वारा स्वर्गीय ओ.पी. जिन्दल जी की 95वीं जयंती के अवसर पर विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। आज इस शिविर का आयोजन अग्रवाल धर्मशाला में किया गया। इस विशाल रक्तदान शिविर में पशुपालन विभाग हरियाणा सरकार के चेयरमैन धर्मवीर मिजार्पुर ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। उन्होंने शिविर में में पहुंचकर रक्तदाताओं का हौसला बढ़ाया और उनको रक्तदान करने के लिए बैज लगाकर उनका स्वागत किया। इन रक्तदाताओं को मुख्य अतिथि द्वारा सर्टिफिकेट भी प्रदान किए गए। उन्होंने रक्तदाताओं को संबोधित करते हुए कहा कि बाऊजी ओम प्रकाश जिन्दल की प्रेरणा से उनके 95वें जन्मदिवस पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया है। ऐसे समाजसेवी महापुरुषों के जीवन से हमें जनकल्याण की शिक्षा लेनी चाहिए।

# 'ओ.पी. जिन्दल के दिखाए रास्ते पर चलते हुए समाजसेवा का लें संकल्प'



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्रः** समाजसेवी, कुशल राजनीतिज्ञ और इस्पात जगत के पुरोधा श्री ओ. पी. जिन्दल की 95वीं जयन्ती के अवसर पर जिन्दल हाउस, कुरुक्षेत्र में हवन यज्ञ का आयोजन किया गया। इसमें बतौर मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री सुभाष सुधा ने शिरकत कर यज्ञ में पूर्ण आहुति डाली। कुरुक्षेत्र संसदीय क्षेत्र से आए गणमान्य लोगों ने यज्ञ में आहुतियां दी। पूर्व मंत्री सुभाष सुधा ने कहा कि ओ.पी. जिन्दल जनमानस के दिलों में बसे हुए हैं। उन्होंने राजनीति, समाज सेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य किया है।कुरुक्षेत्र संसदीय क्षेत्र के प्रति उनके दिल में विशेष लगाव था। सांसद नवीन जिन्दल की कार्यशैली पर उनके दिए संस्कारों का ही असर है जो जनता की सेवा के लिए अथक कार्य कर रहे हैं। बाऊ जी की जयंती पर इतने लोगों का इक्ट्ठा होना उनकी लोकप्रियता को ब्यां करता है। इस अवसर जय भगवान शर्मा, सुभाष कलसाना , हरपाल सिंह चीका अध्यक्ष, धर्मवीर सिंह मिजार्पुर पशुधन बोर्ड अध्यक्ष, रवि बतान पूर्व जिला अध्यक्ष, डॉ. ऋषिपाल मथाना, मलकीत ढांडा, पवन गर्ग, गीता शर्मा मेंबर कष्ट निवारण समिति, सुनील कुमार मंडल अध्यक्ष, राममेहर आचार्य, अमरेंद्र सिंह मंडल अध्यक्ष, गुरनाम सिंह सैनी प्रधान सैनी सभा, जितेंद्र सिंह खैरा सरपंच, राजेश मेहला, रामदत्त सैनी, अमित मेहला सरपंच, अमित रोहिल्ला, विनीत क्वात्रा, परमजीत कश्यप उपाध्यक्ष, अनु माल्यान उपाध्यक्ष, रेखा वाल्मीकि, विकास शर्मा जालखेड़ी मंडल अध्यक्ष , जयपाल सिंह पाल चेयरमैन, हरिओम अग्रवाल, सुभाष शर्मा, हरमेश सैनी, जगपाल बनवाला, प्रवीण सैनी सरपंच, बलदेव सरपंच, विनोद गर्ग सदस्य कष्ट निवारण समिति, अनिल गर्ग, खरैती लाल सिंगला।

# फर्नीचर शोरूम में शॉर्ट-सर्किट से लगी आग

**रेवाड़ी।** रेवाड़ी में गुरूवार को एक फर्नीचर शोरूम में शॉर्ट-सर्किट से आग लग गई। आग लगने की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शोरूम में रखे सामान को बाहर निकलवाया। वहीं दमकल विभाग की टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया। पुलिस सूत्रों के अनुसार, गढ़ी बोलनी रोड स्थित फर्नीचर शोरूम में गुरूवार को सुबह धुआं उठता हुआ दिखाई दिया। कर्मचारियों ने धुआं उठता देख तुरंत शोर मचाया। इस दौरान वहां पर काफी भीड़ जमा हो गई और पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने लोगों की मदद से शोरूम में रखे सामान को बाहर निकलवाकर शोरुम को खाली करवाया।

## अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 84 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **मनीष उर्फ बोना उर्फ लंबू, पुत्रः** श्री चंदू उर्फ गुड्डू एवं **बलवा उर्फ बल्ले, पुत्रः** श्री बखतोरी, दोनों का **पताः** झुग्गी 56, महाड़ी मजनू का टीला, थाना – सिविल लाइंस, दिल्ली ने मुकदमा **FIR No. 50/2025, U/s 309(4)/309(6)/351(3)/3(5) भारतीय न्याय संहिता, 2023, थानाः तिमारपुर, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उन्होंने किया है), और उन पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **मनीष उर्फ बोना उर्फ लंबू** एवं **बलवा उर्फ बल्ले** मिल नहीं रहे हैं और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **मनीष उर्फ बोना उर्फ लंबू** एवं **बलवा उर्फ बल्ले** फरार हो गए हैं (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहे हैं)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि मुकदमा **FIR No. 50/2025, U/s 309(4)/309(6)/351(3)/3(5) भारतीय न्याय संहिता, 2023, थानाः तिमारपुर, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **मनीष उर्फ बोना उर्फ लंबू** एवं **बलवा उर्फ बल्ले** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **08.09.2025** को या इससे पहले हाजिर हों।

**आदेशानुसार**
**श्री करणबीर सिंह**
न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी – 02
कमरा नं. 26, तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

**DP/10450/N/2025 (Court Matter)**

## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **सलमान खान, पुत्रः इस्माइल खान, निवासीः ए–868, जेजे कॉलोनी, कैंप नंबर–2, नांगलोई, दिल्ली** ने **FIR No.: 110/21, U/s: 25/54/59 A. Act, पुलिस थाना नांगलोइ, दिल्ली** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **सलमान खान** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **सलमान खान** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **पुलिस थाना नांगलोइ, दिल्ली** के अभियुक्त **सलमान खान** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए **दिनांक 13.10.2025** या इससे पहले हाजिर हो।

**आदेशानुसार**
**सुश्री विजयश्री राठौर**
जेएमएफसी–10, पश्चिम, कमरा नं. – 345,
तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

**DP/10462/OD/2025**

## उत्तर रेलवे

**इलेक्ट्रॉनिक निविदा ई–प्रणाली के अंतर्गत मदों की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रण**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबन्धक, उत्तर रेलवे, नई दिल्ली–110001 द्वारा इच्छुक फर्मों से निम्नलिखित मदों के लिए ई–निविदा आमंत्रित की जाती है:–

| क्र. सं. | निविदा सं. | संक्षिप्त विवरण | मात्रा | अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 09252092 | मॉडिफाइड एलस्टोमेरिक पैड (डिजाइन बी) | 50581 नग | 29.08.2025 |
| 2. | 09252189A | ब्रेक बियर प्लेट ड्राइंग नं० एस के 69597 | 60307 नग | 29.08.2025 |
| 3. | 18251211 | टी 524 एफ रिजर्वेशन / कैंसलेशन फॉर्म | 46502 थाउजेंड | 01.09.2025 |
| 4. | 09252131 | नखल फॉर बी सी एन एच एल | 15822 नग | 03.09.2025 |
| 5. | 09252002A | रोलर बेअरिंग एन यू 311 इ सी जे ऑफ ड्राइविंग | 2135 नग | 04.09.2025 |
| 6. | 77255170 | बलौन एल्युमीनियम पाउडर | 220 एम टी | 08.09.2025 |

**निविदा शर्तें :** 1. विस्तृत जानकारी IREPS वेबसाइट यानि **www.ireps.gov.in** पर देखी जा सकती है। 2. मैनुअल निविदा स्वीकृत नहीं की जाएगी।

**टेंडर नोटिस सं.: 37/2025-2026 दिनांकः 06.08.2025** **2399/2025**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## उत्तर मध्य रेलवे

**खुली निविदा संख्या : JHS-RCNK-M-CAMC-25-26-4R1**

**ई-निविदा सूचना**

मुख्य कारखाना प्रबंधक रेल कोच नवीनीकरण कारखाना, झाँसी द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्य के लिए अनुभवी और इच्छुक ठेकेदारों से ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती है।

| | |
|---|---|
| **कार्य का नाम :** RCNK झाँसी में एम एंड पी के व्यापक वार्षिक रखरखाव अनुबंध (CAMC) का कार्य। | |
| **कार्य की लागत :** Rs. 25,42,40,971.02/- (18% जीएसटी सहित) | |
| **अग्रिम राशि :** Rs. 14,21,200.00/- | **कार्य पूरा होने का समय :** साठ महीने |
| **ऑनलाइन निविदा समापन तिथि एवं समय :** 28.08.2025 समय 11:00 बजे तक | |
| निविदा एवं निविदा प्रारूप के बारे में विस्तृत जानकारी **www.ireps.gov.in** वेबसाइट पर उपलब्ध है। | **1398/25 (AS)** |

North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in @CPRONCR

## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 82 सीआरपीसी देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **मो. इनामुल हक, पुत्रः इराहुल हक,** पताः **मकान नं. 58, जैतपुर एक्सटेंशन-II, नई दिल्ली** ने case **FIR No. 305/2021 U/s 420/406/120B IPC, थानाः चितरंजन पार्क, नई दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है ) और उस पर जारी किये गये गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त **मो. इनामुल हक** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप **ममो. इनामुल हक** फरार हो गया हैं (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है।)

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि case **FIR No. 305/2021 U/s 420/406/120B IPC, थानाः चितरंजन पार्क, नई दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **मो. इनामुल हक** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद / मुकदमा का उत्तर देने के लिए **दिनांक 12.09.2025** को या उससे पूर्व हाज़िर हो।

**आदेशानुसार**
**सुश्री देवांशी जनमेजा**
न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी–04
दक्षिण पूर्व जिला, कोर्ट नं. 10
साकेत कोर्ट परिसर, नई दिल्ली

**DP/10403/SD/2025 (Court Matter)**

## उत्तर मध्य रेलवे

**निविदा सूचना सं. AGC/Br/L/2025-26/03** **दिनांकः** 05.08.2025

**ई–निविदा सूचना**

उप मुख्य इन्जी. / ब्रिज / लाइन / उत्तर मध्य रेलवे, आगरा द्वारा भारत के राष्ट्रपति के लिये एवं उनकी ओर से निम्नलिखित निर्धारित कार्य के लिये ई-निविदाएँ निर्धारित प्रपत्र पर **दिनांक 28.08.2025 को 15.00 बजे** तक आमंत्रित की जाती है। कार्य का विवरण निम्न प्रकार है :-

| | |
|---|---|
| **निविदा नं.: Br-AGC-2025-03** | **अनुमानित मूल्य (₹) :** ₹ 56808616.29 |
| **कार्यो का विवरणः** आगरा फोर्ट-ईदगाह स्टेशनों के बीच किमी 83/5-6 पर पुराने आरओबी की ऊंचाई बढ़ाकर और पुनर्निर्माण करके 2-लेन आरओबी संख्या 157 (वर्तमान में आरओबी संख्या 153) का निर्माण। | |
| **बोली प्रतिभूति ₹ :** ₹ 434100.00 | **कार्य समापन की अवधि :** 12 माह |
| **निविदा खुलने की तिथि :** 28.08.2025 | |
| **सिमिलर वर्क के लिये न्यूनतम वांछनीय आधार :** पाइल या कुएं की नींव पर पुल का निर्माण | |

**नोटः** 1- ई - निविदा प्रपत्र सभी निविदादाताओं को निःशुल्क निर्गत किये जायेंगे। 2- उपरोक्त ई-निविदा का पूर्ण विवरण निविदा प्रपत्र सहित वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर समय 15:00 बजे तक निविदा खुलने की निर्धारित तिथि तक उपलब्ध है। 3- उपर्युक्त निविदा में ई-बिड के अलावा किसी अन्य रूप में बिड स्वीकार नहीं की जायेगी। इस प्रयोजन हेतु वेन्डरों को चाहिये कि वे अपने आपको **I. T. Act-2000** के अन्तर्गत **C. C. A.** द्वारा जारी डिजिटल हस्ताक्षर प्रमाणपत्र के साथ **IREPS** की वेबसाइट पर पंजीकृत करायें। 4- निविदा की दरें केवल डिजिटल हस्ताक्षरित फाइनेन्सियल रेट पेज पर ही विचारणीय हैं। दरें तथा अन्य वित्तीय प्रभार अन्य किसी भी फार्म / लेटरहेड पर यदि संलग्न है तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा तथा सीधी तौर पर अमान्य कर दिया जायेगा। 5- निविदादाता अपनी निविदा के साथ निर्धारित प्रोफार्मा पर प्रमाण-पत्र, जैसा निविदा प्रपत्र में उल्लिखित है, प्रस्तुत करेंगे, जिसके अभाव में उनकी निविदा अविचारणीय होगी तथा निरस्त कर दी जायेगी। 6- माल एवं/ अथवा सेवाओं के सप्लायर / ठेकेदार समय-समय पर निर्धारित जी.एस.टी. एक्ट तथा नियमों के अन्तर्गत होंगे। 7- संलग्न किये जाने वाले सभी प्रपत्र निविदाकर्ता द्वारा हस्ताक्षरित होने चाहिये। 8-निविदा सूचना को उत्तर मध्य रेलवे की वेबसाइट **www.ncr.indianrailways.gov.in** पर भी अपलोड कर दिया गया है। 9- बयाने की राशि केवल नेटबैंकिंग अथवा गेटवे भुगतान के रूप में ही स्वीकार की जायेगी। 10- किसी भी प्रकार की तकनीकी समस्या के समाधान के लिये IREPS की वेबसाइट की हेल्प लाइन से सम्पर्क किया जा सकता है। 11- आनलाइन निविदा निविदा खुलने की निर्धारित तिथि को समय 15:00 बजे तक प्रस्तुत की जा सकती है। 12- निविदादाता को आई.आर.जी.सी.सी. 2022 (वर्क्स मैटर) भाग-I के पैरा 10 से 18 के अनुपालन में उल्लिखित आवश्यक दस्तावेजों को निविदा के साथ अनिवार्य रूप से संलग्न करना है अथवा उनकी निविदा अपूर्ण मानी जायेगी एवं तदनुसार अविचारणीय होगी।

**1399/25(DG)**

North central railways @CPRONCR www.ncr.indianrailways.gov.in

## उत्तर रेलवे

**ई–नीलामी सूचना**

**संख्या 23AC/393/E Auction/Pkg/2025** **दिनांक: 06.08.2025**

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक / यात्री सेवा, उत्तर रेलवे, दिल्ली मंडल, नई दिल्ली द्वारा पार्किंग लॉटस / साइट्स के आवंटन हेतु ई–नीलामी, IREPS पोर्टल **(https://ireps.gov.in/)** पर ई–बोली निम्नलिखित प्रकार से आमंत्रित की जाती हैं।

| ई–कैटलॉग संख्या | ई–नीलामी की तिथि एवं समय | रेलवे स्टेशन/स्थान/पार्किंग लॉट |
|---|---|---|
| Parking-34-2025 | दिनांक 22.08.2025 को 11:00 बजे | मेरठ कैंट (कंकनखेड़ा), दिल्ली (द्वितीय प्रवेश) KG Side (TW parking), बरेटा, मुरादनगर, कुरुक्षेत्र (Site-1), करनाल (375 वर्गमीटर), शाहबाद, मारकंडा, रोहतक (द्वितीय प्रवेश) (साइकिल–स्कूटर), शामली (पी आर एस), नया गाजियाबाद, गाजियाबाद (सिटी साइड), पानीपत (द्वितीय प्रवेश) = 12 कुल साइटें |
| वेबसाइट विवरण जहाँ ई–नीलामी दस्तावेज का पूरा विवरण देखा जा सकता है। | | **https://ireps.gov.in/** |

आईआरईपीएस के माध्यम से आयोजित ई–नीलामी में भाग लेने हेतु निम्नलिखित आवश्यकताओं को पूरा करना अनिवार्य है:

1. इच्छुक बोलीदाताओं को आई आर पी एस (वाणिज्यिक नीलामी मोड्यूल) में ऑनलाइन पंजीकृत करना होगा। पहले से ही अन्य आई आर पी एस खाता रखने वाली संस्थाए भी खुद को वाणिज्यिक नीलामी मोड्यूल के लिए नामांकित करने में सक्षम होगी। 2. एकमुश्त पंजीकरण शुल्क का भुगतान 3. भारतीय स्टेट बैंक में चालु खाता 4. आई आर पी एस खाते के साथ भारतीय स्टेट बैंक के खाते का एकीकरण 5. फण्ड का लियन मार्किंग 6. टर्नओवर का अद्यतनीकरण (updation) 7. जिन ठेकेदारों के पास आईआरपीएस के किसी भी मोड्यूल के लिए आई आर पी एस खाता नहीं है, वे आईआरपीएस होम पेज पर नए विक्रेताओं / ठेकेदारों (ई–निविदा / ई–नीलामी लीजिंग) लिंक पर क्लिक करके पंजीकरण हेतु अपना अनुरोध प्रस्तुत कर सकते है।

| | |
|---|---|
| सम्बंधित जानकारी हेतु रेलवे प्राधिकारी | वरिष्ठ मंडल वाणिज्यिक प्रबंधक / पीएस, डीआरएम कार्यालय, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली 110055 **Email: pkg.delhidivision@gmail.com** Tel: 011-23743084 |

**2395/25**

**वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबंधक/यात्री सेवा, उत्तर रेलवे, दिल्ली मंडल, नई दिल्ली**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# क्लासीफाइड

## टूर एण्ड ट्रैवल्स

**कैनेडा–ऑस्ट्रेलिया** फ्री वीजा, रहना, खाना, 2 साल का वर्क परमिट। कमाएं 3 लाख महीना। कोई पैसा ना वीजा से पहले ना बाद में। चाहिए हेल्पर, कारपेंटर, मेसन, वैल्डर, प्लम्बर, ड्राइवर, ऑपरेटर, स्टोरकीपर, वेटर, सुपरवाईजर, मैनेजर, कुक इत्यादि। सरकारी रजिस्टर्ड कंपनी से ही अप्लाई करें।
**फोन : 73476708**

**वर्क वीजा** कैनेडा, ऑस्ट्रेलिया, कंस्ट्रक्शन/स्टोर/आईटी कंपनियों में जरूरत : स्टोर कीपर, कम्प्यूटर आपरेटर, फूड पैकर, ड्राईवर, इलेक्ट्रीशियन, प्लम्बर, सिक्योरिटी, गार्ड, वेटर, कुक, नो एडवांस, रहना, खाना, टिकट, बीमा फ्री। एजेंट्स वैलकम। **रूद्राश 9815119633, 9855577523**

**कैनेडा–ऑस्ट्रेलिया** 3 साल का वीजा, फ्री रहना, खाना और टिकट कम्पनी देगी। सैलरी 2 से 3 लाख महीना। हैल्पर, कारपेन्टर, मैसन, प्लम्बर, ड्राईवर, कुक, वेटर, आपरेटर, सुपरवाईजर इत्यादि चाहिये। रजिस्टर्ड कम्पनी से ही अप्लाई करें।
**फोन : 7087033731**

**कनाडा, ऑस्ट्रेलिया,** दुबई, कुवैत, सऊदी, रशिया, सिंगापुर, में पढ़े–लिखे और अनपढ़ कारीगरों और हैल्पर की भारी जरूरत। वीजा के पैसे सैलरी से कटवाएं।
फोन : 7710404041

## खोया-पाया

मैं श्वेता पाठक, पुत्री श्री प्रशांत कुमार शर्मा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0122362 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

## बेदखली सूचना

**मैं** सुरेश पुत्र संजय सिंह बी1, तिलक नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र रमेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम महिमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## बेदखली सूचना

**मैं** महेश कुमार पुत्र शनि सिंह बी1, मंगोलपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र महेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम सीमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू सीमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है।

## बेदखली सूचना

**मैं** सतीश शाह पुत्र मनीष शाह सी2 , पटेल नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र संचित शाह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम मनोरमा शाह है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू मनोरमा शाह दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## PUBLIC NOTICE

**General Public is hereby informed that my clients Sh. Lakhinder S/o Late Sh. Ram Brij & Smt. Kanti Devi W/o Sh. Lakhinder R/o G-110, Punjabi Colony, Narela, Mamoor Pur, Narela, North West, Delhi-110040 have severed all their relationship and disowned their son Rahul, daughter-in-law Jyoti and grand-daughter Siya and all of them are debarred from inheriting any of moveable and immovable properties of my clients. That my clients are not responsible in any manner of any acts, deeds and conduct of their son Rahul, daughter-in-law Jyoti and grand-daughter Siya.**

**Deepak Kumar Chopra**
**Advocate**

## बेदखली सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल श्री उदय प्रदाप पुत्र स्व. श्री मजोल लाल व चंदा पत्नी श्री मजोल लाल, निवासी-नंगली जालिब, जनकपुरी, बी-1 ब्लॉक , नई दिल्ली-58 के पुत्र राधेश्याम व उसकी पत्नी रमावती को उनके व्यवहार ठीक नहीं होने के कारण दिनांक 16-01-2015 को बेदखल कर दिया था लेकिन अब उनके व्यवहार मेरे मुवक्किल के प्रति अच्छे हो गये हैं। अब उनसे अपने सभी प्रकार के संबंध अपना लिए हैं तथा अब उपरोक्त दोनों उनके समस्त चल व अचल सम्पत्ति में हकदार होंगे और भविष्य में अब दोनों मेरे मुवक्किल के साथ रहेगें। अब उन दोनों से मेरे मुवक्किल को कोई शिकायत नहीं है।

## बेदखली सूचना

मैं राधा सचदेवा, पुत्री श्री संजय सचदेवा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0224532 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

# स्वास्थ्य सेवाओं में गोहाना अस्पताल को सर्वश्रेष्ठ बनाएंगे: डॉ अरविंद शर्मा

**जायजा**

: उपमंडल नागरिक अस्पताल का कैबिनेट मंत्री ने किया दौरा, व्यवस्थाओं का लिया जायजा



**टीम एक्शन इंडिया**
**गोहाना,बलराम**

सहकारिता, कारागार, निर्वाचन, विरासत व पर्यटन मंत्री डॉ अरविंद शर्मा ने उपमंडल नागरिक अस्पताल, गोहाना का औचक निरीक्षण करते हुए व्यवस्थाएं जांची। उन्होंने स्वास्थ्य सेवाओं में बेहतर सुधार के लिए स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव से भी बात करते हुए नई अल्ट्रासाउंड मशीन लगाने, अल्ट्रासाउंड रेडियोलॉजिस्ट की व्यवस्था करने व पैथालॉजी से संबंधित सामान की नियमित आपूर्ति को लेकर चर्चा की। स्वास्थ्य मंत्री ने भरोसा दिलाया कि शीघ्र गोहाना अस्पताल की स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत किया जाएगा।

वीरवार को सहकारिता मंत्री डॉ अरविंद शर्मा ने बरोदा रोड स्थित उपमंडल नागरिक अस्पताल का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अस्पताल की फामेर्सी, आपातकालीन सेवाओं व ओपीडी का दौरा करते हुए व्यवस्थाओं का जायजा लिया। कैबिनेट मंत्री डॉ अरविंद शर्मा ने एसएमओ डॉ संजय छिक्कारा को निर्देश दिए कि वो चिकित्सकों की पूरी टीम, नर्सिंग स्टाफ व अन्य सभी के कर्मचारियों के साथ मिलकर काम करें तथा गोहाना अस्पताल की स्वास्थ्य सेवाओं को प्रदेश में सर्वश्रेष्ठ बनाएं। कैबिनेट मंत्री डॉ अरविंद शर्मा ने एसएमओ से विभिन्न विषयों पर जानकारी ली। इस दौरान पता चला कि गोहाना अस्पताल की पुरानी अल्ट्रासाउंड मशीन खराब है और अल्ट्रासाउंड रेडियोलॉजिस्ट की उपलब्धता नहीं है। इसी प्रकार पैथालॉजी में भी विभिन्न श्रेणी के सामान की आपूर्ति अनियमित है। इसके बाद डॉ अरविंद शर्मा ने स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव से फोन पर बात की तथा गोहाना में शीघ्र एक अल्ट्रासाउंड मशीन उपलब्ध करवाने, एक अल्ट्रासाउंड रेडियोलॉजिस्ट नियमित या अतिरिक्त प्रभार के साथ भेजने पर जोर दिया।

यही नहीं पैथालॉजी में सामान की निर्बाध आपूर्ति को लेकर भी चर्चा की। इसपर स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव ने तीनों विषयों के जल्द समाधान का भरोसा दिया। गोहाना अस्पताल में मरीजों को एक्सरे मशीन के डिजिटल प्रिंट नहीं मिलने के पीछे कम्प्यूटर व यूपीएस की कमी सामने आई तो कैबिनेट मंत्री डॉ अरविंद शर्मा ने तुरंत प्रभाव से कम्प्यूटर व यूपीएस अपने कोटे से देने की घोषणा कर दी। उन्होंने सिविल सर्जन डॉ ज्योत्स्ना को भी निर्देश दिए कि गोहाना अस्पताल में दवाइयों की कमी न होने दी जाए और वह खुद अस्पताल का नियमित तौर पर निरीक्षण करें, ताकि गोहाना में मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध हों।

## अमृत योजना-2 के तहत जलापूर्ति परियोजना का कृषि मंत्री राणा ने किया शुभारम्भ

**नवीनीकरण**

इस मौके पर नगरपालिका चेयरमैन रजनीश मेहता भी विशेष रूप से मौजूद रहे।



**टीम एक्शन इंडिया**
**रादौर, 7 अगस्त (कुलदीप सैनी)** : जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग द्वारा वीरवार को शहर में अमृत योजना - 2 के तहत जलापूर्ति के नवीनीकरण एवं उन्नयन कार्य का विधिवत शुभारंभ हरियाणा के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा ने नारियल तोड़कर किया। इस मौके पर उनके साथ नगरपालिका चेयरमैन रजनीश मेहता भी विशेष रूप से मौजूद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता विभाग के एसडीओ रवि नायक ने की। शुभारम्भ के बाद पत्रकारों से बातचीत में मंत्री श्याम सिंह राणा ने जानकारी देते हुए बताया कि यह परियोजना लगभग 9 करोड़ रुपये की लागत से पूरी की जाएगी, जिसके अंतर्गत शेष बची हुई गलियों में भी पेयजल पाइपलाइन बिछाई जाएगी। उन्होंने कहा कि इस परियोजना के पूर्ण होने पर रादौर के नागरिकों को स्वच्छ और सुचारू पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित की जा सकेगी। साथ ही, मंत्री राणा ने शहर की स्वच्छता पर भी जोर देते हुए कहा कि रादौर को स्वच्छता के मामले में प्रदेश में नंबर एक बनाना लक्ष्य है।

इसके लिए सभी सरकारी दफ्तरों में सफाई व्यवस्था सुदृढ़ करने के निर्देश अधिकारियों को दिए जाएंगे।

एसडीओ रवि नायक ने बताया कि योजना के तहत जहां पर अभी तक पीने के पानी की पाइप लाइन नहीं दबाई गई वहां पर नई पाइप लाइन दबाई जाएगी। वहीं 10 साल से अधिक पुरानी लाइनों को भी बदला जाएगा। ताकि अशुद्ध पानी सप्लाई की शिकायतो को रोका जा सके। इसके अलावा टयूबवैल चेंबरो की मरम्मत व नये चेंबरो का निर्माण भी करवाया जाएगा। इस मौके पर पूर्व विधायक ईश्वर सिंह पलाका पार्षद भगवत दयाल, विनीश राणा, श्रीकांत मोंटी, चरणजीत सिंह मोनू, रणजीत सिंह, सुदेश सैनी, देवेंद्र सैनी, ऋषिपाल, अंशुल सैनी, रवि कुमार, गुरमुख सिंह ,राजकुमार, वासुदेव इत्यादि मौजूद रहे।

## पुलिस ने नष्ट किए 856 किलो नशीले पदार्थ




**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** जिला रेंज की ड्रग डिस्पोजल कमेटी ने एनडीपीएस एक्ट के तहत जब्त किए भारी मात्रा में मादक पदार्थों को गुरुवार को नष्ट कर दिया। नशीले पदार्थों की यह कार्रवाई अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक करनाल मंडल डॉ. एम. रवि किरण के निर्देशों पर उनकी अध्यक्षता में की गई। कमेटी ने तीन जिलों करनाल, कैथल और पानीपत से जब्त कुल 856 किलो से ज्यादा प्रतिबंधित नशीले पदार्थों, हजारों कैप्सूल और गोलियों को वेस्टेज फैक्ट्री, गांव बजीदा जाटान में नियमों के तहत नष्ट किया। यह कार्रवाई कोर्ट से फैसला शुदा मामलों में पकड़े गए नशे के माल पर की गई। करनाल एसपी गंगाराम पुनिया, कैथल एसपी आस्था मोदी और पानीपत से सहायक पुलिस अधीक्षक कांची सिंघल की निगरानी में ड्रग डिस्पोजल कमेटी ने यह प्रक्रिया पूरी की। कमेटी के सदस्यों ने हर जिले से अलग-अलग मामलों में जब्त मादक पदार्थों का लेखा-जोखा तैयार किया और तय प्रक्रिया के तहत उन्हें नष्ट किया।

जिला पुलिस द्वारा एनडीपीएस एक्ट के तहत दर्ज 106 मामलों में जब्त 262.442 किलोग्राम मादक पदार्थों को नष्ट किया गया। इनमें 5067 नशीले कैप्सूल और 16655 गोलियां भी शामिल थी। इसमें चुरा पोस्त, गांजा, चरस, स्मैक, सुल्फा, सीरप, कैप्सूल, गोलियां, कैंफर, अफीम मिक्सचर, इन टॉक्सिन पाउडर और हेरोइन जैसे पदार्थ थे।पानीपत जिले में एनडीपीएस एक्ट के तहत दर्ज 41 मामलों से जब्त 66.429 किलोग्राम मादक पदार्थ और 11 कैप्सूल नष्ट किए गए। वहीं कैथल पुलिस द्वारा दर्ज 96 मामलों में जब्त 527.857 किलोग्राम नशीले पदार्थों को निपटाया गया।

ड्रग डिस्पोजल कमेटी की पूरी कार्रवाई अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक डॉ. एम रवि किरण की निगरानी में की गई। उन्होंने कहा कि नशा समाज को खोखला कर रहा है और ऐसे मामलों में पकड़े गए माल को नियमानुसार नष्ट करना पुलिस की प्राथमिकता है। सभी प्रक्रिया कोर्ट के आदेशों और एनडीपीएस अधिनियम के तहत पूरी की गई। वेस्टेज फैक्ट्री में सभी सुरक्षा व पर्यावरणीय मानकों का पालन भी किया गया।

## पूर्व मंत्री स्व. ओ.पी. जिंदल की पुण्यतिथि पर किया पौधारोपण

**रादौर, 7 अगस्त (कुलदीप सैनी)** हरियाणा सरकार में पूर्व मंत्री स्व. ओ.पी. जिंदल की 95वीं जयंती के अवसर पर गांव खेड़ी लक्खासिंह में पौधारोपण अभियान चलाया गया। जिसके तहत ग्रामीणों ने भाजपा जिला उपाध्यक्ष हैप्पी खेड़ी व जिला कार्यकारिणी सदस्य महेंद्र चानना के नेतृत्व में छायादार व फलदार पौधे लगाकर स्व. ओपी जिंदल को श्रद्धांजलि दी। इस मौके पर हैप्पी खेड़ी व महेंद्र चानना ने कहा कि ओपी जिंदल प्रदेश की राजनीति के पुरोधा रहे है। उन्होंने हमेशा राजनीति को समाजसेवा का माध्यम माना और समाजसेवा के तौर पर ही जनता के दिलों में रहे। आज भी प्रदेश के लोग उन्हें इसी कारण याद करते है। उनके पदचिन्हों पर चलते हुए आज उनके पुत्र सांसद नवीन जिंदल क्षेत्र के लोगों की सेवा कर रहे है। इस मौके पर नर सिंह, इंद्रपाल, पवन मुंजाल, पवन, रोहित, सुरजन इत्यादि मौजूद रहे।

## मलिकपुर खादर गांव में रात 2:30 बजे बिजली विभाग की छापेमारी



**टीम एक्शन इंडिया**
**यमुनानगर,धर्मबीर-**
यमुनानगर के प्रतापनगर बिजली डिवीजन की टीम ने सोमवार देर रात छछरौली उपमंडल के गांव मलिकपुर खादर में छापेमारी कर बिजली चोरी के 13 मामलों का भंडाफोड़ किया। इस कार्रवाई का नेतृत्व एसडीओ सुखविंदर सिंह ने किया, जिनके साथ विभाग के लगभग 16 कर्मचारी मौजूद थे। टीम रात करीब 2:30 बजे गांव पहुंची और एक ही मोहल्ले में छापा मारा। टीम के गांव में पहुंचते ही बिजली चोरी करने वालों में हड़कंप मच गया। लेकिन कर्मचारियों की संख्या और योजनाबद्ध कार्रवाई के चलते सभी आरोपियों को काबू में कर लिया गया।

बिजली विभाग से मिली जानकारी के मुताबिक गांव के एक ही मोहल्ले के 13 घरों में अवैध रूप से कटिया डालकर बिजली चोरी की जा रही थी। कई घरों में दो-दो एसी भी लगाए गए थे, जो चोरी की बिजली से चल रहे थे। टीम ने सभी घरों पर एक साथ धावा बोलकर बिजली चोरी को पकड़ा और पूरे अभियान की वीडियोग्राफी भी करवाई। विभाग को मलिकपुर खादर गांव में लंबे समय से बिजली चोरी की शिकायतें मिल रही थीं। कई घरों में भारी बिजली खपत वाले उपकरण होने के बावजूद बिल बहुत कम आ रहे थे, जिससे विभाग को शक हुआ।

**न्यूज फ्लैश**

## जेएमआईटी कॉलेज में रोजगारोन्मुखी कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**रादौर, 7 अगस्त (कुलदीप सैनी)** : जेएमआईटी कॉलेज में आईसीसीटी अकादमी और इंफोसिस फाउंडेशन के सहयोग से रोजगारोन्मुखी कार्यक्रम का आयोजन किया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों को बेहतर संचार कौशल और नवीनतम तकनीकी ज्ञान प्रदान कर उद्योग के अनुरूप तैयार करना था। कार्यक्रम का आयोजन दो चरणों में किया गया। पहले चरण में प्रशिक्षक सुश्री नेहा ने सॉफ्ट स्किल्स प्रशिक्षण के तहत संवाद कौशल, टीम वर्क और पेशेवर तैयारी पर जोर दिया।

## शिव शंकर सबके कष्ट हरते हैं, सच्चे दिल से याद करें: कपिल




**टीम एक्शन इंडिया**
**समालखाः (संजय नरवाल)**
हर हर शंभु,ॐ नमः शिवाय के नाम की गूंज। एक तरफ साधु संतों का जमावड़ा,एक तरफ देसी रागनी तो दुसरी तरफ मिलने वालों का तांता। शिव मंदिर की घंटियों से भगती मय हुआ देहरा गांव।गांव के सरपंच कपिल ने कहा कि अगर सच्चे दिल से शिव को याद करेंगें तो सबके कष्ट हरते हैं शिव शंकर। कपिल ने बताया की ये सावन के महीने में कभी भी शिव भंडारा किया जा सकता है, मन में श्रद्धा होनी चाहिए। किसान नेता सोनू मालपुर ने कहा कि ये भंडारा नहीं भगती का अटूट संगम है। सभी को इसमें स्नान कर लेना चाहिए। मास्टर हरपाल ने कहा कि इस बहाने यारे प्यारों से मिलन हो गया। मास्टर अजमेर पावटी ने कहा कि आधुनिक जमाने में अपनी संस्कृति को भूलते जा रहे हैं इसलिए देसी रागनी भी सुननी सुनानी जरूरी हैं।इस अवसर पर राजू देहरा, मास्टर अजमेर पावटी, सोनू मालपुर परिवार के सम्मानित लोगों के सैंकड़ों लोग उपस्थित रहे।

## जनसंपर्क विभाग की भजन मंडली ने गांव बरोट में किया प्रचार

**सराहना**

गांव बरोट के बुजुर्गो ने पेंशन खातों में आने, हैप्पी कार्ड योजना पर सरकार की सराहना की



**टीम एक्शन इंडिया**
**लाडवा, 7 अगस्त (विजय कौशिक)** : जिला सूचना एवं जनसंपर्क विभाग कुरुक्षेत्र की भजन मंडली ने लाडवा विधानसभा के गांव बरोट में प्रदेश सरकार की विभिन्न योजनाओं को ग्रामीण तक पहुंचाया। उन्होंने भजनों के माध्यम से सरकार का गुणगान किया और योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। साथ ही ग्रामीणों को योजनाओं का लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया। लीडर भजन मंडली जगदीश चंद्र ने कहा कि सरकार की तरफ से आमजन के लिए अनेक जनकल्याणकारी योजनाएं चलाई हुई हैं। इन योजनाओं का उनकी टीम मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की लाडवा विधानसभा के गांव-गांव जाकर प्रचार कर रही है, ताकि सरकार ने जिन लोगों के लिए इन योजनाओं को तैयार किया है उन तक स्कीमों लाभ पहुंच सके। उन्होंने बताया कि मौजूदा समय में सरकार द्वारा प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना चलाई जा रही है। इस योजना के तहत 1.80 लाख से कम आय वाले परिवारों को दो किलोवाट का सोलर पैनल दिया जा रहा है। इसका पूरा खर्च केंद्र व प्रदेश सरकार की ओर से उठाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा हर घर नल और हर नल में जल की योजना चलाते हुए पीने का शुद्ध पानी पहुंचाया जा रहा है। जो परिवार इस योजना से वंचित है वो जनस्वास्थ्य विभाग के कार्यालय में जाकर अपने घर पर नल लगवा सकते हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी नशा को प्रदेश से खत्म करने को लेकर काफी गंभीर हैं। युवाओं को नशा से बचाने के लिए खेल व अन्य कई प्रकार की योजनाएं चलाई जा रही है। साथ ही बिजली खर्ची पर्ची योग्यता के आधार पर नौकरी दी जा रही है। भजन मंडली के सदस्य शीश राम व राजेंद्र ने भी भजनों के माध्यम से अपनी प्रस्तुति दी। गांव बरोट के बुजुर्ग जनों ने भजन मंडली के सामने सरकार की प्रशंसा करते हुए कहा कि उनके खातों में पेंशन का सीधा पैसा आने से काफी लाभ हुआ है। जिसको को पूरा प्रयोग कर पा रहे हैं। ये सरकार का काफी सराहनीय कदम है। इसी तरह हेप्पी कार्ड पर वो अपने रिश्तेदारों के पास फ्री में जा पा रहे हैं। किसानों ने कहा कि अब किसानों को मंडियों में पूरा पैसा ना मिलने पर भावांतर भरपाई योजना के तहत सरकार की तरफ से सहयोग मिल रहा है। अब उन्हें अपनी फसलों को सडकों पर बेकार में नहीं फेंकना पड़ता है।

: गाँव बरोट मे सरकार की योजनाओं का प्रचार करते जिला सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के सदस्य।

## हर घर तिरंगा अभियान- एक उत्सव, लोगों की भागीदारी की जाए सुनिश्चित: सेतिया



**टीम एक्शन इंडिया**
**लाडवा, 7 अगस्त (विजय कौशिक):** उपमंडल अधिकारी पंकज सेतिया ने कहा कि अपने घरों पर राष्ट्रीय ध्वज फहराने और तिरंगे के साथ व्यक्तिगत और भावनात्मक संबंधों को और मजबूत बनाने के लिए केन्द्र सरकार द्वारा आजादी का अमृत महोत्सव की श्रृंखला में लगातार चौथे वर्ष ह्यहर घर तिरंगाह्ल अभियान मनाया जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर ह्यहर घर तिरंगाह्ल अभियान 15 अगस्त 79 वें स्वतंत्रता दिवस तक तीन चरणों में चलेगा। पहला चरण 8 अगस्त तक, दूसरा चरण 9 से 12 अगस्त तक तथा तीसरा चरण 13 से 15 अगस्त तक आयोजित किया जाएगा।

उन्होंने तिरंगा अभियान के सफल आयोजन को लेकर उपमंडल अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे भारत सरकार की ओर से जारी शेड्यूल के अनुसार अपने-अपने विभाग से संबंधित गतिविधियों में ज्यादा से ज्यादा स्कूली बच्चों तथा आम आदमियों की भागीदारी सुनिश्चित करें। हर घर तिरंगा अभियान एक उत्सव के समान मनाया जाए। उन्होंने बताया कि स्वतंत्रता और देशभक्ति की भावना को स्मरण करने के लिए ह्यहर घर तिरंगाह्ल अभियान के तहत कई कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि हर घर तिरंगा पहल का उद्देश्य नागरिकों में देशभक्ति की गहरी भावना जगाना, राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान को बढ़ावा देना और राष्ट्रीय प्रतीकों के बारे में जागरूकता को बढ़ावा देना है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को अभियान अवधि के दौरान ध्वजारोहण समारोह आयोजित करने और सरकारी भवनों, शैक्षणिक संस्थानों, कार्यालयों और प्रमुख सार्वजनिक बुनियादी ढांचों पर रोशनी करने के निर्देश दिए। उपमंडल अधिकारी पंकज सेतिया ने सभी सरकारी अधिकारियों और कर्मचारियों से अपने-अपने कार्यालयों में तिरंगा फहराने की अपील की और आम जनता और विद्यार्थियों को अपने घरों और स्कूलों में गर्व से राष्ट्रीय ध्वज फहराने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने सभी से इस अभियान को पूरे जोश, उत्साह और राष्ट्रीय भावना के साथ मनाने का आग्रह किया।

**जानिए झंडा फहराने के सही नियम**

देशभक्ति का प्रतीक राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा जब आप अपने घर, स्कूल या दफ्तर पर फहराएं तो इन नियमों का ध्यान जरूर रखें। राष्ट्रीय ध्वज सूर्योदय से सूर्यास्त तक फहराएं और बाद में सम्मान पूर्वक उतारें। रात में केवल विशेष परिस्थितियों में ही राष्ट्रीय ध्वज फहराया जा सकता है। फटा या आधा झुका झंडा लगाना सख्त मना है। झंडे को कभी फेंकें नहीं, तह लगाकर सुरक्षित रखें। सम्मान से तिरंगा लहराए, गर्व से सिर उठाएं। निजी घरों और प्रतिष्ठानों पर 12 से 15 अगस्त तक फहराए गए तिरंगे को सम्मानपूर्वक उतारकर सुरक्षित स्थान पर रखें।

## गांव जगूड़ी के पास स्थित एक डेरे में एनआईए की रेड

**टीम एक्शन इंडिया**
**रादौर, 7 अगस्त (कुलदीप सैनी)** : लोगों को अवैध रूप से विदेश भेजने की शिकायत पर एनआईए की टीम क्षेत्र के गांव जगूडी के पास स्थित एक डेरे में पहुंची। इंस्पेक्टर कुलदीप सिंह की अगुवाई में पहुंची पांच सदस्यीय टीम ने गांव जगूड़ी निवासी जयकुमार के घर पर रेड की। रेड की सूचना जब विदेश भेजने का कार्य करने वाले लोगों को लगी तो उनमें भी हड़कंप मच गया। जांच के बाद टीम जयकुमार के घर से एक मोबाइल फोन व डायरी अपने साथ लेकर गई।

**उत्तर रेलवे**

**खुली निविदा सूचना**

पत्र संख्या. 128-डब्लू/280/निविदा सूचना/25-26/डब्लू– I (NIT-23) दिनांक:06.08.2025

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मंडल अभियंता / प्रथम, उत्तर रेलवे, नई दिल्ली द्वारा निम्न कार्य के लिए ई–टेंडर के माध्यम से निविदाएं आमंत्रित की जाती है।

| | |
|---|---|
| कार्य का नाम | सहायक मंडल अभियंता/करनाल के अधीन NRW-KKDE अनुभाग पर Km.4/7-8 पर रेलवे ट्रैक के नीचे 1x1000 मिमी व्यास केसिंग पाइप के माध्यम से 1x800 मिमी व्यास की न drainage/सीवरेज पाइपलाइन को पार करना, नरवाना-गुर्थुरी के बीच NRW-KKDEअनुभाग पर। |
| अनुमानित लागत | रु. 4959160.52 / – |
| धरोहर राशि | रु. 99200 / – (यह नेट बैंकिंग या केवल भुगतान gatway के रूप में होना चाहिए। नोट : एफ.डी.आर. या डिमांड ड्राफ्ट के रूप में ई.एम.डी स्वीकार नहीं की जाएगी। (रेलवे बोर्ड के पत्र संख्या 2015/सीई-1/सीटी/5/1 दिनांक 31.08.2016) के अनुसार आई.आर.ई.पी.एस. पर आमंत्रित निविदा के लिए। |
| समापन अवधि | 12 महीने |
| ई–निविदा खोलने और प्रस्तुत करने के लिए दिनांक और समय | 29.08.2025 को 15:00 बजे तक प्रस्तुत करने तथा निविदा खुलने का समय दिनांक 29.08.2025 को 15:00 बजे। |
| निविदा की वेब साइट जहां निविदा प्रपत्र खरीदा जा सकता है | www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। |

नोट:- शपथ पत्र संलग्नक XXIV अनिवार्य रूप के रूप में निविदा शर्तों के साथ संलग्न नए प्रारूप में प्रस्तुत किया जाना चाहिए। और सभी संलग्न दस्तावेज निविदाकर्ता द्वारा स्वयं सत्यापित किया जाना चाहिए। 2405/25

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**उत्तर रेलवे**

**निविदा सूचना**
**(ई–टेंडरिंग द्वारा)**

| | |
|---|---|
| कार्य का नाम तथा स्थान | दिल्ली डिवीजन के रोहतक–गढ़ी सेक्शन के स्टेशनों में यूटीएस / पीआरएस और अन्य संबद्ध दूरसंचार उपकरणों का प्रावधान। |
| कार्य की अनुमानित लागत (रू) | Rs. 47,83,191.09 / – मात्र |
| धरोहर राशि (रू) | Rs. 95,700.00/- |
| कार्यालय का पता | वरिष्ठ मंडल संकेत एवं दूरसंचार अभियंता–C, तृतीय तल, संकेत एवं दूरसंचार ब्रांच, मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली–110055 |
| निविदा प्रपत्र जमा करने तथा निविदा खुलने का दिनांक तथा समय। | निविदा प्रपत्र जमा अपलोड करने का समय दिनांक 29.08.2025 15:00 बजे तक |
| वेब साइट एवं नोटिस बोर्ड का स्थान जहां से विस्तृत जानकारी प्राप्त की जा सकती है | उत्तर रेलवे की वेब साइट www.ireps.gov.in पर देखें या देखे नोटिस बोर्ड, तृतीय तल, संकेत एवं दूरसंचार ब्रांच, मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली–110055 |

निविदा संख्या: 558-सिग्नल-16-टेली-ओपनटेंडर-1019 दिनांक: 07.08.2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 2415/25

**उत्तर मध्य रेलवे**

**ई-प्रापण निविदा सूचना 17/2025 दिनांक 04.08.2025**

**निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से **वरि. मंडल सामग्री प्रबंधक, उ.म.रे., प्रयागराज** निम्नलिखित मदों के लिये ई-प्रापण निविदा आमंत्रित करते हैं।

| निविदा संख्या | विवरण | मात्रा | ई.एम.डी. | निविदा खुलने की तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 19256970 | सेफ्टी फुटवियर | 12864 नम्बर | ₹ 1,77,210/- | 02.09.2025 |

नोटः- 1. उपरोक्त सभी ई-प्रापण निविदाओं का पूरा विवरण IREPS वेबसाइट http://www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। 2. उपरोक्त निविदाओं हेतु ई-बिड के अतिरिक्त अन्य किसी भी प्रारूप में बिड स्वीकार नहीं की जायेगी। वेन्डरों को चाहिए कि अपने आपको I.T. Act 2000 के अन्तर्गत CCA द्वारा जारी Class III Digital हस्ताक्षर प्रमाण पत्र के साथ IREPS की वेबसाइट पर पंजीकृत करायें। 3. निविदा की दरें केवल डिजिटल हस्ताक्षरित/फाइनेंसियल रेट पेज पर ही विचारणीय है। दरें तथा अन्य वित्तीय प्रभार अन्य किसी भी फार्म/लेटर हेड पर यदि संलग्न है तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा तथा सीधे तौर पर अमान्य कर दिया जायेगा। 4. संलग्न किये जाने वाले सभी प्रपत्र हस्ताक्षरित होने चाहिए। उपरोक्त निविदा सूचना को उत्तर मध्य रेलवे की वेबसाइट https://www.ncr.indinrailways.gov.in पर अपलोड कर दिया गया है। किसी भी प्रकार की तकनीकी समस्या के समाधान के लिये IREPS की वेबसाइट की हेल्पलाइन से सम्पर्क किया जा सकता है। 1396/25 FA

North central railways @CPRONCR www.ncr.indianrailways.gov.in

ACTION INDIA
नई दिल्ली, 08 अगस्त 2025
दैनिक एक्शन इंडिया
www.actionindialive.com

# संपादकीय

## मोबाइल खेल की हार, जीवन की हार क्यों बनी?

**मोबाइल** खेलों की बढ़ती लत बच्चों के मानसिक स्वास्थ्य पर गंभीर प्रभाव डाल रही है। इंदौर में एक तेरह वर्षीय बालक ने ह्लफ्री फायरह्व खेल में 3000 रुपये हारने के बाद आत्महत्या कर ली, जो बताता है कि आज की पीढ़ी में हार सहने की क्षमता घटती जा रही है। यह केवल एक खेल की हार नहीं, बल्कि संवादहीनता, अभिभावकों की अनदेखी और भावनात्मक असुरक्षा की परतें खोलती है। बच्चों को तकनीकी उपकरणों से पहले भावनात्मक समर्थन, शिक्षा तंत्र में मानसिक स्वास्थ्य और परिवार में संवाद की जरूरत है। हार को जीवन की समाप्ति नहीं, सीख बनने देना होगा। जिस उम्र में बच्चों के हाथों में किताबें, आँखों में सपने और जीवन में उमंग होनी चाहिए, उस उम्र में इंदौर के एक तेरह वर्षीय बालक ने आत्महत्या कर ली। कारण -एक मोबाइल खेल ह्लफ्री फायरह्व में तीन हजार रुपये हार जाना। यह घटना केवल एक बालक की मृत्यु नहीं, बल्कि समाज की चुप्पी, माता-पिता की अनभिज्ञता और डिजिटल अंधकार की सच्चाई है। यह बालक सातवीं कक्षा का विद्यार्थी था। एक दिन पहले ही उसका जन्मदिन मनाया गया था। घर में मिठाई की खुशबू, गुब्बारों की चमक और मासूम हँसी की गूँज बाकी थी। लेकिन अगले ही दिन उसने अपने ही घर में फाँसी लगाकर जीवन समाप्त कर लिया। क्यों? क्योंकि उसने एक मोबाइल खेल में तीन हजार रुपये गँवा दिए थे, जो उसने अपनी माँ के बैंक खाते से ऑनलाइन निकाल कर खर्च किए थे। इस घटना ने बहुत गहरे सवाल खड़े किए हैं- क्या मोबाइल खेल केवल मनोरंजन हैं या वे हमारे बच्चों की मानसिक शांति और आत्मसम्मान को निगलते जा रहे हैं? क्या हम बच्चों को तकनीकी ज्ञान तो दे रहे हैं, पर मानसिक सहारा, संवाद और संस्कार नहीं? बाल मन अत्यंत कोमल और संवेदनशील होता है। जब हम बच्चों को बिना दिशा-निर्देश और निगरानी के मोबाइल फोन थमा देते हैं, तो हम उन्हें एक ऐसी आभासी दुनिया में छोड़ देते हैं जहाँ हार का मतलब केवल हार नहीं, बल्कि आत्मसम्मान की समाप्ति बन जाता है। "फ्री फायर", "पबजी", "बीजीएमआई" जैसे युद्धक खेलों में हर क्षण जीतने का दबाव, प्रतिस्पर्धा की भावना और नकली पहचान की दौड़ बच्चों के मस्तिष्क पर बुरा प्रभाव डालती है। इन खेलों में हर 'विजय' एक नकली आनंद देती है और हर 'पराजय' एक गहरे दुःख का कारण बनती है। बच्चों को यह अनुभव नहीं हो पाता कि यह केवल एक खेल है, असली जीवन नहीं। जब वे इन खेलों में हारते हैं, तो वे इसे अपने जीवन की हार मान लेते हैं। यही हुआ अक्लंक के साथ। माता-पिता की भूमिका इस पूरी घटना में सबसे महत्वपूर्ण है। माता-पिता बच्चों को मोबाइल देते समय यह समझने में असफल हो जाते हैं कि वह उपकरण केवल संवाद का माध्यम नहीं, बल्कि आज की पीढ़ी के लिए संपूर्ण संसार बन चुका है।

**नई दिल्ली कार्यालय**
एक्शन बालाजी हाउस, बी-244, मजलिस पार्क, दिल्ली- 110033

**उत्तरी दिल्ली कार्यालय**
शक्ति कॉम्पलैक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली- 110042

**चंडीगढ़ कार्यालय**
फर्स्ट फ्लोर, देश सेवक बिल्डिंग, सेक्टर- 29डी, चंडीगढ़

**पंजाब कार्यालय**
7/2, थर्ड फ्लोर, मोनिका, टावर, ईआर-146, पक्का बाग, मिलाप चौक, जालंधर

**करनाल कार्यालय**
224, सेक्टर 32पी, करनाल- 132001

**सोनीपत कार्यालय**
एक्शन इंडिया कार्यालय, अपोजिट एनएस कम्प्यूटर, झंडी रोड़, गीता भवन चौक सोनीपत- 131001

**शिमला कार्यालय**
किशोर भवन, जोधा निवास, डेजी बैंक एस्टेट, लोअर जाखू, शिमला- 171001

**ऊना कार्यालय**
कृष्णा टावर, सब्जी मंडी के सामने, ऊना-174303

**देहरादून कार्यालय**
7/1, बल्लूपुर रोड़, कृष्णा नगर चौक, देहरादून

# देश की बेटियों की अस्मिता पर कालनेमियो का अनर्गल प्रलाप क्यों?



मनोज कुमार अग्रवाल

> "भारत के पुरातन वेदों शास्त्रों में नर नारी को न सिर्फ समान सम्मान और आदर से प्रतिष्ठित किया गया है वैदिक ऋचाओं में विश्ववारा गोधा सरमा अपाला घोषा शची लोपामुद्रा भारतीय नारी ऋषियों का बेहद सम्मान पूर्ण स्थान रहा है इतना ही नहीं शास्त्रों में वर्णित सप्तऋषियों में भी एक अरूंधती महिला सप्तऋषि स्थान पर पदस्थ की गयीं जिस सनातन संस्कृति में नारी का इतना उच्च व गौरवशाली स्थान रहा है सीता सावित्री गार्गी के चरित्र अनुपम हैं देश की युवा पीढ़ी की बच्चियों को भारतीय नारियों के गौरवशाली अतीत को स्मरण कराने की जरूरत है"

पिछले दिनों एक कथावाचक का युवतियों को लेकर बेहद आपत्ति जनक बयान वायरल हुआ। जिसमें यह कथावाचक अनिरुद्धाचार्य कहता है कि पच्चीस साल की लड़की कई जगह मुंह मार चुकी होती है। क्या किसी कानून या सरकार ने अब इन बहरुपिए कथा वाचको को देश की बेटियों के चरित्र पर लांछन लगाने का अधिकार दे दिया है? कथा के नाम पर यह मात्र छठी कक्षा पढ़ा कथा वक्ता पिछले कुछ समय से जिस तरह की प्रश्नोत्तरी सोशल मीडिया पर वायरल कर प्रचार पा रहा है वह बेहद भौंडी और धर्म संस्कृति संस्कार सदाचरण से कोसो दूर है। अभी इस कथा वाचक का बयान समाज विशेषकर महिलाओं बच्चियों को मर्माहत कर रहा था कि इसी बीच पिछले कुछ समय में सोशल मीडिया पर छाकर अपनी पहचान बनाने वाले प्रेमानंद महाराज का बेहद आपत्तिजनक बयान वीडियो वायरल हो रहा है. इस वायरल वीडियो में प्रेमानंद महाराज लड़के और लड़कियों के चरित्र पर टिप्पणी कर रहे हैं। महाराज ने एक वायरल वीडियो में कहा है कि , आज के समय में 100 में से मुस्किल से दो-चार लड़कियां ही पवित्र होती हैं, बाकी सभी ब्वॉयफ्रेंड-गर्लफ्रेंड के चक्कर में लगी हुई हैं. प्रेमानंद महाराज का ये वीडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है। महाराज ने आगे कहा था, अगर कोई युवक 4 लड़कियों से संबंध बनाता है, तो वह अपनी पत्नी से संतुष्ट नहीं रह पाएगा, क्योंकि उसे व्यभिचार की आदत लग चुकी होती है. इसी तरह, जो लड़की चार पुरुषों से संबंध बना चुकी है, उसके अंदर एक पति को स्वीकार करने की हिम्मत नहीं रहती. इसके अलावा उन्होंने कहा कि 100 में से मुश्किल से दो-चार कन्याएं ही ऐसी होती हैं, जो पवित्र जीवन जीकर किसी एक पुरुष को समर्पित होती हैं। समझ से परे की बात है कि इस तरह का बयान उन्होंने क्यों दिया? उनके पास इस देश की नारी शक्ति की पवित्रता मापने का कौन सा मापदंड है? समूचे देश की बेटियों के चरित्र पर लांछन लगा रहे महाराज मात्र आठवीं तक की स्कूली शिक्षा पाए हैं सोशल मीडिया पर उनके एकांत वार्ता की हजारों रील प्रसारित है



गुरू महिमा का बखान करने वाले एक बालक सक्षम की करुणा भरी आवाज में पार्श्व संगीत के साथ बजने वाले वायरल भजन ने बड़ी तादाद में लोगों को उनके प्रति आकर्षित किया है। कभी भक्तों की ओडी और महंगी गाड़ियों में कभी पैदल रात के दो तीन बजे अपने आवास से आश्रम की यात्रा के दौरान हजारों भक्तो के जमघट और जयकारे की रील खूब प्रचारित की जाती रही है। संघ प्रमुख मोहन भागवत क्रिकेट प्लेयर विराट अनुष्का या कुछ अन्य माननीय उन से भेंट करने आ चुके हैं यह उन्हें सर्वमान्य होने का अहसास कराता है लेकिन ख्याति को पचा पाना सब के वश की बात नहीं है उनके साथ भी यही हुआ है इसे मतिभ्रम की स्थिति ही कहा जाए कि इस सबके बावजूद उन्होंने भाषा और शालीनता की तमाम मयार्दाओं को तोड़कर जिस तरह की टिप्पणी देश की बेटियों की अस्मिता पर की है वह वास्तव में एक संत के मुख से शोभा नहीं देती है। न यह सच्चे संत की भाषा या विचार हो सकता है। दरअसल इन दिनों सोशल मीडिया पर सैकड़ों पथ से भटक गयी युवतियों की अवांछनीय हरकतों की रील तरह तरह से वायरल कर इस तरह का वातावरण तैयार किया जा रहा है जिसमें युवतियों लड़कियों को आचरण हीन और मयार्दाहीन जीवन में रत होने का प्रचार किया जा रहा है। लेकिन इस तरह के अमर्यादित वस्त्र और व्यवहार मात्र एक दो प्रतिशत लड़कियां या युवतियां करती है ये सोशल मीडिया पर वायरल रील समूचे समाज की बानगी नहीं है यदि कोई इन रील के आधार पर समाज के चरित्र का आकलन करता है तो वह निरा मूर्ख है। अल्पशिक्षित कथा वक्ता और महाराज इसी तरह का काम कर रहे हैं महाराज बयान कर रहे हैं कि सौ में से दो चार ही कन्याएं ही ऐसी होती है जो पवित्र जीवन जीकर किसी एक पुरुष को समर्पित होती है। यह बयान निसंदेह एक संत का नही हो सकता है। यदि उनके अपने बेटी होती तो भी वह ऐसा असभ्यता और अतार्किक बयान शायद नहीं करते।

इस तरह की बयानबाजी समाज में नर नारी के बीच आपसी विश्वास और संबंधों में दरार और संदेह उत्पन्न करेगी। खासकर ऐसे समय में जब भारतीय समाज नीले ड्राम वाली मुस्कान और हनीमून पर पति का कत्ल कराने वाली सोनम के दुराचरण से आहत हैं और युवाओं में विवाह के प्रति आकर्षण उतार पर है संदेह और अविश्वास को बढ़ाने वाले बयान देना समूचे समाज की मानसिकता में महिलाओं लड़कियों के प्रति संदेह और अविश्वास का बीजारोपण कर सकता है। हर शहर कस्बे में इन कथा वक्ता और महाराज के बयानों को लेकर महिलाओं खास कर लड़कियों में गहरी नाराजगी है लेकिन इन लोगों ने अपने बयान पर शर्मिंदगी जताने की इंसानियत भी नही दिखाई है। इनका ऐसा रवैया इनके पाखंडी और मनमाने रवैये को दशार्ता है।

आपकों बता दें कि भारत के पुरातन वेदों शास्त्रों में नर नारी को न सिर्फ समान सम्मान और आदर से प्रतिष्ठित किया गया है वैदिक ऋचाओं में विश्ववारा गोधा सरमा अपाला घोषा शची लोपामुद्रा भारतीय नारी ऋषियों का बेहद सम्मान पूर्ण स्थान रहा है इतना ही नहीं शास्त्रों में वर्णित सप्तऋषियों में भी एक अरूंधती महिला सप्तऋषि स्थान पर पदस्थ की गयीं जिस सनातन संस्कृति में नारी का इतना उच्च व गौरवशाली स्थान रहा है सीता सावित्री गार्गी के चरित्र अनुपम हैं देश की युवा पीढ़ी की बच्चियों को भारतीय नारियों के गौरवशाली अतीत को स्मरण कराने की जरूरत है न कि उन के चरित्र हनन करने की। इस तरह के अतिरंजित घृणा भरे बयान भारतीय युवा पीढ़ी की बच्चियों के ह्रदय में सुधार के स्थान पर कुंठा और अवसाद को जन्म देगा। जिन वेदों की ऋचाओं को स्वयं नारी ऋषियों ने गढ़ा कालांतर में मध्ययुगीन काल में महिलाओं को ही वेदों के पठन पाठन का अधिकारी नहीं होने का शिगूफा कुछ तत्कालीन धर्म के स्वयंभू ठेकेदारों ने छोड़ा आज भी इस तरह के कथा वक्ता और महाराज कालनेमियो की तरह नारी के प्रति बेहद घृणास्पद चरित्र हनन करने वाली बदजुबानी कर नारी सम्मान और अस्मिता पर लांछन लगा रहे हैं।

रील के प्रचार प्रसार के बूते पर समाज में दबदबा बनाने वाले इन लोगों को जानना चाहिए ऋग्वेद में नारी के लिए लिखा है 'स्त्री हि ब्रह्मा वभुविथ' यानि नारी ब्रह्मज्ञान की अधिष्ठाता है वह स्वयं विदुषी होती है संतान को सुशिक्षित बनाती है। भारतीय नारी आज भी संसार में अपने उज्जवल चरित्र के लिए पहचान रखती है देश के सर्वोच्च राष्ट्रपति पद पर एक महिला सुश्री द्रोपदी मुर्मू देश के सबसे बड़े प्रदेश उत्तर प्रदेश के राज्यपाल पद पर महिला सुश्री आनंदी बेन कुशलता से अपने कर्तव्यों का निर्वहन कर रहीं हैं तो देश की बेटी विंग कमांडर सोफिया कुरैशी आपरेशन सिंदूर में पाकिस्तान की सीमा में हवाई प्रहार करती है तो सुप्रीम कोर्ट में महिला न्याय मूर्ति बी बी नागरत्ना देश की नारी जगत की गरिमा को अभिवृद्धि कर रहीं हैं। भारत सरकार का महत्वपूर्ण वित्त मंत्रालय भी एक महिला निर्मला सीतारमन बखूबी संभाल रही हैं।

## एक भाव है राखी, हर भाई-बहन को बांधती है स्नेह की डोर

**राजेश जैन**

**रक्षाबंधन** हर साल आता है पर हर साल कुछ नया दे जाता है- नई यादें, वादे और भरोसे। यह त्योहार हमें याद दिलाता है कि रिश्तों की असली मिठास महंगे उपहार में नहीं बल्कि उस धागे में होती है जो प्रेम, विश्वास और अपनेपन से बुना होता है। इसलिए भले ही राखी का धागा है बहुत हल्का हो लेकिन जब बहन अपने भाई की कलाई पर इसको बांधती है तो स्नेह का बंधन और मजबूत हो जाता है। रक्षाबंधन कोई साधारण पर्व नहीं है. यह रिश्तों के गहराते रंगों का उत्सव है जो साल में एक बार भाई-बहन के बीच उस अनकहे वादे को फिर से ज़िंदा करता है – "मैं हमेशा तुम्हारी रक्षा करूंगा।" लेकिन क्या यह सिर्फ एक रस्म है? नहीं। रक्षाबंधन असल में उस भाई के स्नेह, जिम्मेदारी और साथ के अहसास का नाम है जिसे शब्दों में बांधना मुश्किल है। जब बहन राखी बांधती है तो वह सिर्फ सुरक्षा की मांग नहीं करती. वह अपने भाई से यह भरोसा भी मांगती है कि जब दुनिया उसके खिलाफ खड़ी हो तो उसका भाई उसके साथ खड़ा रहेगा–बिना सवाल, बिना शर्त। हर लड़की के जीवन में उसका भाई पहला ऐसा लड़का होता है जिससे वह बिना झिझक प्यार करती है। वह उसके साथ खेलती है, लड़ती है, शिकायत करती है, फिर उसी से सबसे ज्यादा हंसती है। भाई वह होता है जो उसे स्कूल ले जाता है, कभी चुपके से मां से पैसे लेकर उसकी फेवरेट आइसक्रीम दिला देता है तो कभी उसकी गुड़िया के बाल खुद सँवार देता है। छोटे भाई के लिए बड़ी बहन मां जैसी होती है और बड़े भाई के लिए छोटी बहन उसकी दुनिया में सबसे कीमती और इस रिश्ते में जो चीज सबसे खूबसूरत है– वह है स्नेह। वह स्नेह जो कभी चॉकलेट के झगड़े में छिपा होता है, कभी खिलौनों की साझेदारी में और कभी उस वक्त में जब बहन चुपके से भाई के लिए उसकी फेवरेट शर्ट खरीद लाती है। जैसे-जैसे समय बीतता है, भाई-बहन बड़े हो जाते हैं। उनके रास्ते बदल जाते हैं। कोई हॉस्टल चला जाता है, कोई शादी के बाद दूसरे शहर लेकिन जब राखी आती है तो बचपन की सारी यादें लौट आती हैं। भाई फिर से वही नटखट बच्चा बन जाता है जो राखी बंधवाकर बहन की थाली में सबसे पहले मिठाई उठाता था और बहन भी वही बन जाती है जो हर बार राखी बांधते वक्त बस इतना ही सोचती थी–मेरा भाई हमेशा खुश रहे।

**भाई का स्नेह - एक अनकही ज़िम्मेदारी**

भाई का प्यार अक्सर चुप होता है। वह ना तो हर दिन कहता है-आई लव यू सिस, ना ही सोशल मीडिया पर बहन की फोटो पर ढेरों दिल बनाता है लेकिन जब बहन बीमार होती है, तो उसकी दवाई लाने वाला पहला इंसान वही होता है। जब बहन किसी बात पर उदास होती है, तो उसे सबसे पहले समझने की कोशिश भी वही करता है – भले ही उसके पास कहने के लिए शब्द न हों।

# विचार

## रक्षाबंधन के बदलते मायनेः परंपरा से आधुनिकता तक

**डॉ. प्रियंका सौरभ**

**रक्षाबंधन** का धागा सिर्फ कलाई पर नहीं, दिल पर बंधता है। यह एक वादा है–साथ निभाने का, सुरक्षा का, और बिना कहे समझ लेने का। बहन की राखी में वो मासूम दुआ होती है जो शब्दों में नहीं कही जाती, और भाई की आंखों में वो संकल्प होता है जो हर चुनौती से लड़ने का हौसला देता है। समय चाहे जितना बदल जाए, दूरियाँ जितनी भी हो, ये धागा हर बार रिश्तों की गर्मी लौटा लाता है। रक्षाबंधन एक उत्सव नहीं, एक एहसास है–जो हर साल हमें जोड़ता है। भारत विविधताओं से भरा देश है, जहां हर त्यौहार न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक होता है, बल्कि सामाजिक और सांस्कृतिक रिश्तों को भी मजबूत करता है। इन्हीं में से एक विशेष पर्व है – रक्षाबंधन, जो भाई-बहन के रिश्ते की मिठास, प्रेम और सुरक्षा का प्रतीक है। लेकिन बदलते समय, समाज, तकनीक और सोच के साथ-साथ रक्षाबंधन के मायने भी बदल रहे हैं। यह बदलाव केवल रस्मों तक सीमित नहीं है, बल्कि इस पर्व की आत्मा, इसके उद्देश्य और इसके सामाजिक संदर्भ में भी स्पष्ट रूप से देखा जा सकता है। रक्षाबंधन की जड़ें भारतीय इतिहास, पौराणिक कथाओं और सामाजिक परंपराओं में गहराई से जुड़ी हैं। द्रौपदी और श्रीकृष्ण की कथा हो या रानी कर्णावती द्वारा हुमायूं को भेजी गई राखी, यह पर्व सदा से रक्षक और संरक्षित के बीच एक नैतिक संकल्प का प्रतीक रहा है। पहले के समय में राखी केवल भाई-बहन के खून के रिश्ते तक सीमित थी। बहन भाई की कलाई पर राखी बाँधती थी और भाई जीवनभर उसकी रक्षा करने का वचन देता था। यह रिश्ता स्नेह, विश्वास और समर्पण से भरा होता था। अब रक्षाबंधन का दायरा केवल खून के रिश्तों तक सीमित नहीं रहा। आज कई महिलाएं अपने दोस्तों, सहकर्मियों, शिक्षकों, सैनिकों और यहां तक कि प्रकृति को भी राखी बाँधती हैं। यह दशार्ता है कि ह्लरक्षाह्व अब केवल एक व्यक्ति विशेष का दायित्व नहीं, बल्कि सामाजिक और भावनात्मक संबंधों की व्यापक जिम्मेदारी बन चुका है। इसका सबसे सुंदर उदाहरण है कि अब बहनें भी अपने छोटे भाइयों को कहती हैं – ह्लमैं भी तेरी रक्षा करूँगी।ह्व यानी सुरक्षा का रिश्ता अब एकतरफा नहीं रहा, यह परस्पर बन गया है। तकनीक ने आज रिश्तों के समीकरण ही बदल दिए हैं। पहले जहां राखी भेजने के लिए डाकघर जाना पड़ता था, अब एक क्लिक में डिजिटल राखियाँ, वीडियो कॉल, ऑनलाइन गिफ्टिंग और वर्चुअल सेरेमनी हो रही हैं। विदेशों में बसे भाई-बहन अब भले दूर हों, लेकिन वीडियो कॉल पर राखी बाँधने की परंपरा, स्क्रीन पर तिलक और डिजिटल मिठाई ने एक नई तरह की जुड़ाव की भावना पैदा की है। कुछ लोग भले इसे भावनाओं की कमी कहें, लेकिन सच्चाई यह है कि तकनीक ने दूरी को पाटने का जरिया भी दिया है।

धन पर भाई बहन को मिठाई और उपहार देता था। यह एक तरह से प्रेम की अभिव्यक्ति थी। लेकिन अब कई बहनें कहती हैं – "भैया, गिफ्ट नहीं चाहिए, थोड़ी सी फुर्सत चाहिए, समय चाहिए, समझ चाहिए।" आज की बहन आत्मनिर्भर है। वह भावनात्मक सुरक्षा, मानसिक सहयोग और बराबरी की भागीदारी चाहती है। उपहार की जगह अब रिश्तों में पारदर्शिता, संवाद और समय की मांग अधिक हो गई है।

पुराने जमाने में रक्षाबंधन का अर्थ था – "भाई बहन की रक्षा करेगा।" परंतु आज यह परिभाषा बदल रही है। लड़कियाँ भी आज आत्मनिर्भर हैं, अपने भाइयों की मदद कर रही हैं, उन्हें मानसिक और आर्थिक संबल दे रही हैं। रक्षाबंधन अब यह नहीं कहता कि केवल भाई ही रक्षक होगा, बल्कि यह दशार्ता है कि भाई और बहन दोनों एक-दूसरे की ज़िंदगी में सुरक्षा, समर्थन और प्रेरणा बन सकते हैं।

आज के समय में रक्षाबंधन केवल भाई-बहन का पर्व नहीं रहा, यह प्रकृति की रक्षा, सामाजिक सौहार्द और समानता का प्रतीक भी बन चुका है। कई स्थानों पर पेड़ों को राखी बाँधने की परंपरा चल पड़ी है – "वृक्ष-रक्षा बंधन"। बच्चें और महिलाएं वृक्षों को राखी बाँधकर यह संदेश दे रही हैं कि हम केवल मानव की नहीं, प्रकृति की भी रक्षा के लिए प्रतिबद्ध हैं। इसी तरह से सैनिकों को राखी भेजना यह बताता है कि देश की रक्षा करने वाले वीरों के साथ भी हम भावनात्मक रूप से जुड़े हैं। बहनें अब केवल रक्षा की याचक नहीं, बल्कि स्वाभिमानी, आत्मनिर्भर और संवेदनशील भी हैं। कई परिवारों में बहनें ही भाइयों की आर्थिक, शैक्षणिक या सामाजिक मदद कर रही हैं। यह बदलाव यह संकेत करता है कि रक्षाबंधन अब पौरुष और स्त्रीत्व के सांचे से बाहर निकल कर इंसानी मूल्यों और बराबरी के धरातल पर खड़ा हो रहा है।

**एक्शन इंडिया दैनिक**

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

आरएनआईः DELHIN / 2006 / 19302

मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज ने एक्शन इंडिया मल्टीमीडिया प्राइवेट लिमिटेड के लिए एक्शन बालाजी हाउस, 244, ब्लॉक- बी, लेन- 3, राकेश भारद्वाज चौक के नजदीक, दिल्ली - 110033 द्वारा मेसर्स मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042 से छपवाकर प्रकाशित किया।
संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी
समूह संपादक : रवि भारद्वाज ( 9999889104)
मेट्रो संपादक : दीपचंद्र कांडपाल (8447314925)
'एक्शन इंडिया' में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक केवल पीआरबी एक्ट के तहत ही उत्तरदायी। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।

वैधानिक सूचना

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।

# व्यंग्य

## इंपोर्टेंस चाहिए तो बीमार बने रहें

**विवेक रंजन श्रीवास्तव**

मुसद्दीलाल बीमार पड़े तो एक दम से उनकी इंपोर्टेंस बढ़ गई। हमेशा ताने मरने वाली , बेबात नाराज रहने वाली पत्नी उनकी तीमारदारी में लग गई। सुबह पलंग पर ही बिन मांगे चाय , फिर घंटे भर बाद स्प्राउट्स का हेल्दी नाश्ता मिलने लगा । उनकी कमजोरी का ख्याल कर अपने नरम कंधे का सहारा देकर बीबी उन्हें नहलाने ले जाती , रोटी के फुल्के और परवल की सब्जी का रसा एक एक निवाला खिलाती। नाते रिश्ते के लोग उनसे मिलने आते ,दोस्तों से प्यार भरे संदेश आते , ऑफिस से खुचड़ बॉस ने उन्हें गेट वेल सून के मैसेज के साथ फूलों का बुके भेजा । यह सारी खातिरदारी देख मुसद्दीलाल ने मन ही मन अपनी बीमारी के एक्सटेंशन का इरादा कर लिया। वे पलंग पर पड़े हुए बीमारी के लाभ चिंतन करते । वे सोचते यदि सब हमेशा स्वस्थ रहने लगे, तो डॉक्टरों का, दवा कंपनियों का, और "बीमारी सलाहकारों" का क्या होगा? मुसद्दीलाल बीमारी बनाये रखने की योजनाएँ बनाते , जिनसे किसी न किसी तरह, कोई न कोई रोग आपको घेरे रहेगा और आपको सबसे अटेंशन का वी आई पी स्टेटस मिलता रहेगा । मुसद्दीलाल के बीमारी के नुस्खों में पहला नुस्खा है कसरत को भूल जाइए! शरीर को जंग लगाने की सुनिश्चित तकनीक है, खाओ पियो पड़े रहो , आडे टेढ़े लेट कर मोबाइल या अखबार में घुसे रहिए। मांसपेशियाँ ढीली पड़ जाएंगी , जोड़ों में जंग जमेगी, और मोटापा आपका स्थायी साथी बन जाएगा। यकीन मानिए, ये "एंटी-कसरत" थेरेपी ह्रदय रोग और डायबिटीज की गारंटी देती है! सुबह-शाम घूमना? अस्वस्थता के लिए खतरनाक प्रवृत्ति है! विटामिन डी और ताजा हवा से बचाव कीजिए। पर्दे खींचकर, एसी चलाकर अंधेरे कमरे में दुबके रहिए। ऑस्टियोपोरोसिस और डिप्रेशन आपका स्वागत करने को तैयार बैठे मिलेंगे । प्रदूषित हवा ही बीमारी के लिए असली टॉनिक है। पाचन तंत्र को ओवरटाइम काम पर लगाने की कला सीखनी चाहिए । व्रत रखेंगे तो पेट को आराम मिलेगा, डिटॉक्स होगा? यह नासमझी है! जब भी मन करे, जो भी मिले चटपटा, तला-भुना, मिठाई ठूँसिए।

## रिश्तों और अर्थतंत्र को छिन्न भिन्न करता इंटरनेट और मोबाइल

**समाज** मे आज मध्यम,निम्न वर्ग के लोगों के द्वारा मोबाइल,इंटरनेट के अत्यधिक उपयोग से पारिवारिक व सामाजिक रिश्तो में सेंध पड़ गई है। बच्चे, युवा, पुरुष तथा महिलाएं मोबाइल तथा इंटरनेट के बेहद आदि हो गए हैं पुत्र पुत्रीयों की इस आदत से पीछा छुड़ाना भी अभिभावकों के लिये सिरदर्द बन चुका है। परिवार में यदि चार सदस्य हैं तो चारों के पास आज की सामाजिक व्यवस्था के तहत मोबाइल होना अत्यंत आवश्यक है और यही आवश्यकता परिवार तथा समाज के रिश्तों में भारी कड़वाहट पैदा कर रही है। छोटे-छोटे बच्चों से लेकर बुजुर्ग व्यक्तियों तक मोबाइल की आदत एवं एक ही कमरे में अलग-अलग बैठकर अलग-अलग अपने मित्रों,सहपाठियों और रिश्तेदारों के भेजे गए मैसेज का जवाब,लाइक,फॉलो करने में लगे हुए रहते हैं। और परिवार के सदस्यों की इस आदत के कारण बच्चों का माता-पिता के प्रति आदर सम्मान एवं स्नेह जैसे खत्म होता जा रहा है। आपस में बात करने की ना तो जरूर समझते हैं ना ही गुंजाइश रह गई है। ऐसे वातावरण में पारिवारिक समरसता तथा एकता अब लगभग खत्म होती नजर आ रही है। छोटे बच्चे बिना मोबाइल देखें अब भोजन भी नहीं करते हैं। माताएं अपने बच्चों को दिल बहलाने और उन्हें खाना खिलाने के लिए मोबाइल तथा इंटरनेट का सहारा ले रही है। यह स्थिति अत्यंत चिंताजनक तो है ही पर अब यह खतरनाक रूप ले चुकी है। पहले टेलीविजन ने फिर कंप्यूटर ने अब मोबाइल और इंटरनेट में सामाजिक व्यवस्था को छिन्न-भिन्न करने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ी है। इसके अलावा मध्यम वर्गीय परिवार में मोबाइल तथा इंटरनेट के भुगतान ने एक बड़ा आर्थिक बोझ डाल दिया है। जिससे निम्न मध्यम वर्गीय परिवार का बजट बिगड़ता नजर आ रहा है। अब परिवार में भोजन के बाद मोबाइल तथा इंटरनेट की सेवा सबसे आवश्यक हो गई है जो परिवार के लिए समाजार्थिक रूप से सर दर्द बन चुकी है। इस पर तुरंत अंकुश लगना चाहिए अन्यथा संयुक्त तथा एकल परिवार भी विघटन की स्थिति में आ जाएगें।

## न्यूज फ्लैश

### 5 दिवसीय श्री राम कथा का हुआ समापन



**टीम एक्शन इंडिया लाडवा (विजय कौशिक):** श्री सरस्वती सत्संग सभा लाडवा की ओर से आयोजित 6 दिवसीय श्री राम कथा अमृत गंगा परम पूज्य संत देवी सुदीक्षा जी सरस्वती जी के मुखारविंद से सुनाई गई।देवी जी ने अनेक कथा, प्रसंग के माध्यम से संगत को ज्ञान देकर ईश्वर भक्ति की ओर प्रेरित किया। उन्होंने बताया सत्संग हमारे जीवन में किस प्रकार से बदलाव ला सकता है। आज संस्कारों की कमी से घर टूट रहे हैं। रिश्तों में आदर नहीं रह गया है ।हमें अपने धर्म पर विश्वास रखना चाहिए। भ्रामक एवं झूठे प्रचार से हमें अपने सनातन धर्म पर संदेह नहीं करना चाहिए बल्कि हमें अपने धर्म पर गर्व होना चाहिए। उन्होंने बताया कलयुगी रूपी वृक्ष को सत्संग रूपी कुल्हाड़ी ही काट सकती है। भगवान की प्राप्ति निर्मल मन पुरुषार्थ एवं प्रेम से ही की जा सकती है। प्रेम के कारण ही भगवान श्री राम ने माता शबरी के कुटिया में जाकर झूठे बेर खाए। भगवान श्री कृष्ण ने अपने मित्र सुदामा के घर से लाए हुए चावल खाए और दुर्योधन का छप्पन भोग त्याग कर विदुर के घर साग को ग्रहण किया । भगवान को बड़े-बड़े आडंबरों और दिखावो से प्राप्त नहीं कर सकते। भगवान तो सच्चे प्रेम, श्रद्धा और भक्ति से ही प्राप्त किए जा सकते है। उन्होंने आगे कहा ज्ञान की प्राप्ति के लिए हमें अपने अंदर के अज्ञान को पहचाना होगा और उन्हें ठीक करना होगा। तभी हम भगवान को प्राप्त कर पाएंगे ।दूसरों को मूर्ख बनाकर ज्ञान नहीं दिया जा सकता। ज्ञानी वह है जो दूसरों के हृदय निर्मलकर उसे अज्ञानता से बाहर निकाले । महिलाओं को समझाते हुए उन्होंने कहा कि यदि रामायण ,भागवत आप पढ़ते हैं तो स्वयं का अंतरमन से अवलोकन करें कि क्या हमारे अन्दर माता कौशल्या ,देवी सीता, कुंती जैसे गुण हैं या नहीं और उन्हें अपने जीवन में कैसे लाया जा सकता हैं। एक स्त्री ही परिवार में संस्कार निर्माण कर सकती है और परिवार को स्वर्ग बना सकती है। यह केवल सत्संग के माध्यम से ही दूर किया जा सकता है। परिवार में बैठकर हमें हरि चर्चा सत्संग करना चाहिए ताकि हमारे परिवारों में भी संस्कार एवं गुण निर्माण हो।अंत में श्री राम कथा को विश्रांति देते हुए लाडवा की जनता ,संगत का धन्यवाद किया एवं पत्रकार बंधुओं को आशीर्वाद एवं सम्मानित कर उनका धन्यवाद किया ।जिनके माध्यम से श्री राम कथा घर घर तक पहुंची।सरस्वती सत्संग सभा के प्रधान गोपी रहेजा,पूर्व प्रधान सुनील गर्ग ,सोम प्रकाश शर्मा ने देवी सुदीक्षा सरस्वती जी का कोटि कोटि धन्यवाद किया ।उन्होंने लाडवा एवं बाहर से आई संगत का भी हृदय से आभार व्यक्त किया।बाद में एक विशाल भंडारे का आयोजन लक्ष्मी राइस मिल एवं गणेश राइस फूड लाडवा,( गर्ग परिवार )की ओर से दिया गया।शहर के पवन बंसल,प्रदीप गर्ग,जोगध्यान , श्रीमती नीरज गर्ग ,राकेश खुराना, सभा के सदस्य निशु शर्मा ,पंकज शर्मा ,रवि चौहान, विकी चोपड़ा, दर्शन प्रजापत, अश्विनी गोस्वामी, अरोड़ा ने कथा के सफल आयोजन में विशेष रूप से भाग लिया।

7 लाड़वा 2 : कथा के अंतिम दिन हुए भव्य भंडारे मे प्रशाद ग्रहण करते भगतजन।

### प्रसिद्ध उद्योगपति, समाजसेवी एवं लोकप्रिय नेता स्वर्गीय ओम प्रकाश जिंदल का व्यक्तित्व हमें हमेशा प्रेरणा देता रहेगा- पवन गर्ग

**टीम एक्शन इंडिया**
**लाडवा, (विजय कौशिक)** संजय गाँधी मेमोरियल सीनियर सेकेंडरी स्कूल धनोरा लाडवा में प्रबंधन समिति द्वारा प्रसिद्ध उद्योगपति स्वर्गीय ओम प्रकाश जिंदल की 95 वीं जन्म जयंती के उपलक्ष में एक यज्ञ का आयोजन किया गया । विद्यालय प्रबंधन समिति के प्रधान पवन गर्ग, सचिव रविंद्र बंसल, प्रधानाचार्य नरेंद्र शर्मा, शमशेर सिंह बन, विद्यालय के अध्यापकों एवं बच्चों ने यज्ञ में आहुतियां डालकर स्वर्गीय ओम प्रकाश जिंदल की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की और उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया । प्रधान पवन गर्ग ने स्वर्गीय ओम प्रकाश जिंदल को याद करते हुए कहा कि एक सामान्य परिवार में जन्म लेने के बाद भी उन्होंने अपनी मेहनत, लगन एवं कर्म से जीवन के विभिन्न क्षेत्रों में नई ऊंचाइयों को छुआ । जिंदल इस्पात उद्योग की स्थापना से लेकर हरियाणा विधानसभा के सदस्य एवं राज्य सरकार में बिजली मंत्री बनने, तथा कुरुक्षेत्र से लोकसभा सदस्य बनने तक उनकी उपलब्धियां, विकास कार्य विशेषतः बिजली मंत्री के रूप में उनके कार्य एवं समाज सेवा इत्यादि प्रेरणादायक एवं अनुकरणीय रही।

# यूथ कांग्रेस ने फूंका सीएम का पुतला

## कलेक्टर रेट में बढ़ोतरी का विरोध, बोले-गरीबों को घर बनाना हुआ मुश्किल

**जोरदार प्रदर्शन**

**जिले में कलेक्टर रेट में भारी बढ़ोतरी को लेकर यूथ कांग्रेस सडकों पर उतर आई।**



**टीम एक्शन इंडिया राजकुमार प्रिंस करनाल।** जिले में कलेक्टर रेट में भारी बढ़ोतरी को लेकर यूथ कांग्रेस सड़कों पर उतर आई। ग्रामीण जिला अध्यक्ष रजत लाठर के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री नायब सैनी का पुतला फूंकते हुए जोरदार प्रदर्शन किया। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार गरीबों के आशियाने के सपनों पर पानी फेर रही है और यह फैसला आमजन के खिलाफ है।
प्रदर्शन के दौरान यूथ कांग्रेस नेताओं ने कहा कि कलेक्टर रेट में की गई वृद्धि से गरीब तबके का अपने घर का सपना अब और दूर हो गया है। रजत लाठर ने कहा कि सरकार ने आम जनता को सिर्फ सडक का रास्ता दिया है, अब लोग जमीन नहीं खरीद सकते, मजबूरी में सडक पर बैठने की नौबत आ गई है। सरकार की यह नीति सिर्फ चुनिंदा डीलरों को फायदा पहुंचाने के लिए बनाई गई है।यूथ कांग्रेस ने आरोप लगाया कि सरकार ने वहां कलेक्टर रेट और ज्यादा बढ़ा दिए हैं, जहां पहले ही प्रॉपर्टी के दाम काफी ज्यादा हैं। दूसरी तरफ जहां जमीन सस्ती थी और गरीब अपना छोटा सा घर बनाने की सोच रहे थे, वहां भी प्रशासन ने पीला पंजा चला दिया। यह पूरी तरह से एकतरफा और गरीब विरोधी नीति है।प्रदर्शनकारियों ने कहा कि सरकार ने देश और प्रदेश की जनता से वादा किया था कि हर परिवार को पक्का मकान मिलेगा, लेकिन अब बिजली और कलेक्टर रेट बढ़ाकर लोगों को और परेशान किया जा रहा है। यूथ कांग्रेस नेताओं का कहना था कि सीएम बदलने से बदलाव की उम्मीद थी, लेकिन अब हालात और ज्यादा बिगड़ गए हैं।
रजत लाठर ने बताया कि कलेक्टर रेट तय करने के लिए कोई ठोस आधार नहीं अपनाया गया। कहीं बहुत ज्यादा बढ़ा दिए गए हैं और कहीं मामूली रखे गए हैं। इससे सरकार की मंशा पर सवाल उठते हैं। उन्होंने कहा कि सरकार जनता को लूट रही है और आमजन की आवाज उठाने वाला कोई नहीं है।
यूथ कांग्रेस ने स्थानीय विधायक जगमोहन आनंद पर भी निशाना साधा। रजत लाठर ने कहा कि विधायक जनता की आवाज नहीं उठा रहे। वहीं अवैध कॉलोनियों को लेकर भी प्रशासन पर आरोप लगाया कि डीटीपी तब नहीं आते जब निर्माण शुरू होता है, लेकिन जैसे ही मकान खड़ा हो जाता है, तब पीला पंजा लेकर पहुंच जाते हैं।

### स्वर्गीय ओ पी जिंदल एक महान युगपुरुष थे: रमेश गुप्ता



**टीम एक्शन इंडिया लाडवा, 7 अगस्त (विजय कौशिक):** बाबू रमेश गुप्ता ने आज जिंदल पार्क लाड़वा मे प्रसिद्ध समाजसेवी एवं पूर्व बिजली मंत्री व कुरुक्षेत्र से सांसद रहे स्वर्गीय ओम प्रकाश जिंदल की 95वीं जयंती मनाई। रमेश गुप्ता ने उनकी आत्मिक शांति के लिए प्रार्थना करते हुए उनको जयंती पर उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। रमेश गुप्ता ने कहा कि ओम प्रकाश जिंदल एक व्यक्ति नहीं एक विचारधारा थे जिनको आज भी लोग अपने जीवन में अपनाकर अपना जीवन सार्थक कर रहे हैं। उनकी विचारधारा को आगे नवीन जिंदल ने संभाला हुआ है। उनके भीतर भी ओपी जिंदल की छवि देखने को मिलती है। गुप्ता ने स्वर्गीय ओम प्रकाश जिंदल के बारे मे प्रकाश डालते हुए बताया कि उन्होंने अपने कौशल के जरिए जिंदल परिवार व अपनी समाजसेवा को आगे बढ़ाया है एक सामान्य परिवार में जन्म लेने के बाद भी उन्होंने अपनी मेहनत, लगन एवं कर्मठता से जीवन के विभिन्न क्षेत्रों में नई उंचाईयों को छुआ। उनके साथ तरसेम बकाली, कुलदीप नारंग, दर्शन खंडवाल, पवन बड़ौदा, रामशरण ब्राहान,श्यामलाल अत्री, रामकरण सहित अन्य व्यक्ति सम्मलित रहे।

### पीपीपी में गलत दर्ज हुए वाहनों की शिकायतों का होगा समाधान

**सिरसा, (रणबीर खटक)** परिवार पहचान पत्र में गलत दर्ज हुए वाहनों की शिकायतों के समाधान के लिए पोर्टल पर विकल्प उपलब्ध करवा दिया है। जिला के कोई भी नागरिक जिनके परिवार पहचान पत्र में गलत वाहन दर्ज होने संबंधी समस्या आ रही है, तो वे अपने नजदीक के अटल सेवा केंद्र, सीपीएलओ या खंड विकास पंचायत अधिकारी के कार्यालय में स्थापित हेल्प डेस्क पर जाकर शिकायत दर्ज करवा सकते हैं। इसके अलावा नागरिक स्वयं भी पीपीपीऑफिसडोटहरियाणाडोटजीओवीडोटइन पोर्टल पर जाकर शिकायत दर्ज करवा सकते हैं।

## समाधान शिविर में आई शिकायतों का प्राथमिकता से करें समाधान

**समाधान शिविर**

**उपमंडल में सरकार की जन कल्याण कारी योजनाओं से कोई पात्र वंचित ना रहे**



**टीम एक्शन इंडिया तोशामः** एसडीएम रवि मीणा आईएएस ने कहा कि समाधान शिविर में आई शिकायतों का समाधान अधिकारी प्राथमिकता से करें। उपमंडल में सरकार की जन कल्याण कारी योजनाओं से कोई पात्र व्यक्ति वंचित ना रहे। बरसात के मद्देनजर बरसाती पानी निकालने का प्रबंध सुनिश्चित करें।
एसडीएम रवि मीणा वीरवार को अपने कार्यालय में समाधान शिविर में आए अधिकारियो को यह दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि समाधान शिविर के माध्यम से जरूरतमंद लोगों की सार्वजनिक व व्यक्तिगत शिकायतों का सरकारी आदेशानुसार प्राथमिकता से निदान किया जा रहा है।
उन्होंने कहा कि डीसी साहिल गुप्ता के मार्गदर्शन में जिला व उपमंडल मुख्यालय पर प्रत्येक सोमवार व गुरुवार कार्य दिवस पर सुबह 10 से 12 बजे तक लगाए जा रहे समाधान शिविरों में लोगों की शिकायतों का समाधान सुनिश्चित किया जा रहा है।
एसडीएम ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि लंबित मामलों को प्राथमिकता के आधार पर हल किया जाए। उन्होंने उपमंडल में वीरवार को आयोजित समाधान शिविर में एसडीएम ने विभिन्न क्षेत्रों से आए लोगों की समस्याएं सुनी। नागरिकों की समस्याओं पर सुनवाई करते हुए एसडीएम ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को तत्काल कार्रवाई करने के निर्देश दिए।
एसडीएम ने कहा कि प्रशासन का मुख्य उद्देश्य लोगों की समस्याओं का समयबद्ध समाधान करना है। उन्होंने विकास एवं पंचायत विभाग तथा जन स्वास्थ्य अभियान्त्रिकी विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि शहर में सीवरेज व नालों की निगरानी रखते हुए तत्काल समाधान सुनिश्चित किया जाए ताकि आमजन को किसी प्रकार की परेशानी न हो।

### खैर के पेड़ों की लकड़ी को वन विभाग के कर्मचारियों ने गाड़ी सहित दबोचा

**टीम एक्शन इंडिया यमुनानगर, धर्मबीर -** दो दिन पहले खिलावाला के जंगल से खैर तस्करों ने दो पेड़ खैर के चोरी से काट लिए जिसको बाजार जाने से पहले ही वन विभाग के कर्मचारियों ने नाकाबंदी कर दबोच लिया। खैर की लकड़ी को गाड़ी सहित पकड़कर रेंज कार्यालय में आगामी कार्रवाई के लिए खड़ा करवा दिया वही इसकी शिकायत पुलिस को दी गई है। प्रताप नगर पुलिस को दी शिकायत में खिल्लांवाला जंगल में वन रक्षक सचिन ने बताया कि वह 5 अगस्त को जंगल में गस्त पर था, गस्त के दौरान उसने देखा कि जंगल में 2 खैर के पेड़ ताजे काटे गए है। जिसके बाद डेमेज रिपोर्ट बनाई गई अपने सम्बंधित वन दरोगा पवन कुमार इंचार्ज खिल्लांवाला ब्लाक को सूचित कर दिया। इसके बाद दोषियों व लकड़ी की छानबीन शुरू कर दी गई। 6 अगस्त को गुप्त सूचना मिली, कि खिल्लावाला जंगल में जिन पेड़ो का नुकसान हुआ था उनकी लकडी आज महबुब हसन पुत्र मो० हनीफ गांव कांसली के द्वारा अपनी गाड़ी में लोड़ करके बक्करवाला हाफिजपुर के रास्ते बाजार में बेचने के लिए ले जाई जाएगी, जिसके बाद अपने साथियों के साथ मिलकर गांव बक्करवाला के पास नाकाबंधी शुरू कर दी।

## चेस में दुल्हेडी के विद्यार्थी छाए, कब्बड्डी और खो खो में खरकडी झांवरी ने परचम लहराया



**टीम एक्शन इंडिया तोशाम, (वंदना शर्मा ) तोशामः** चौधरी सुरेन्द्र सिंह खेल परिसर तोशाम में दो दिवसीय खण्ड स्तरीय स्कूल खेलकूद प्रतियोगिताओं में आयुवर्ग 17 वर्ष व 19 वर्ष की लड़कों की विभिन्न खेलों की प्रतियोगिताएं आज वीरवार को सम्पन्न हुई। खण्ड शिक्षा अधिकारी विजय सांगवान की अध्यक्षता में करवाई गई। प्रतियोगिता के परिणामों की विस्तृत जानकारी देते हुए जोनल सचिव कम डीपीई प्रीतपाल एवं प्रतियोगिता इन्चार्च प्रवक्ता राजेश कुमार ने बताया कि चेस अंडर-17 लड़को में धीमंत डीबीएम स्कूल दुलहेरी प्रथम, समीर सीजीएसएसएस खरकडी झांवरी द्वितीय,विनीत सुपुत्र डीबीएम स्कूल दुलहेरी तृतीय और इसी स्कूल के आयुष ने चतुर्थ स्थान पाया। चेस अंडर-19 लड़कों में डीबीएम स्कूल क दुल्हेडी के मोहित प्रथम, हर्ष कुमार द्वितीय,वंश तृतीय स्थान पर रहा। जबकि नितिन पीएस नवयुग स्कूल तोशाम चतुर्थ व सचिन आरोही मॉडल एसएसएस तोशाम ने पांचवा स्थान लिया।
अंडर-17 खो-खो खेल का सेमीफाइनल वीजीएसएसएस खरकड़ी झांवरी और आदर्श स्कूल मिरान के बीच तथा जीएचएस पिंजोखरा व पीएस नवयुग स्कूल के बीच हुआ। वहीं फाइनलपीएस नवयुग तोशाम व वीजीएसएसएस खरखड़ी झांवरी के बीच हुआ। इनमें प्रथम खरकड़ी झांवरी, द्वितीय वीजीएसएसएस और तृतीय स्थान पर पीएस नवयुग स्कूल तोशाम व जीएचएस पिंजोखरा ने लिया। वहीं पहला सेमीफाइनल मेगामाइंड सिनियर सैकैण्ड स्कूल तोशाम व जीएसएसएस सांडवा की बीच दूसरा सेमीफाइनल योगेश बीवीएमएस खरकडी झांवरी व जीएस एसएस खानक की बीच में खेला गया। फाइनल में मेगामाइंड सिनियर सैकैण्डरी स्कूल तोशाम प्रथम और जीएसएसएस खानक द्वितीय स्थान पर रहा। वहीं अंडर-19 कबड्डी में पहला सेमीः फाइनलअग्रसेन सीनियर सेकेंडरी स्कूल तोशाम व संत रोशनलाल सीनियर सेकेंडरी, धाणी माहु के बीच और दूसरा सेमी फाइनल जीएसएसएस खरकडी झांवरी व डीबीएमएसएस दुल्हड़ी के बीच खेला गया।
जबकि फाइनल अग्रसेन सीनियर सेकेंडरी स्कूल तोशाम वजीएसएसएस खरकडी झांवरी के बीच हुआ।

## खनिज प्रतिष्ठान समिति की बैठक में 150 गांवों के विकास कार्यों को मिली मंजूरी



**टीम एक्शन इंडिया यमुनानगर, धर्मबीर-** जिले में खनिज प्रतिष्ठान की बैठक का आयोजन उपायुक्त कार्यालय में किया गया। बैठक की अध्यक्षता उपायुक्त एवं डीएमएफ चेयरमैन पार्थ गुप्ता ने की। इस बैठक में जिले के खनन प्रभावित गांवों में जनहित से संबंधित विकास कार्यों पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया।
बैठक में माननीय विधायक श्याम सिंह राणा, जिले के अन्य विधायकों और सांसदों द्वारा पूर्व में दिए गए प्रस्तावों पर चर्चा की गई। इन प्रस्तावों के अनुसार, लगभग 150 खनन प्रभावित गांवों में स्ट्रीट लाइटें, ई-रिक्शा, कचरा प्रबंधन उपकरण, खेल सामग्री और आवश्यक जनसुविधाओं से जुड़ी योजनाओं को स्वीकृति दी गई। बैठक में तय किए गए प्रस्तावों के अनुसार, इन योजनाओं के लिए लगभग 8 करोड़ रुपये की राशि स्वीकृत की गई है। यह राशि जिला खनिज न्यास निधि से खर्च की जाएगी।
जिला खनन अधिकारी डॉक्टर राजेश कुमार शेरावत का कहना है कि यह निर्णय जिले के खनन प्रभावित ग्रामीण क्षेत्रों के जीवन स्तर को सुधारने में अहम भूमिका निभाएगा
डीएमएफ चेयरमैन एवं उपायुक्त पार्थ गुप्ता और जिला खनन अभियंता तथा समिति के सदस्य सचिव डॉ. राजेश कुमार द्वारा इन योजनाओं को औपचारिक रूप से जारी किया गया।

### अवैध पिस्तौल सहित चोलका का विकास गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया खरखौदा/सोनीपत/सोमपाल सैनी** सोनीपत जिले की क्राईम यूनिट वेस्ट की पुलिस टीम ने अवैध हथियार की घटना मे संलिप्त आरोपी को अवैध हथियार सहित गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी विकास निवासी चोलका जिला सोनीपत का रहने वाला है। पुलिस पीआरओ विभाग से मिली जानकारी के अनुसार 6 अगस्त को क्राईम युनिट वैस्ट सोनीपत की पुलिस टीम मे नियुक्त उप निरीक्षक बिजेंद्र अपनी पुलिस टीम के साथ गश्त पड़ताल हेतु गोहाना रोड बाईपास सोनीपत पर मौजूद था।
कि खुफिया जानकारी प्राप्त हुई

## गीता इंस्टीट्यूट ऑफ लॉ में हवन के साथ शैक्षणिक सत्र का शुभारंभ



**टीम एक्शन इंडिया पानीपत, (कमाल हुसैन )** गीता इंस्टीट्यूट ऑफ लॉ करहंस में शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए हवन यज्ञ का आयोजन कर नए छात्रों का स्वागत किया गया। आयोजित कार्यक्रम में बतौर विशिष्ट अतिथि पहुंची सीजेएम पानीपत वर्षा ने भावी वकीलों व जजों को निरंतर मेहनत और लग्न के साथ मंजिल तक पहुंचने का आह्वान किया। उन्होंने कहा की लॉ के क्षेत्र में अनुसाशन व न्यायायिक भावना का महत्वपूर्ण स्थान है। दैनिक जीवन में लॉ की हर क्षेत्र में जरूरत पड़ती है। लॉ के क्षेत्र में रोजगार के लिए छात्रों का भविष्य उज्ज्वल है। आयोजित कार्यक्रम में एलएलबी व बीबीए एलएलबी पांच वर्षीय पाठ्यक्रमों में एडमिशन लेने वाले छात्रों व उनके अभिभावको ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता इंस्टिट्यूट के प्रिंसिपल सुभाष मित्तल व संचालन निदेशक ट्रेनिंग डॉ प्रेरणा डावर ने किया।
कार्यक्रम में बतौर मुख्यतिथि पहुंचे जीयू के प्रो चांसलर एंव गीता ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट्स के वाइस चेयरमैन अंकुश बंसल ने छात्रों को लॉ क्षेत्र में सफलता के लिए निरंतर अभ्यास व कड़ी मेहनत करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा की गीता इंस्टिट्यूट ऑफ लॉ छात्रों के सवार्गीन विकास के लिए काम कर रह रहा है। इंस्टिट्यूट ने छात्रों के लिए ज्यूडिशियल कोचिंग के लिए कॉलेज में ही कोचिंग के अनुभवी प्रशिक्षकों को हायर किया गया है। नवंबर में होने वाले अंतराष्ट्रीय मूट कोर्ट कॉम्पीटिशन के ब्रॉशर का हुआ विमोचन।
आयोजित कार्यक्रम के दौरान गीता इंस्टीट्यूट ऑफ लॉ में नवंबर में होने अंतरराष्ट्रीय मूट कोर्ट कॉम्पीटिशन के आधिकारिक ब्रॉशर का प्रो चांसलर अंकुश बंसल एवं सीजेएम वर्षा शर्मा ने संयुक्त रूप से विमोचन किया।

## अनाज मंडी में होगा आजादी के जश्न का भव्य व शानदार कार्यक्रमः सेतिया



**टीम एक्शन इंडिया लाडवा, 7 अगस्त (विजय** कौशिक): उपमंडल अधिकारी पंकज सेतिया ने कहा कि 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस पर आजादी का जश्न भव्य व शानदार ढंग से अनाज मंडी लाडवा में मनाया जाएगाा।
स्वतंत्रता दिवस के समारोह में किसी भी विभाग की कोई कमी नहीं रहनी चाहिए। स्वतंत्रता दिवस राष्ट्रीय पर्व है, इस समारोह की गरिमा के अनुरूप सभी अधिकारी अपने-अपने विभाग से संबंधित तैयारियों व जिम्मेदारियों को समयबद्ध तरीके से पूरा करना सुनिश्चित करें।
उपमंडल अधिकारी पंकज सेतिया वीरवार को अधिकारियों के साथ स्वतंत्रता दिवस समारोह के सफल आयोजन को अनाज मंडी का निरीक्षण कर रहे थे। समारोह में परेड, सांस्कृतिक कार्यक्रम के अलावा पीटी एवं लेजियम बैंड, स्काउट और मलखम्ब की प्रस्तुतियां दी जाएंगी। उन्होंने सभी अधिकारियों द्वारा अपने कार्यालय से सराहनीय कार्य करने वाले कर्मचारियों की सूची उनके द्वारा किए गए कार्यों की प्रति सहित नामों की सिफारिश 12 अगस्त तक उपमंडल अधिकारी कार्यालय में भिजवाना सुनिश्चित करें।
उपमंडल अधिकारी पंकज सेतिया ने कहा कि अनाज मंडी में होने वाले स्वतंत्रता दिवस के कार्यक्रम को लेकर सभी प्रकार की तैयारियों को समय पर पूरा किया जाए। शेड के नीचे की साफ-सफाई, मंच की तैयारी सहित अन्य सभी व्यवस्थाओं को पूरा किया जाए। राष्ट्रीय ध्वज के लिए पोल रस्सी का प्रबंध, मंच पर राष्ट्रीय ध्वज का प्रबन्ध, रखरखाव तथा स्टेज व पोल को पेंट कराने का प्रबंध करें। इसके अलावा शहीद स्मारकों पर रंग-रोगन करवाया जाए। उन्होंने कहा कि समारोह स्थल पर परेड के लिए पुलिस एक प्लाटून, एसीसी (राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, लाडवा), एनसीसी (आईजीएन कालेज लाडवा), स्काउट एवं गाईडस (राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय लाडवा), पीटी एवं लेजियम (सुगनी देवी स्कूल लाडवा), यूनिक स्कूल का बैंड, स्काउट के लिए राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय लाडवा, और गुरुकुल लाडवा खरकाली के मलखम्ब की टुकडि?ं को संबंधित विभाग तैयार करना सुनिश्चित करे। परेड के बेहतर लय-ताल के लिए उचित मात्रा में अभ्यास किया जाए तथा 13 अगस्त को फुल ड्रेस रिहर्सल करना सुनिश्चित करे। उन्होंने कहा कि शिक्षा विभाग द्वारा समारोह के दौरान योगा, नशा मुक्ति पर नाटक आदि के कार्यक्रम आयोजित किए जाए। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम के दौरान एक एंबुलेंस की गाड़ी और एक फायर ब्रिगेड की गाड़ी संबंधित विभाग मौजूद रखे। इस मौके पर उनके साथ डीएसपी रणधीर सिंह, नायब तहसीलदार बलकार सिंह, एसएचओ सुनील वत्स, मार्केट कमेटी सचिव संत कुमार सहित अन्य अधिकारीगण मौजूद रहे।

## कथाकार मुंशी प्रेमचंद की जयंती पर भाषण प्रतियोगिता व नाटक मंचन का आयोजन



**टीम एक्शन इंडिया रादौर, 7 अगस्त (कुलदीप सैनी)** : डी.ए.वी. पब्लिक स्कूल में हिंदी साहित्य के कथाकार मुंशी प्रेमचंद की जयंती के उपलक्ष्य में भाषण प्रतियोगिता व नाटक मंचन का आयोजन किया गया। जिसमें छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कक्षा छठी और सातवीं की छात्राओं दीपशिखा, एंजल और हितांशी ने अपने प्रभावशाली भाषणों के माध्यम से मुंशी प्रेमचंद के जीवन, संघर्ष और साहित्यिक योगदान को अत्यंत सुंदर ढंग से प्रस्तुत किया। इस अवसर पर मुंशी प्रेमचंद की प्रसिद्ध कहानी पंच परमेश्वर पर आधारित एक प्रेरणात्मक नाटक का मंचन भी किया गया। जिसमें कक्षा छठी व सातवीं के छात्रों अंशिका, मानसी, वान्या, तेजस्वी, पीहू, धनिष्का और सीरत सहित अन्य बच्चों की प्रस्तुति ने सभी का मन मोहा। विद्यालय के प्रधानाचार्य रमन शर्मा ने कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए हिंदी विभाग के अध्यापक अविनेश, सुनीता शर्मा, अंजना कांबोज व सीमा रानी की सराहना की।
उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि इस प्रकार की रचनात्मक गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी से छात्रों के ज्ञान में भी बढ़ोतरी होती है।

# अनिल विज के प्रयासों से टांगरी नदी में खुदाई होने से मिली राहत

## नदी में बीती मध्यरात्रि तक जलस्तर 20900 क्यूसिक यानि 9.5 फुट तक पहुंच गया था

**लोगों को राहत**

टांगरी नदी में जलस्तर खतरे के निशान से ऊपर होने के बावजूद नुकसान नहीं हुआ



**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**
**अम्बाला:** हरियाणा के ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज के प्रयासों से टांगरी नदी में जलस्तर खतरे के निशान से ऊपर होने के बावजूद नुक्सान नहीं हुआ है। नदी में बीती मध्यरात्रि तक जलस्तर 20900 क्यूसिक यानि 9.5 फुट तक पहुंच गया था। गत वर्षों में अम्बाला छावनी में आई बाढ़ के समय इतना पानी आया था जब कई कालोनियां नदी के पानी की वजह से जलमग्न हो गई थी। मगर इस बार बरसातों से पहले हरियाणा के ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज के प्रयासों से नदी तल में खुदाई का कार्य किया गया था जिस कारण नदी का पानी सुरक्षित आगे निकल गया। नदी में अभी खुदाई का कार्य आधा ही हुआ है क्योंकि बरसातों के कारण इसे रोक दिया गया था, शेष खुदाई का कार्य बरसाती सीजन के बाद पूरा होगा।
सिंचाई विभाग के अधीक्षक अभियंता (एसई) मनीष कुमार ने बताया कि टांगरी नदी में 6 अगस्त 2025 को सुबह 11 बजे 11000 क्यूसिक पानी चल रहा था और शाम को लगभग 4 बजे नदी में 7.0 फीट पानी यानी 15400 क्यूसिक डिस्चार्ज तक पहुंच गया और उसके बाद मध्यरात्रि पानी का डिस्चार्ज 20900 क्यूसिक तक पहुंच गया था। टांगरी नदी का डेंजर लेवल 7 फुट यानी 15400 क्यूसिक है। उन्होंने बताया विभाग द्वारा पिछले सालों में यह देखा गया है कि नदी में 15400 क्यूसिक पानी आने से आसपास की कालोनियां जिनमें न्यू टैगोर गार्डन, न्यू एकता वहार, प्रभु प्रेम पुरम, गांव रामपुर, सरसेहड़ी, चंदपुरा, करधान में जल-भराव हो जाता था और नदी के नजदीक बने घर पानी में डूब जाते थे। इससे लोगो को बहुत परेशानी और भारी नुकसान झेलना पड़ता था। वर्ष 2023 में नदी में आए पानी से अंबाला छावनी में करोड़ों का नुकसान हुआ था। अधीक्षक अभियंता मनीष कुमार ने बताया कि नदी के पानी से नुकसान को रोकने के लिए माननीय कैबिनेट मंत्री श्री अनिल विज जी ने टांगरी नदी को गांव रामगढ माजरा से गांव भुन्नी तक गहरा और चौड़े करने और गांव सरसेहड़ी और चांदपुरा में बांध बनाने के निर्देश दिए थे। सरसेहड़ी और चांदपुरा में बांध बनाकर सुरक्षा दी गई थी जिसके कारण चंदपुरा और सरसेहड़ी इस बार नदी में आए ज्यादा पानी से बच गया। बरसातों से पहले इस बार टांगरी नदी को गांव चंदपुरा, करधान और शाहपुर में गहरा और चौड़ा किया गया है और बचा हुआ कार्य बारिशों के बाद शुरू कर दिया जाएगा। उन्होंने बताया टांगरी नदी की खुदाई के बाद नदी के पानी को ले जाने की क्षमता काफी बढ़ी है। इस बार 20900 क्यूसिक पानी भी नदी से बिना कोई नुकसान करे गुजर गया और कसी भी व्यक्ति को कोई परेशानी नहीं झेलनी पड़ी।
अधीक्षक अभियंता मनीष कुमार ने बताया कि टांगरी नदी में इस बाद हुई खुदाई के कारण अबाला कैंट के लोगों को काफी राहत मिली है।

# प्रार्थियों की समस्याओं का प्राथमिकता से हो समाधान



**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**
**अम्बाला:** नगराधीश अभिषेक गर्ग ने उपायुक्त कार्यालय के सभागार में आयोजित समाधान शिविर की अध्यक्षता करते हुए लोगो समस्याओं को सुना और साथ ही उनकी समस्याओं को संबंधित अधिकारियों को मार्क करते हुए जल्द समाधान करने के निर्देश दिए। नगराधीश ने कहा कि उपायुक्त अजय सिंह तोमर के निदेर्शानुसार एवं मार्गदर्शन में आमजन की समस्याओं का त्वरित समाधान करने के उद्देश्य से जिला स्तर पर उपायुक्त कार्यालय और उपमण्डल स्तर पर संबंधित एसडीएम कार्यालय में समाधान शिविर आयोजित किए जा रहें है। इन समाधान शिविरों के विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी एक जगह मौजूद रहकर लोगो की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान सुनिश्चित करते है। उन्होंने आमजन से अपील की वे अपनी समस्याओं को समाधान शिविर में रखकर उनका समाधान करवाएं और इन समाधार शिविर का लाभ उठाएं।
इस दौरान समाधान शिविर में शिकायतकताओं द्वारा कुल 4 शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें से एक का मौके पर समाधान कर दिया गया और शेष शिकायतों का जल्द से जल्द समाधान करने के निर्देश दिए गए। इस मौके पर एसडीओ यूएचबीवीएन जोगिन्द्र, जिला समाज कल्याण विभाग से सहायक सतीश कुमार, जिला लोक निर्माण विभाग से जेई सिद्धार्थ के साथ-साथ अन्य विभागों के अधिकारीगण मौजूद रहें।

**न्यूज फ्लैश**

## पंचकूला के वार्ड नंबर 3 में पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित



**पंचकूला/मैनपाल** — पंचकूला के वार्ड नंबर 3 के सेक्टर 7 स्थित माता दुर्गा मंदिर के पास आज एक विशेष पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की शुरूआत वार्ड पार्षद श्रीमती रितु गोयल एवं पूर्व पार्षद सी. बी. गोयल ने पौधा लगाकर की। कार्यक्रम का उद्देश्य क्षेत्र को हराभरा बनाना और पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देना रहा। इस अवसर पर पूरे वार्ड में 100 से अधिक पौधे लगाने का लक्ष्य रखा गया, जिसमें विभिन्न प्रजातियों के छायादार व फलदार पौधे शामिल थे। सभी पौधों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए ट्री गार्ड लगाने की भी व्यवस्था की गई है। कार्यक्रम में सेक्टर 7 के निवासी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। हर एक व्यक्ति ने माता दुर्गा के नाम से एक पौधा लगाया और उसके संरक्षण की जिम्मेदारी स्वयं उठाने का संकल्प लिया। नगर निगम के अधिकारी, कर्मचारी एवं पार्क डेवलपमेंट कमेटी के सदस्य भी इस अभियान में सक्रिय रूप से शामिल हुए। उन्होंने भी पौधारोपण कर स्थानीय जनता को पर्यावरण के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया। कार्यक्रम में बच्चों, महिलाओं और बुजुर्गों की भागीदारी ने उत्सव का रूप ले लिया। पूर्व पार्षद सी. बी. गोयल ने अंत में सभी प्रतिभागियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस तरह के आयोजन केवल पर्यावरण की रक्षा नहीं करते, बल्कि समाज को एकजुट करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। पार्षद श्रीमती रितु गोयल ने भी क्षेत्रवासियों से पौधों की देखभाल का आग्रह किया।

## किड्स प्लेनेट प्रेम पब्लिक स्कूल की छात्राओं ने विशेष बच्चों को राखी बाँधी

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**



**कुरुक्षेत्र:** रक्षाबंधन के शुभ अवसर पर किड्स प्लेनेट प्रेम पब्लिक स्कूल, सेक्टर-3 की छात्राएं सार्थक बधिर विद्यालय पहुँचीं, जहाँ उन्होंने वहाँ के विशेष बच्चों को राखी बाँधकर अपनत्व, प्रेम और भाईचारे का संदेश दिया।इस सामाजिक समरसता के कार्यक्रम में बच्चों के चेहरे पर मुस्कान और भावनाओं में विशेष उत्साह देखने को मिला। किड्स प्लेनेट प्रेम पब्लिक स्कूल के प्रबंधक श्री परमिंदर सिंह बाठ जी ने कहा: हम अपने छात्रों में सामाजिक उत्तरदायित्व और मानव संवेदनाओं को विकसित करना चाहते हैं। इस प्रकार की गतिविधियाँ बच्चों को भावनात्मक रूप से समृद्ध बनाती है।

## ब्रह्माकुमरीज नारायणगढ़ शाखा में रक्षाबंधन का पर्व मनाया

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**
**अम्बाला:** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की नारायणगढ़ शाखा में रक्षाबंधन का पर्व बड़ी धूमधाम मनाया गया। इस अवसर पर मुलाना सेवाकेंद्र संचालिका राजयोगिनी वीना दीदी जी मुख्य अतिथि के तौर पर तथा सुभद्रा दीदी मुख्य वक्ता के रूप में पधारे। बहन राजश्री ठाकुर, प्रवीण सहगल तथा भ्राता स्पेक्टर गुर्जर वरिष्ठ अतिथि के रूप में पधारे। मुलाना से आए बीके सुभद्रा दीदी ने रक्षाबंधन के त्यौहार का आध्यात्मिक अर्थ सबको स्पष्ट किया उन्होंने कहा की रक्षाबंधन का त्योहार एडवांस में पहले मनाया जाने का अर्थ ही यही है कि त्यौहार को कैसे मनाया जाना है उसके बारे में समाज में जागृति पैदा की जाए, रक्षा वास्तव में बहन को ही नहीं चाहिए बल्कि यह रक्षा हर इंसान को चाहिए हर आत्मा को चाहिए और सच्चा रक्षक हमारा परमपिता परमात्मा ही है जो हमें सच्चा रक्षा का सूत्र बांधता है। जिससे हम बुराइयों से बच जाते हैं। वास्तव में परमात्मा की याद ही सच्चा रक्षा सूत्र है और एक दूसरे का मुख मीठा करने का अर्थ उन्होंने बताया कि हमें सबसे मीठी वाणी बोलनी चाहिए। हमारे बोल मधुर होने चाहिए। परमपिता परमात्मा हम सभी को आत्म स्मृति का तिलक लगाते हैं, ये तिलक हर समय लगा रहे। मुख्य अतिथि राजयोगिनी बीके वीणा दीदी ने सभी को प्रतिज्ञा कराई कि हमारी दृष्टि वृत्ति कृति पवित्र होनी चाहिए रक्षाबंधन का पर्व हमारे विचारों को पवित्र करने का संदेश देता है।

# छात्रों को खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए लेना चाहिए पौष्टिक भोजन: सिंह

**खेल समारोह**

वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में तीन दिवसीय खेल समारोह का समापन समारोह हुआ



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र :** श्रीमद्भागवदगीता वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कुरुक्षेत्र में तीन दिवसीय खेल समारोह का समापन समारोह हुआ। इस अवसर पर विद्या भारती के महामंत्री संपूर्ण सिंह, मुख्य अतिथि योगेश अग्रवाल (एनआईटी असिस्टेंट प्रोफेसर), मुख्य वक्ता प्रीतम सिंह डायरेक्टर भीमराव अंबेडकर स्टडी सेंटर( प्रान्त सह कार्यवाहक) व विद्यालय के अध्यक्ष महेंद्र सिंगला,प्रबंधक वीरेंद्र वालिया, उपाध्यक्ष अशोक रोशा, कोषाध्यक्ष रमेश गुलाटी ,सदस्य जंगबहादुर सिंगला , पूर्व प्राचार्य रामपाल सरोहा ने मां शारदा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। तत्पश्चात विद्यालय के प्राचार्य अनिल मदान ने आए हुए अधिकारीगण का परिचय करवाया महामंत्री संपूर्ण सिंह जी ने छात्रों को खेल को खेल की भावना से खेलना चाहिए वह खेलों में अच्छा प्रदर्शन के लिए शुभआशीष दी। उसके पश्चात सभी छात्रों को शील्ड व मेडल देकर सम्मानित किया तत्पश्चात कार्यक्रम के मुख्य वक्ता डॉ प्रीतम सिंह सह प्रांत कार्यालय डिप्टी डायरेक्टर अंबेडकर स्टडी सेंटर ने सभी स्वतंत्रता सेनानियों के बारे में बताया उन्होंने कहा इन महापुरुषों अपना सर्वस्व न्योछावर कर कर हमें यह स्वतंत्रता दिलाई है इसलिए आज भी हमने याद करते हैं ।
कालिदास ने अपनी पुस्तक कुमार संभव में बताया कि शरीर का स्वस्थ रखने के लिए हमें पौष्टिक भोजन करना चाहिए आज हमारा खानपान ठीक नहीं है जिसके कारण हमारे शरीर में शक्ति का अच्छे से संतुलन नहीं हो रहा है इसलिए हमें हेल्दी फूड खाना चाहिए हमें जंक फूड को छोड़कर अपने घर पर अपनी मां के हाथ का सात्विक बना हुआ भोजन ग्रहण करना चाहिए जिसे हमारा स्वास्थ्य व शारीरिक विकास अच्छे से हो पुनः छात्रों को कहा तुम्हारे ऊपर ही देश समाज व राष्ट्र की जिम्मेदारी आने वाली है इसलिए तुम्हारा स्वस्थ होना बहुत आवश्यक है भारत को विकसित देश बनाने में प्रत्येक छात्र, प्रत्येक अध्यापक ,मजदूर व प्रत्येक व्यक्ति का योगदान आवश्यक है हमने अपने देश को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए स्वदेशी वस्तुओं को खरीदना चाहिए।

# स्कूली बच्चों ने पुलिस अधीक्षक को राखी बांधकर दी रक्षा बंधन की बधाई

**रक्षासूत्र बांधा**

राखी के त्यौहार को देश की रक्षा, पर्यावरण की रक्षा व हितों की रक्षा के लिए भी बांधा जाने लगा है



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र:** पुलिस अधीक्षक कुरुक्षेत्र नीतीश अग्रवाल ने रक्षाबंधन के त्यौहार की बधाई देते हुए कहा कि रक्षाबंधन का त्यौहार भाई-बहन के प्रेम का प्रतीक होता है। इस दिन बहन अपने भाई को राखी बांधते समय अपने भाई के सुखमय जीवन की कामना करती है। इस दिन भाई अपनी बहन को हर प्रकार की मुसीबत से बचाने का वचन देता है। अब राखी के त्यौहार को देश की रक्षा, पर्यावरण की रक्षा व हितों की रक्षा के लिए भी बांधा जाने लगा है। यह धागा कोई आम धागा नहीं होता यह तो रक्षासूत्र होता है। रक्षा बंधन प्रेम, त्याग और कर्तव्य का बन्धन है। इन धागों में मानवीय भावों को बांधने की शक्ति है। पुलिस अधीक्षक महोदय ने कहा कि जिला पुलिस महिलाओं की सुरक्षा को पूरी तरह से प्रतिबद्ध है। यह बातें पुलिस अधीक्षक नितीश अग्रवाल ने अपने कार्यालय में स्कूली बच्चों से राखी बंधवाने उपरांत बच्चों से बात करते हुए कही। जानकारी देते हुए पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि वीरवार को डीएवी पुलिस पब्लिक स्कूल पुलिस लाईन व डीएवी पब्लिक स्कूल सैक्टर-13 कुरुक्षेत्र के विधार्थियों ने पुलिस अधीक्षक कुरुक्षेत्र को राखी बांधकर रक्षा बंधन की बधाई दी गई। विधार्थियों ने पुलिस अधीक्षक कुरुक्षेत्र नीतीश अग्रवाल, हैड क्लर्क निरीक्षक राज कुमार, रीडर एसपी संजीव कुमार सहित कर्मचारियों को रक्षासूत्र बांधा। डीएवी पुलिस

# केंद्रीय विद्यालय- 4 के बच्चों ने सैनिक भाइयों को राखी भेंट की



**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**
**अम्बाला:** केंद्रीय विद्यालय क्रमांक 4 अंबाला छावनी में राखी निर्माण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें सभी कक्षाओं के विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भागीदारी की एवं रंग बिरंगी राखियों का निर्माण करके अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। बच्चों के द्वारा यह राखियां बहुत ही उत्साह के द्वारा बनाई गई क्योंकि यह राखियां हमारे सैनिक भाइयों के लिए भेजी जानी थी। विद्यार्थियों के द्वारा बनाई गई राखियों में प्रतिज्ञा आठवीं ब ने प्रथम स्थान, मुस्कान सातवीं ब एवं गुरजीत सातवीं अ ने द्वितीय एवं आयुष दसवीं अ तृतीय स्थान प्रदान किए गए। प्राचार्य महोदय अमन गुप्ता के द्वारा इन सभी विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया तथा आगे भी इसी प्रकार सभी प्रतियोगिताओं में बढ़-चढ़कर हिस्सेदारी करने के लिए प्रोत्साहित किया गया। इस प्रतियोगिता में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों एवं प्राचार्य महोदय अमन गुप्ता, सुनीता बाला, संजय कुमार, सीमा कुमारी, हरजीत, नेहा सहित ब्रिगेडियर अनिल कुमार के कार्यालय में जाकर उन्हें एवं अन्य सैनिक भाइयों को राखियां पहनाई गई।

## फतेहाबाद पुलिस ने साइबर ठगी का आरोपी पकड़ा

**फतेहाबाद।** साइबर अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत टोहाना पुलिस ने साइबर ठगी के मामले में एक युवक को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए युवक की पहचान सिमरजीत सिंह पुत्र मुख्तयार सिंह निवासी फतेह सिंह कॉलोनी, अमृतसर, पंजाब के रूप में हुई है। गुरूवार को थाना प्रभारी प्रहलाद ने बताया कि इस मामले में पुलिस ने मोहम्मद हैदर पुत्र मोहम्मद सलाउद्दीन निवासी वार्ड नं. 26, हुसैनाबाद, कटिहार, बिहार, हाल निवासी नव दुर्गा स्टेट, टोहाना की शिकायत पर केस दर्ज किया था। शिकायतकर्ता के अनुसार वह पेशे से डॉक्टर हैं।

# खेल महोत्सव में डीएवी स्कूल ने रचा इतिहास




**प्रतियोगिता**

विद्यालय के 500 से अधिक विद्यार्थियों ने 15 विभिन्न खेलों में भाग लिया

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**
**अम्बाला:** डीएवी सीनियर सेकेंडरी पब्लिक स्कूल, अंबाला सिटी के विद्यार्थियों ने 18 जुलाई से 30 जुलाई 2025 तक हरियाणा के विभिन्न डीएवी संस्थानों में आयोजित डीएवी नेशनल क्लस्टर-6 खेल प्रतियोगिता में अद्भुत प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम रोशन किया। विद्यालय के 500 से अधिक विद्यार्थियों ने 15 विभिन्न खेलों में भाग लिया, जिनमें अंडर-14, अंडर-17 और अंडर-19 श्रेणियों में लड़के व लड़कियाँ शामिल थीं। बच्चों ने अपने खेल कौशल, अनुशासन और मेहनत का परिचय देते हुए कुल 253 पदक जीतकर विद्यालय के लिए गर्व का क्षण रचा। स्वर्ण पदक : 120, रजत पदक : 121, कांस्य पदकः 12
प्रतियोगिताओं के आयोजन स्थलः यह खेल आयोजन हरियाणा के विभिन्न डीएवी विद्यालयों में सम्पन्न हुआ। डीएवी अंबाला सिटी के विद्यार्थियों ने हैंडबॉल, फुटबॉल, योग, बॉक्सिंग जैसे खेलों में बेहतरीन प्रदर्शन किया। साथ ही स्विमिंग, कबड्डी, एथलेटिक्स सहित अन्य खेलों में भी शानदार प्रतिभा दिखाई। यह सफलता विद्यार्थियों की कठोर मेहनत, प्रशिक्षकों की उत्कृष्ट मार्गदर्शन और टीम भावना का प्रमाण है। विद्यालय की प्रधानाचार्या डॉ राधा रमन सूरी ने इस गौरवपूर्ण उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहाः हमारे विद्यार्थियों ने यह सिद्ध कर दिया कि समर्पण, अनुशासन और निरंतर अभ्यास से कोई भी मंज़िल दूर नहीं होती। केवल पदकों की नहीं, बल्कि चरित्र, संयम और सामूहिक प्रयास की जीत है। डीएवी अंबाला सिटी के इस ऐतिहासिक प्रदर्शन ने विद्यालय के खेल इतिहास में एक स्वर्णिम अध्याय जोड़ा है।
प्रतियोगिता का समापन गर्व, उत्सव और प्रेरणा के भाव के साथ हुआ।

# महंत प्रभात पुरी कन्या स्कूल में प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित




**सम्मान**

बोर्ड परीक्षाओं में बेहतरीन अंक प्राप्त करने वाली 41 छात्राओं को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र :** झांसा रोड़ श्याम कालोनी स्थित महंत प्रभात पुरी कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कुरूक्षेत्र मे श्री मान श्रीमहंत बंशी पुरी जी महाराज की अध्यक्षता में प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन हुआ। मुख्य अतिथि श्री पंचायती महानिवार्णी अखाड़ा की महामण्डलेश्वर स्वामी विद्यागिरि जी महाराज रही। विशिष्ट अतिथि सुभाष गुप्ता मंडी गोबिंदगढ़, उज्जैन से पधारे प्रसिद्ध कथाकार प्रणव पुरी जी महाराज,एडवोकेट यशपाल गुप्ता, समाज सेवी सतीश शर्मा व महिला मानस प्रचार मंडल की अध्यक्षा शीला गिलहोतरा थी। प्राचार्य भजन राठोर ने बताया कि मुख्यातिथि ने गत वर्ष दसवीं व बारहवीं की बोर्ड परीक्षाओं में बेहतरीन अंक प्राप्त करने वाली विद्यालय की 41 छात्राओं को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। उन्होंनें अपने संबोधन में कहा कि बेटियां उच्च शिक्षा प्राप्त करने के साथ साथ माता-पिता व बुजुर्गों की सेवा, ईश्वर की उपासना तथा पुरातन सांस्कृतिक मूल्यों की धरोहर को अपनाएं। अध्यक्ष श्रीमहंत बंशी पुरी जी महाराज ने पुरस्कृत बच्चों को बधाई व शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आज के दौर में बेटियों का शिक्षित होना अति आवश्यक है। उन्होंने राष्ट्रीय व राज्य स्तर पर विभिन्न प्रतियोगिताओं की विजेता छात्राओं को पुरस्कृत भी किया। इससे पूर्व मुख्य अतिथि व विशिष्ट अतिथियों की मौजूदगी में श्रीमहंत बंशी पुरी जी महाराज के कर कमलो द्वारा दो नवनिर्मित कमरों का लोकार्पण भी किया गया। इस अवसर पर श्री स्थाणिशवर महादेव मंदिर के प्रबंधक स्वामी लक्ष्मी नारायण पुरी जी महाराज, श्री स्थाणु सेवा मंडल के प्रधान विनोद अरोड़ा,विद्यालय प्रबंधक सुनील सचदेवा,उप प्रबंधक रमेश सचदेवा, आशुतोष पुरी महाराज,पार्षद गौरव भट्ट, रिपू कालड़ा, धर्म पाल गुप्ता मंडी गोबिंदगढ़, विष्णु दत्त गुप्ता, विरेंद्र मेहंदीरत्ता, नवीन अरोड़ा, चरणजीत सिंह बाजवा,पिंकी गुप्ता, कुमारी अपराजिता गुप्ता, आकांक्षा गुप्ता,भवानी शंकर गुप्ता, सुशीला गुप्ता,राजू गुप्ता, अनिकेत गुप्ता ओम् प्रकाश डाटा,प्रीति गुप्ता,गिरिजा शर्लिन,प्रेम मदान, दिनेश गाबा, सीमा सचदेवा, भावना सचदेवा, सुरेश गोयल व उप प्राचार्य मंजुला शर्मा सहित भारी संख्या में मेहमान, अभिभावक व अध्यापक गण आदि मौजूद रहे।

# सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार के लिए 15 अगस्त तक करें आवेदन: महावीर



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र :** उपायुक्त महावीर प्रसाद ने कहा कि गणतंत्र दिवस 2026 के अवसर पर घोषित किए जाने वाले पद्म पुरस्कारों नामतः पद्म विभूषण, पद्म भूषण व पद्मश्री के लिए गृह मंत्रालय की ओर से ऑनलाइन नामांकन करने के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं, जिसके लिए अंतिम तिथि 15 अगस्त, 2025 है।
उपायुक्त महावीर प्रसाद ने कहा कि नामांकन अथवा अनुशंसा केवल राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल अवाड.जीओवी.इन पर ऑनलाइन ही स्वीकार की जाएंगी। नामांकन करने वाले व्यक्ति एक व्याख्यात्मक प्रशस्ति-पत्र (अधिकतम 800 शब्द) भी जिसमें अनुसंशित व्यक्ति की संबंधित क्षेत्र/विषय में विशिष्ट और अन्य उपलब्धियों/सेवाओं का स्पष्ट उल्लेख हो, प्रस्तुत किया जाए। उन्होंने बताया कि महिलाओं, समाज के कमजोर वर्गों, अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों, दिव्यांग लोगों तथा समाज की निस्वार्थ सेवा करने वाले लोगों में से उन प्रतिभावान व्यक्तियों की पहचान हेतु मिलकर प्रयास किये जाये, जिनकी उत्कृष्टता और वास्तव में सम्मान की हकदार है।
पद्म पुरस्कार, अर्थात पद्म विभूषण, पद्म भूषण और पद्मश्री, देश के सर्वोच्च नागरिक पुरस्कारों में से हैं। यह पुरस्कार कला, साहित्य और शिक्षा, खेल, चिकित्सा, सामाजिक कार्य, विज्ञान और इंजीनियरिंग, सार्वजनिक कार्य, नागरिक सेवाओं, व्यापार और उद्योग जैसे सभी क्षेत्रों/विषयों में विशिष्ट और असाधारण उपलब्धियों/सेवाओं के लिए उत्कृष्ट-कार्य को मान्यता प्रदान करने के लिए प्रदान किए जाते हैं।

# डीएवी पुलिस पब्लिक स्कूल की छात्राओं ने रक्षाबंधन के पावन अवसर पर संसद भवन जाकर जोड़ा आयाम

## छात्राओं ने संसद भवन जाकर राखी बाँधकर प्रेम का संदेश देते हुए संस्था के नाम को सार्थक किया

**संदेश**

**राष्ट्र प्रतीको ने भी इस अमूल्य भेंट को स्वीकार करते हुए कृतज्ञता व्यक्त की**



**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, ( कमाल हुसैन )** डीएवी पुलिस पब्लिक स्कूल की छात्राओं ने रक्षाबंधन के पावन अवसर पर संसद भवन जाकर सम्मान, प्रेम और अपनी सांस्कृतिक विरासत के प्रतीको को गायत्री मंत्र के उच्चारण के साथ राखी बाँधकर प्रेम का संदेश देते हुए दयानंद एंग्लो वैदिक संस्था के नाम को सार्थक एवं गौरान्वित किया
कैबिनेट मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत , (संस्कृति एवं पर्यटन मंत्रालय), अनुराग सिंह ठाकुर , (लोकसभा सांसद खेल परिषद) निर्मला सीतारमण , (वित्त मंत्रालय) जे.पी. नड्डा ( स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय) पीयूष गोयल , (वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय) बी.एल. वर्मा , (सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता) डॉ दिनेश शर्मा , (सांसद राज्यसभा), पूर्व उपमुख्यमंत्री सांसद– संजीव बालियान, प्रदीप सागवान, राजीव प्रताप रूडी , इमरान मसूद, संजय सिंह इत्यादि सांसदों को राखी बाँधकर स्वयं को गौरवान्वित किया।
डीएवी पुलिस पब्लिक स्कूल की छात्राओं ने रक्षाबंधन के पावन अवसर पर संसद भवन जाकर सम्मान, प्रेम और अपनी सांस्कृतिक विरासत के प्रतीको को राखी बाँधकर इस प्रतिष्ठित संस्थान के गौरव में एक और आयाम जोड़ा। लोकतंत्र के मंदिर में हमारे राष्ट्र के भविष्य को आकार देने वाले नेताओं को राखी बाँधकर छात्राएँ स्वयं को धन्य एवं सम्मानित महसूस कर रही है। सभी छात्राओं के लिए यह एहसास अवास्तविक रहा। सभी छात्राओं ने संसद भवन में उपस्थित मंत्रीगण को स्नेह एवं सम्मान भाव से राखी बाँधकर अमन का संदेश दिया। राष्ट्र प्रतीको ने भी इस अमूल्य भेंट को स्वीकार करते हुए कृतज्ञता व्यक्त की।

# भाविप की राखी बनाओ प्रतियोगिता में बनी 1500 राखियां भेजी गईं वीर जवानों के नाम

**राखियां**

**देश की बेटियां अपने सैनिक भाइयों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी हैं**



**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर।** भारत विकास परिषद गन्नौर शाखा एवं विश्व हिंदू परिषद धर्म प्रसार विभाग, गन्नौर खंड के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित रक्षा सूत्र कार्यक्रम के अंतर्गत छात्राओं द्वारा बनाई गई 1500 राखियां भारतीय सेना के वीर जवानों को समर्पित करने के लिए भेजी गईं। ये राखियां सीआरपीएफ के असिस्टेंट कमांडेंट हनुमान को नरेंद्र भारतीय प्रांत परिवर्तन प्रमुख एवं विकास जिला ढाबा प्रमुख द्वारा भारत विकास परिषद एवं विश्व हिंदू परिषद धर्म प्रसार विभाग की ओर से सौंपी गईं। भाविप अध्यक्ष संदीप सिंघल ने कहा कि इस पहल के माध्यम से छात्राओं ने अपने वीर सपूतों को प्रेम, सम्मान और कृतज्ञता प्रकट की। उन्होंने संदेश दिया कि देश की बेटियां अपने सैनिक भाइयों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी हैं।

## न्यूज फ्लैश

### जैन संत सेठ प्रकाश चंद महाराज के देवलोक गमन से समाज ने अलौकिक प्रकाश को खोया : मोहन लाल बड़ौली



**सोनीपत,((संजीव कौशिक)।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली ने गुरुवार को दिवंगत जैन संत गच्छाधिपति सेठ प्रकाश चंद जी महाराज को श्रद्धांजलि अर्पित की और उनकी शोभा यात्रा में शामिल हुए। इससे पहले श्री बड़ौली गन्नौर में स्व. पंडित नफे सिंह वशिष्ठ की सत्रहवीं व रस्म पगड़ी में पहुंचे और उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी।
भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली ने कहा कि दिवंगत जैन संत गच्छाधिपति सेठ प्रकाश चंद जी महाराज गुरुदेव के देवलोकगमन से समाज ने एक अलौकिक आध्यात्मिक प्रकाश को खो दिया है। उन्होंने कहा कि गुरुदेव प्रेम, अहिंसा और सद्भाव के प्रचारक थे और उनका सादा जीवन और दिव्य विचारधारा समाज के लिए सदैव प्रेरणा का स्रोत बनी रहेगी।
इससे पहले भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली गन्नौर में स्व. पंडित नफे सिंह वशिष्ठ जी की सत्रहवीं व रस्म पगड़ी पर पहुंचे। श्री बड़ौली ने स्व. पंडित नफे सिंह को भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की और परिवारजनों से भेंट कर ढांढस बंधाया।

### नैंसी शिक्षा निकेतन के विद्यार्थियों ने ब्लाक स्तरीय खेलो में किया उत्कृष्ट प्रदर्शन




**राई।** राई ब्लाक की खंड खंड स्तरीय स्कूल खेल प्रतियोगिता में नैंसी शिक्षा निकेतन के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विभिन्न खेलो में पदक प्राप्त किए। स्कूल के निदेशक दिनेश चौहान व नैंसी स्कूल की प्रिंसिपल शशि चौहान ने विजेता छात्रों को बधाई दी। उन्होंने बताया कि मनीष ने 110 मीटर हर्डल रेस में दूसरा स्थान प्राप्त किया । शुभम ने 110 मीटर हर्डल रेस में दूसरा स्थान , 400 मीटर रेस व 800 मीटर रेस दोनों में दूसरा स्थान प्राप्त किया। कक्षा आठवीं के छात्र वंश ने 600 मीटर रेस में प्रथम स्थान व 400 मीटर रेस में दूसरा स्थान प्राप्त किया। कक्षा दसवीं के छात्र केशु ने लॉन्ग जंप में दूसरा स्थान प्राप्त किया। स्कूल के डायरेक्टर दिनेश चौहान ने छात्रों को और अच्छा प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया। सफलता का श्रेय स्कूल विद्यार्थियों की लग्न, मेहनत, अभिभावकों के सहयोग और अध्यापकों के मार्गदर्शन को देता है।

### प्रापर्टी डीलर से 1.28 करोड़ की ठगी में आरोपित महिला गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर** जिले की आर्थिक अपराध शाखा ने प्रापर्टी डीलर से करीब 1 करोड़ 28 लाख रुपये की ठगी के मामले में आरोपित एक महिला को गिरफ्तार किया है। आरोपित महिला सोनीपत जिले की रहने वाली है। इससे पहले इस मामले में एक अन्य आरोपित दीपक निवासी माई चंद कालोनी गन्नौर को भी गिरफ्तार किया जा चुका है। पुलिस के अनुसार 3 जून 2025 को राजेंद्र सिंह निवासी गन्नौर ने थाना गन्नौर में शिकायत दर्ज करवाई थी कि दीपक शर्मा ने अक्टूबर 2023 में योजनाबद्ध तरीके से अपने साथियों के साथ मिलकर उसके साथ करोड़ों रुपये की ठगी की।

# आंतिल को भाजपा समर्थक मंच के हरियाणा प्रदेश अध्यक्ष बनने पर स्वागत



**टीम एक्शन इंडिया**
**राई।** राई हलके के भाजपा नेता मास्टर सतनारायण आंतिल को भाजपा समर्थक मंच के हरियाणा प्रदेश अध्यक्ष बनने पर कार्यकर्ताओं द्वारा फूल-माला पहनाकर स्वागत किया। इसके अलावा श्री भगवान जोगी नांगल खुर्द को बीजेपी समर्थक मंच का प्रदेश उपाध्यक्ष बनाया गया। अपनी नियुक्ति पर मास्टर सतनारायण आंतिल ने भाजपा समर्थक मंच के शीर्ष नेतृत्व व सभी सम्मानित कार्यकताओं का आभार व्यक्त किया।
मास्टर सतनारायण आंतिल ने अपनी नियुक्ति को लेकर कहा कि मंच ने उनके ऊपर जो विश्वास दिलाया कि वो संगठन के लिए लग्न व निष्ठा से काम करेंगे। सम्मान कार्यक्रम में भाजपा नेता सतनारायण आंतिल ने भाजपा संगठन को मजबूत करने की संकल्प लिया। इस मौके पर काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

# महाजन फाउंड्री फैक्ट्री की छत में लगी आग, दो दमकल गाड़ियों ने पाया काबू



**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर।** बड़ी औद्योगिक क्षेत्र में वीरवार को 95 नंबर महाजन फाउंड्री फैक्ट्री की छत में अचानक आग लग गई। फैक्ट्री में अलग-अलग धातुओं से विभिन्न उत्पाद तैयार किए जाते हैं। फैक्ट्री में कर्मचारियों ने आग पर काबू पाने का प्रयास किया, लेकिन आग पर काबू नहीं पाया जा सका। जिसके बाद फैक्ट्री संचालक ने तुरंत दमकल विभाग को इसकी सूचना दी। आग लगने की सूचना पर बड़ी औद्योगिक क्षेत्र व गन्नौर से दमकल गाड़ियों मौके पर पहुंची, लेकिन आग ने फैक्ट्री छत को पूरी तरह से अपनी चपेट में ले लिया। दोनों गाड़ियों ने मिल कर आग पर काबू पाया। गनिमत रही कि आग से किसी तरह की जनहानी नहीं हुई। फैक्ट्री एक महीने पहले ही शुरू की गई थी।

# पुलिस अधीक्षक हांसी अमित ने सभी उप पुलिस अधीक्षकों व थाना प्रबंधकों के साथ की बैठक

**हांसी (दिनकर गावड़ी):** पुलिस अधीक्षक हांसी अमित यशवर्धन ने आज अपने कार्यालय में पुलिस जिला हांसी के सभी उप पुलिस अधीक्षक एवं थाना प्रबंधक के साथ गोष्ठी का आयोजन किया।गोष्ठी के दौरान पुलिस अधीक्षक ने सभी अधिकारियों को क्षेत्र में कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए विशेष दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आगामी समय में किसी भी प्रकार की आपराधिक गतिविधियों को रोकने के लिए गश्त को और अधिक सघन किया जाए तथा सभी थानों में लंबित मामलों का शीघ्र निपटारा सुनिश्चित किया जाए।
पुलिस अधीक्षक हांसी अमित यशवर्धन ने नशा विरोधी अभियानों को भी प्राथमिकता से संचालित करने के निर्देश दिए और कहा कि समाज को नशे से मुक्त करने के लिए पुलिस को सख्त एवं संवेदनशील दोनों दृष्टिकोणों से कार्य करना होगा। इसके अतिरिक्त, उन्होंने सभी थाना प्रभारियों को जनता के साथ बेहतर संवाद स्थापित करने, शिकायतों का त्वरित निवारण सुनिश्चित करने तथा थानों में आने वाले प्रत्येक व्यक्ति के साथ सम्मानजनक व्यवहार रखने के निर्देश भी दिए।बैठक का उद्देश्य पुलिसिंग में पारदर्शिता, जवाबदेही एवं सक्रियता को बढ़ावा देना था।

# नगरपालिका की अनदेखी की वजह से खेड़ी गुर्जर रोड पर जलभराव, लोग परेशान



**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर।** खेड़ी गुर्जर रोड पर नालों की सफाई न होने से हालात बिगड़ गए हैं। सड़क के दोनों ओर बने नालों में लंबे समय से गंदगी जमी हुई है, जिसकी वजह से पानी की निकासी नहीं हो पा रही। जिसके चलते अब बारिश का पानी नालों से ओवरफ्लो होकर सड़क पर आ गया है, जिससे पूरे क्षेत्र में जलभराव की स्थिति बन गई है। सड़क पर जमा पानी के कारण दोपहिया वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कई वाहन चालक जलभराव में गिरकर चोटिल भी हो चुके हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि वे कई बार नगर पालिका अधिकारियों को इस समस्या से अवगत करा चुके हैं, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। प्रशासन की अनदेखी से लोगों में नाराजगी बढ़ रही है। स्थानीय दुकानदारों और राहगीरों का कहना है कि जलभराव से न केवल ट्रैफिक प्रभावित हो रहा है, बल्कि बदबू और मच्छरों की समस्या भी बढ़ती जा रही है। हालात ऐसे हो गए हैं कि राहगीरों को रास्ता बदलना पड़ रहा है। नागरिकों ने मांग की है कि नगर पालिका तत्काल प्रभाव से नालों की सफाई करवाए, ताकि बारिश के पानी की निकासी सुचारु रूप से हो सके और लोगों को राहत मिल सके।

# नूंह के नंगला जमालगढ़ गांव में चोरों की पेड़ से बांधकर जमकर पिटाई

**नूंह मेवात (लियाकत अली ):** नूंह जिले में पशुओं की चोरी लगातार बढ़ रही है। पशुओं की लगातार बढ़ रही चोरी का कारण मेवात में बढ़ता नशा मानें या फिर बूचड़खाने क्योंकि मेवात में संचालित बूचड़खानों में चोरी करने के बाद तुरंत पशुओं को कटवाने के लिए पहुंचा दिया जाता है। जहां पर उनको जाते ही काट दिया जाता है । ताजा मामला नूंह ज़िले के नंगला जमालगढ़ गांव का है। जहां पर रात के अंधेरी में लोग गहरी नींद में सोए हुए थे, तभी कुछ चोर अंधेरे का फायदा उठाकर गांव में घुस आए और घर के पास बंधी 2 भैंस, दो गायों को खोल लिया।

# ममेरे साले की शादी में गए फर्नीचर कारीगर की चाकूओं से गोदकर हत्या

**हत्या**

**-पत्नी बचाव के लिए गिड़गिड़ाती रही लेकिन लूटेरे चाकू मारकर रुपएं छीनकर फरार**



**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर (अशोक राठी )** बादशाही रोड गन्नौर निवासी 28 वर्षीय फर्नीचर कारीगर शाहनवाज की शादी में शामिल होने के दौरान लूटपाट के दौरान हत्या कर दी गई। शाहनवाज अपने ममेरे साले की शादी के लिए उत्तप्रदेश के कैराना से सवा लाख रुपये का हार लेकर पत्नी के साथ बाइक से उत्तरप्रदेश के शामली के गांव इस्सापुर खुरगान जा रहा था, लेकिन रास्ते में बदमाशों ने उसकी चाकू से गला रेतकर हत्या कर दी और हार लूटकर फरार हो गए। शाहनवाज मूल रूप से गन्नौर के गांव गढ़ीझंझारा का निवासी था और हाल में बादशाही रोड पर जलघर के पास अपने परिवार के साथ रहता था। वह अपने पिता जमील व छोटे भाई शाहरुख के साथ गढ़ी केसरी में शहीद चौक के पास फर्नीचर की दूकान चलाता था। वह चार भाइयों में सबसे बड़ा था उसके छोटे भाई शारूख, तासीम, हासीन का घर परिवार चलाने के लिए सहारा था। मृतक के वर्षीय बेटा फैजान व शहजान है। परिवार के अनुसार, वह मेहनती और जिम्मेदार व्यक्ति था। शादी के दिन हुई इस दर्दनाक घटना ने परिजनों को गहरे सदमे में डाल दिया है। शाहनवाज की पत्नी मैफरीन गहरे सदमे में है। गन्नौर में मृतक के घर पर मातम पसरा है और लोग घटना की कड़ी निंदा कर रहे हैं। स्वजन ने आरोपितों की जल्द गिरफ्तारी और सख्त सजा की मांग कर रहे हैं।
-एक दिन पहले हुई थी कहासुनी शाहनवाज के फुफेरे भाई फारुख ने बताया कि शाहनवाज अपनी पत्नी के साथ बुधवार को शामली में शादी समारोह में शामिल होने के लिए निकला था।

# त्रिवेणी लगाकर दिया पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**
**महेंद्रगढ़।** गांव बलायचा स्थित बाबा ब्रह्मचारी आश्रम सेवा समिति द्वारा प्रयास श्रीबालाजी संस्था के सहयोग से पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया। इस दौरान समिति के सदस्यों ने बरगद, पीपल, नीम और बेलपत्र के चार त्रिवेणी संयोजनों को सार्वजनिक स्थलों पर लगाया गया। समिति प्रवक्ता जुगल किशोर ने जानकारी देते हुए बताया कि यह अभियान समिति द्वारा हर वर्ष चलाया जाता है, जिसका उद्देश्य न केवल पौधारोपण करना है, बल्कि भारतीय संस्कृति में पवित्र माने जाने वाले वृक्षों के महत्व को जनमानस तक पहुंचाना भी है। बरगद, पीपल और बेलपत्र को त्रिवेणी कहा जाता है और इनका धार्मिक, सांस्कृतिक व पर्यावरणीय दृष्टि से विशेष महत्व है। समिति प्रधान राजेन्द्र शर्मा ने बताया कि हमारी संस्था केवल पौधे लगाकर छोड़ नहीं देती, बल्कि उनका पालन-पोषण और संरक्षण भी सुनिश्चित करती है। हमारा उद्देश्य यह है कि हर लगाया गया पौधा सुरक्षित रूप से पेड़ बने और आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ व हरा-भरा पर्यावरण मिले। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में जब पर्यावरणीय असंतुलन, जलवायु परिवर्तन और प्रदूषण जैसी समस्याएं दिन-प्रतिदिन गंभीर हो रही हैं

# सामान्य ज्ञान ओलंपियाड के छात्रों को सम्मानित किया

**सम्मानित**

**सामान्य ज्ञान विषय में रूचि लेते हुए स्कूल के 25 छात्रों ने ओलंपियाड में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।**




**टीम एक्शन इंडिया**
**राई।** ओम शांति शिक्षा सदन नाथूपुर में सामान्य ज्ञान ओलंपियाड के छात्र-छात्राओं को आकर्षक पुरस्कार व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। सामान्य ज्ञान विषय में रूचि लेते हुए स्कूल के 25 छात्रों ने ओलंपियाड में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। ओलंपियाड की परीक्षा में सामान्य ज्ञान से सम्बधित प्रश्न पूछे गए। जिसमें छात्र-छात्राओं ने अपने ज्ञान का लोहा मनवाया व जीत हासिल की। स्कूल निर्देशक योगराज भारद्वाज, प्रधानाचार्य राजेश कुमार गुप्ता ने विजेता छात्र-छात्राओं को पुरस्कार व प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित करते हुए कहा की राई ब्लॉक में ओम शांति स्कूल एकमात्र ऐसा स्कूल है जो छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए अलग-अलग प्रकार केओलिंपियाड करवाता है। जिससे छात्र अंतरराष्ट्रीय स्तर पर तैयार हो सके और भविष्य में होने वाली परीक्षाओं को आसानी से पास कर अपने लक्ष्य को प्राप्त कर सके व अपना वह अपने माता-पिता के साथ स्कूल का भी नाम रोशन किया।

# आंगनबाड़ी केंद्र में मनाया विश्व स्तनपान सप्ताह

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**
महेंद्रगढ़।
गांव सिगड़ी राजपूत की आंगनबाड़ी केंद्र में विश्व स्तनपान सप्ताह मनाया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता आंगनबाड़ी वर्कर पिंकी न की। कार्यक्रम में सुशीला एएनएम, सुमन आशा वर्कर, सीमा आंगनबाड़ी वर्कर, कविता हैल्पर, निशा पंच उपस्थित रही।
आंगनबाड़ी वर्कर पिंकी और सीमा ने बताया कि अगस्त महीने के पहले सप्ताह में विश्व स्तनपान सप्ताह (1-7 अगस्त) मनाया जाता है, जिसका उद्देश्य शिशुओं को कुपोषण से बचाना और उनके मानसिक-शारीरिक विकास को बढ़ावा देना हैं। विश्व स्तनपान 2025 की थीम है 'स्तनपान को प्राथमिकता दें: स्थायी सहायता प्रणालियां बनाएं', जिसका उद्देश्य माताओं और शिशुओं के स्वास्थ्य को बेहतर बनाना हैं। उन्होंने बताया कि यह थीम माताओं को स्तनपान के लिए प्रोत्साहित करने और पर्यावरण की सुरक्षा के लिए सहायता पर भी ध्यान दिलाती हैं। उन्होंने बताया कि बच्चे के जन्म लेने के तुरंत बाद उसे मां का पहला गाढ़ा दूध अवश्य पिलाए, ये पीला गाढ़ा दूध बच्चे की रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाने का काम करेगा। शिशु को जन्म से छह माह तक केवल मां का दूध पिलाए, छह माह बाद उसे चावल का पानी, पतली दाल, पतली खिचड़ी, दलिया, फल का जूस आदि पिलाए। एएनएम सुशीला व आशा वर्कर सुमन ने टीकाकरण के महत्त्व के बारे में संपूर्ण जानकारी दी

# बिजली का शार्ट सर्किट होने से लगी आग के कारण तीन पशुओं की मौत



**सोनीपत, 7 अगस्त।** बीती रात गोहाना रोड स्थित इंडियन कॉलोनी में बिजली का शार्ट सर्किट होने से लगी आग के कारण तीन पशुओं की मौत हो गई। पुलिस में रिपोर्ट दर्ज करने के बाद पशुपालन विभाग के अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर मृत पशुओं का पोस्ट मॉर्टम करवाया। मृत पशुओं में एक भैंस एवं दो कटिया शामिल हैं। घटना की सूचना मिलने पर नगर निगम मेयर राजीव जैन पीड़ित रमेश के घर पंहुचे और घटना की जानकारी ली। पीड़ित रमेश ने बताया कि रात को शार्ट सर्किट होने से तुड़े में आग लगी, लगता है कि करंट लगने से पशु बेहोश हो गए और बाद में जलने से मर गए। उन्होंने बताया कि वह गरीब बी पी एल परिवार से सम्बन्ध रखता है और इन्ही का दूध बेचकर परिवार का पालन पोषण करता है। राजीव जैन ने तुरंत पीड़ित को 25 हजार रुपए की आर्थिक मदद प्रदान की और पार्षद बिजेंद्र मलिक और जोगेंद्र प्रजापति (सेठा) ने भी अलग अलग 5100 रुपए की मदद का विश्वास दिलवाया ।
राजीव जैन ने सुझाव दिया कि पोस्टमार्टम की रिपोर्ट आने के बाद आर्थिक मदद के लिए जिला उपायुक्त को आवेदन कर देना ताकि पशुपालन विभाग से भी मदद मिल सके। उन्होंने विश्वास दिलाया कि वह प्रशासन एवं सरकार के स्तर पर हर संभव मदद करवाने का प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि हर पशुपालक को पशुधन बीमा योजना का लाभ उठाना चाहिए ताकि दुर्घटना की दशा में आर्थिक नुकसान की भरपाई हो सके।

# चेयरमैन राठौर ने लोगों से की अपील, दिल्ली को स्वच्छ रखने में निभाएं जिम्मेदारी







**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी द्वारा देशभर में चलाए गए स्वच्छ भारत अभियान की तर्ज पर दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता द्वारा दिल्ली कूड़ा मुक्त अभियान के तहत मुकुंदपुर वार्ड पार्षद व सिविल लाइन जोन चेयरमैन गुलाब सिंह राठौर द्वारा क्षेत्र के अलग-अलग हिस्सों में सफाई अभियान चलाया गया। इस दौरान भाजपा के अन्य कार्यकर्ताओं सहित क्षेत्रीय लोगों ने भी अपनी भागीदारी निभाई। इसके साथ ही बरसाती मौसम में गंदगी और जलभराव से पनपने वाले मच्छरों से निजात पाने के लिए जहांगीरपुरी क्षेत्र की तमाम गलियों और घरों में फॉगिंग करवाई गई। साथ ही जहांगीरपुरी स्थित पार्क में काफी लंबे समय से पानी की मोटरें खराब पड़ी हुई थी, जिसके चलते पेड़-पौधों में पानी देने में कर्मचारियों को खासा परेशानी हो रही थी, जिसको देखते हुए नई मोटरें लगाई गई। इसके साथ क्षेत्र के अन्य निगम के पार्कों में व्यवस्थित तरीके से सफाई अभियान चलाया गया। इस दौरान राठौर ने क्षेत्रीय लोगों से अपील करते हुए कहा कि यह निगम के पार्क लोगों के घूमने और सैर-सपाटा करने के लिए है और इसको साफ-सुथरा रखने की जिम्मेदारी जितनी उद्यान विभाग के कर्मचारियों की है, उतनी ही जिम्मेदारी क्षेत्रीय लोगों की भी बनती है। इसलिए सफाई व्यवस्था बनाए रखने में सफाई कर्मचारियों की मदद करें।

## पम्मा हमेशा ही समाज के हितों के लिए कार्य करते रहे हैंः बी.के.शक्ति




**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय राजौरी गार्डन सबजोन की मुख्य प्रशासिका राजयोगनी बी.के.शक्ति दीदी ने राजौरी गार्डन राजयोग भवन में नेशनल अकाली दल के अध्यक्ष व फेडरेशन ऑफ सदर बाजार ट्रेड्र्स एसोसिएशन के चेयरमैन परमजीत सिंह पम्मा को रक्षाबंधन के पावन पर्व के अवसर पर राखी बाँधते हुए भरोसा दिलाया जिस प्रकार वह ऑनलाइन समाज के उत्थान के कार्य का अभियान चला रहे हैं उसको ब्रह्माकुमारी संस्था का पूरा सहयोग मिलता रहेगा। दीदी बी.के.शक्ति ने कहा ब्रह्मकुमारियों द्वारा समय-समय पर नशे के खिलाफ अभियान चलाया जाता है। परमजीत सिंह पम्मा ने कहा कि ऑनलाइन गेम में भी ऐसा नशा है जिसमें बच्चे लिप्त होते जा रहे हैं और अपने भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं। उन्हें मार्ग दर्शन की आवश्यकता है जो कि ब्रह्माकुमारी बहनों के द्वारा ही दिया जा सकता है। जिससे उन्हें ईश्वरीय ज्ञान के द्वारा राजयोग मेडिटेशन के द्वारा मानसिक रूप से सशक्त बनाया जा सके। साथ ही ब्रह्माकुमारीज राजौरी गार्डन के वरिष्ठ भाई साहब बी.के.जे.एल. मेहता, बी .के.डॉ .ललिता मक्कड़ व बी.के.प्रेम मक्कड़ ने ईश्वरीय सौगात देकर परमजीत सिंह पम्मा को सम्मानित किया।

## डॉक्यूमेंट्री फिल्म 'क्रिमसन क्रेसेंट, द लास्ट क्वार्टर' हुई रिलीज

**नई दिल्ली। मुसलमानों** में बढ़ती कट्टरता को दशार्ती डॉक्यूमेंट्री फिल्म क्रिमसन क्रेसेंट द लास्ट क्वार्टर गुरुवार को रिलीज हुई। निमार्ता और निर्देशक मयंक जैन की इस फिल्म का ट्रेलर गुरुवार को प्रेस क्लब ऑफ इंडिया में दिखाया गया। फिल्म एक घंटे सात मिनट की है। इस फिल्म के निर्देशक मयंक जैन ने बताया कि जर्मनी में नाजी विचार और सोवियत संघ में कम्युनिज्म, दोनों ही अपने आप ढह गए, क्योंकि लोग आजादी और तर्क चाहते थे। फिल्म कहती है कि वैसे ही, कट्टरपंथी सोच भी लंबे समय तक टिक नहीं सकती। आखिरकार, इंसान तर्क, शांति और इंसानियत की ओर लौटते हैं। जैन ने बताया कि फिल्म दिखाती है कि सऊदी अरब ने पिछले 40 सालों में कट्टर वहाबी सोच फैलाने के लिए दुनिया भर में मदरसों को फंडिंग दी। इससे भारत जैसे देशों में भी दंगे और आतंकवाद फैला, जिसमें सबसे ज्यादा नुकसान आम मुसलमानों को हुआ।


















# रद्द हो जाएगा भारत-पाकिस्तान के बीच होने वाला एशिया कप मैच?

**नई दिल्ली:** भारत और पाकिस्तान के बीच खेले जाने वाले एशिया कप के मुकाबले को लेकर कयासों का दौर जारी है। भारतीय प्रशंसकों की मांग है कि टीम इंडिया को पाकिस्तान के खिलाफ नहीं खेलना चाहिए। हालांकि, अमीरात क्रिकेट बोर्ड के चीफ ऑपरेटिंग ऑफिसर (सीओओ) का मानना है कि एशिया कप में ऐसी स्थिति उत्पन्न होने की संभावना नहीं है।

**डब्ल्यूसीएल में पाकिस्तान के खिलाफ नहीं खेला था भारत**

हाल ही में भारत चैंपियंस ने पाकिस्तान के खिलाफ विश्व चैंपियनशिप ऑफ लीजेंड्स 2025 का मुकाबला खेलने से इनकार कर दिया था। टीम ने पहले लीग राउंड में पाकिस्तान के खिलाफ खेलने से इनकार किया था। इसके बाद युवराज सिंह के नेतृत्व वाली टीम ने अपने फैसले पर अडिग रहते हुए पाकिस्तान के

**कयासों का दौर**

**भारतीय प्रशंसकों की मांग है कि टीम इंडिया को पाकिस्तान के खिलाफ नहीं खेलना चाहिए**

खिलाफ सेमीफाइनल मैच का बहिष्कार कर दिया था।

**प्रशंसकों की मांग- पाकिस्तान से नहीं खेले भारत**

ऐसी ही स्थिति एशिया कप में भी बनती दिख रही है। नौ सितंबर से शुरू होने वाले इस टूनार्मेंट में भारतीय टीम अपने अभियान का आगाज 10 सितंबर को यूएई के खिलाफ मुकाबले से करेगी। इसके बाद टीम का सामना पाकिस्तान से 14 सितंबर को दुबई अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम पर होना है जबकि तीसरा मुकाबला ओमान से 19 सितंबर को अबु धाबी में खेला



जाएगा। भारतीय प्रशंसकों की मांग है कि भारतीय टीम को पाकिस्तान के खिलाफ मुकाबले से इनकार कर देना चाहिए। हालांकि, अब तक इस पूरे मामले पर भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) की तरफ से कोई जानकारी नहीं दी गई है।

अमीरात क्रिकेट बोर्ड के अधिकारी का जवाब

इस बीच अमीरात क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) के चीफ ऑपरेटिंग ऑफिसर (सीओओ) सुभान अहमद ने द नेशनल से बात करते हुए कहा कि भारत-पाकिस्तान मैच के रद्द होने की संभावना कम है। उन्होंने कहा, 'हम कोई गारंटी नहीं दे सकते, लेकिन एशिया कप की तुलना डब्ल्यूसीएल जैसे निजी आयोजन से करना ठीक नहीं है। जब एशिया कप में खेलने का फैसला लिया जाता है, तो पहले से सरकारी अनुमति ली जाती है। देशों के कार्यक्रम की घोषणा करने से पहले यह निश्चित रूप से किया गया है। इसलिए उम्मीद है कि हम डब्ल्यूसीएल जैसी स्थिति में नहीं होंगे।'

**तीन बार भिड़ सकते हैं भारत और पाकिस्तान**

एशिया कप में भारत और पाकिस्तान को एक ही ग्रुप में रखा जाएगा, जहां दोनों एक बार भिड़ेंगी। इसके बाद सुपर फोर चरण में एक-दूसरे के खिलाफ एक और मुकाबला खेलने का मौका मिलेगा।

अगर दोनों टीमें फाइनल में पहुंचती हैं तो उनके बीच तीसरी मुकाबला भी खेला जा सकता है। बीसीसीआई इस टूर्नामेंट का मेजबान है। टूर्नामेंट का आयोजन संयुक्त अरब अमीरात में इसलिए हो रहा है।

# एथलीट्स कमीशन ने खिलाड़ियों के सशक्तिकरण की दिशा में उठाया पहला कदम

**नई दिल्ली:** भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) की एथलीट्स कमीशन की बैठक आज नई दिल्ली स्थित ओलंपिक भवन में आयोजित की गई। इस बैठक का उद्देश्य एथलीटों की आवाज को मजबूती से सामने लाना और उनके कल्याण को प्राथमिकता देना था। बैठक की अध्यक्षता करते हुए कमीशन ने आईओए अध्यक्ष डॉ पीटी उषा और कार्यकारी परिषद के सदस्यों का धन्यवाद किया, जिन्होंने खिलाड़ियों की बात सुनने के लिए एक ठोस मंच की स्थापना की। बैठक में शरथ कमल, ओ.पी. खराना, भवानी देवी और शिवा केशवन व्यक्तिगत रूप से उपस्थित रहे, जबकि बजरंग लाल, रानी रामपाल और पी.वी. सिंधु ने ऑनलाइन माध्यम से हिस्सा लिया। समिति के सदस्य अभिनव बिंद्रा और गगन नारंग ने भी अपने बहुमूल्य सुझाव साझा किए। इस अवसर पर कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए, जिसमें सबसे अहम फैसला आईओए के अंतर्गत एक समर्पित एथलीट्स डिपार्टमेंट की स्थापना का रहा। इसमें ऐसे पेशेवर शामिल होंगे जो खिलाड़ियों की आवश्यकताओं को समझकर उनका समाधान करेंगे। यह विभाग खिलाड़ियों को फीडबैक देने और समर्थन प्राप्त करने के लिए एक संगठित माध्यम उपलब्ध कराएगा। बैठक में यह भी तय किया गया कि हर राष्ट्रीय खेल महासंघ (एनएसएफ) से उनके एथलीट्स कमीशन प्रतिनिधियों का विवरण मांगा जाएगा, ताकि सभी खेलों में खिलाड़ियों की बातों को प्रभावी ढंग से आईओए तक पहुंचाया जा सके।

खिलाड़ियों की सुरक्षा और अधिकारों की रक्षा के लिए एक मजबूत सेफगार्डिंग सिस्टम तैयार करने की भी चर्चा की गई। इसके साथ ही, डोपिंग-रोधी शिक्षा पर भी जोर दिया गया और नेशनल एंटी डोपिंग एजेंसी (नाडा) के साथ मिलकर खिलाड़ियों को जागरूक करने की योजना बनाई गई।कमीशन ने यह भी माना कि खिलाड़ियों को खेल के बाद के जीवन में नई दिशा देने के लिए उन्हें कोचिंग, प्रशासन और अन्य क्षेत्रों में करियर विकल्प उपलब्ध कराने होंगे।

इस दिशा में आईओए द्वारा दो ओलंपियन खिलाड़ियों को इंटर्न के रूप में नियुक्त करने का भी निर्णय लिया गया, जो एथलीट्स कमीशन के कार्यक्रमों में सक्रिय रूप से भाग लेंगे। बैठक में आईओसी और ओसीए द्वारा क्रमशः 10,000 डॉलर और 5,000 डॉलर की वित्तीय सहायता का भी उल्लेख किया गया, जिससे इस वर्ष एक राष्ट्रीय एथलीट्स फोरम आयोजित किया जाएगा।

# धोनी ने बांधे कोहली की तारीफों के पुल, खूबियां गिनाते हुए कहा- वो नाचने-गाने का शौकीन

**नई दिल्ली :** भारतीय टीम के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी ने अपने लंबे वक्त तक साथी रहे विराट कोहली की तारीफों के पुल बांधे हैं। उन्होंने कहा कि किंग कोहली खेल के साथ-साथ नाचने और गाने के शौकीन हैं। धोनी ने कहा कि कोहली बहुत मनोरंजक व्यक्ति हैं और बेहतरीन खिलाड़ी हैं। बता दें कि, धोनी ने 2014 में टेस्ट से संन्यास लिया था और 2016-17 में वनडे-टी20 की कप्तानी छोड़ी

**तारीफ**

**किंग कोहली खेल के साथ-साथ नाचने और गाने के शौकीन हैं : महेंद्र सिंह धोनी**

थी। तब टीम के उपकप्तान रहे विराट कोहली को तीनों प्रारूप में कप्तानी सौंपी गई थी।



**धोनी की कप्तानी में कोहली ने किया था डेब्यू**

कप्तान के रूप में धोनी ने कोहली को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में उनके



शुरूआती वर्षों में निखारने में अहम भूमिका निभाई। जब कोहली ने 2008 में डेब्यू किया था तब धोनी पहले से ही एक स्थापित कप्तान थे और उनके शांत नेतृत्व में कोहली को एक आक्रामक और जोशीले खिलाड़ी के रूप में विकसित होने का मौका मिला। दोनों की जोड़ी ने सहजता से काम किया जहां धोनी विकेट के पीछे एक शांत रणनीतिकार की भूमिका निभाते थे और कोहली बल्ले से जोश और तीव्रता लाते थे। धोनी ने एक कार्यक्रम में कहा, 'वह (विराट कोहली) एक अच्छे गायक हैं। वह एक अच्छे डांसर हैं।

वह नकल करने में भी माहिर हैं। अगर उनका मूड हो तो वह बहुत ही मनोरंजक होते हैं।' कोहली ने कई बार धोनी के अटूट समर्थन की बात की है, खासकर उन दौरों के दौरान जब उनका फॉर्म खराब चल रहा था या जब उन्हें आलोचनाओं का सामना करना पड़ा था। कोहली ने धोनी की तारीफ करते हुए कहा, 'वह हमेशा मेरे कप्तान रहेंगे।'

# टीम चैम्पियनशिप में वाराणसी की बालिकाओं का दबदबा



**प्रयागराज।** सीबीएसई क्लस्टर-5 बैडमिंटन प्रतियोगिता की टीम चैम्पियनशिप की स्पर्धाओं पर वाराणसी की बालिकाओं का दबदबा रहा। इसमें अंडर-14 में सनबीम स्कूल, वरुणा, वाराणसी, अंडर-17 में सनबीम सनसिटी, वाराणसी और अंडर-19 में सनबीम स्कूल, लहरतारा, वाराणसी की टीम विजेता बनी। बालिकाओं की व्यक्तिगत स्पर्धा में अंडर-14 में सनबीम स्कूल वरुणा वाराणसी और अंडर-17 में सनबीम सनसिटी वाराणसी, महर्षि पंतजलि विद्या मन्दिर प्रयागराज, अंडर-19 में सनबीम स्कूल लहरतारा वाराणसी और सनबीम सनसिटी वाराणसी की टीम सेमीफाइनल में पहुंची। इलाहाबाद पब्लिक स्कूल चौफटका में चल रही प्रतियोगिता के तीसरे दिन के परिणाम इस प्रकार हैं।

**बालिका वर्ग टीम**

चैम्पियनशिपअंडर 14 विजेता सनबीम स्कूल, वरुणा, वाराणसी, द्वितीय-सनबीम सनसिटी, वाराणसी, तृतीय-खेलगांव पब्लिक स्कूल, प्रयागराज।अंडर-17 विजेता-सनबीम सनसिटी, वाराणसी, द्वितीय-महाऋषि पतंजलि विद्या मंदिर, प्रयागराज, तृतीय-सेंट जोसेफ स्कूल सोनभद्र।अंडर-19 विजेता-सनबीम स्कूल, लहरतारा, वाराणसी, द्वितीय-सनबीम सनसिटी, वाराणसी, तृतीय-सेंट जोसेफ स्कूल सोनभद्र।

बालिका अंडर-14 सेमीफाइनल-सनबीम स्कूल वरुणा वाराणसी ने खेलगाँव पब्लिक स्कूल प्रयागराज को 2-0 से, सनबीम सनसिटी वाराणसी ने सेंट्रल अकादमी झूंसी प्रयागराज को 2-0 से, हराया। अंडर-17 सेमीफाइनल-सनबीम सनसिटी वाराणसी ने एसटी जोसफ स्कूल सोनभद्र को 2-0 से, महर्षि पंतजलि विद्या मन्दिर प्रयागराज ने आर्मी पब्लिक स्कूल न्यू कैंट प्रभागराज को 2-1 से हराया।

# क्वालीफायर: भारतीय अंडर-20 महिला फुटबॉल टीम ने इंडोनेशिया के खिलाफ गोलरहित ड्रॉ खेला

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** भारतीय अंडर-20 महिला फुटबॉल टीम ने एएफसी एशियन कप 2026 क्वालिफायर्स में अपने अभियान की शुरूआत बुधवार को इंडोनेशिया के खिलाफ 0-0 से ड्रॉ खेलते हुए की। यह मुकाबला यांगून के थुवुना स्टेडियम में खेला गया। इस नतीजे के साथ भारत को एक अंक मिला है और टीम ग्रुप डी में दूसरे स्थान पर बनी हुई है। भारत अब शुक्रवार को अपने अगले मुकाबले में तुर्कमेनिस्तान से भिड़ेगा। मैच के छठे ही मिनट में नेहा के लेफ्ट फ्लैंक से आए क्रॉस ने इंडोनेशियाई डिफेंस को चकमा दिया, लेकिन फार पोस्ट पर मौजूद पूजा और सुलंजना राउल गेंद को छूने से चूक गईं। हल्का सा टच भी इंडोनेशियाई गोलकीपर एलीआना आयु



अरूमी के लिए मुश्किलें खड़ी कर सकता था। पहले हाफ के आधे घंटे बाद सुलंजना और पूजा ने लंबी दूरी से गोल करने की कोशिश की। जहां सुलंजना का शॉट पोस्ट से थोड़े अंतर से बाहर चला गया, वहीं पूजा की कोशिश सीधे एलीआना के हाथों में गई। दूसरे हाफ में नेहा फिर से बाएं छोर से सक्रिय दिखीं, लेकिन इंडोनेशियाई डिफेंडरों ने सामूहिक रूप से उन्हें अलग-थलग करने में कामयाबी हासिल की। मैच के आखिरी 20 मिनट में भारत ने आक्रामक रवैया अपनाया। सिबानी देवी नोंगमैकापम ने विरोधी हाफ में एक पास इंटरसेप्ट कर बबिता कुमारी के लिए कटबैक किया, लेकिन वह गेंद को छू नहीं सकीं। कुछ देर बाद सिबानी ने एक और क्रॉस बबिता की ओर भेजा, जिसे एलीआना ने आसानी से पकड़ लिया। इंडोनेशिया को मैच का एकमात्र बड़ा मौका 87वें मिनट में मिला, जब सब्स्टीट्यूट अजेंग श्री हंदायानी भारतीय डिफेंस को पार कर गोल के पास पहुंचीं। उन्होंने गेंद को दूर पोस्ट की ओर रखने की कोशिश की, लेकिन भारतीय गोलकीपर मोनालिशा देवी मोइरांगथेम ने शानदार तरीके से नीचे गिरकर बचाव किया। इसके बाद थोइबिसाना चानू तोइजम ने खतरा पूरी तरह टाल दिया।

**कामयाबी**

**बाएं छोर से सक्रिय दिखीं, लेकिन इंडोनेशियाई डिफेंडरों ने सामूहिक रूप से उन्हें अलग-थलग करने में कामयाबी हासिल की**

# भारतीय महिला फुटबॉल टीम फीफा रैंकिंग में 7 स्थान की छलांग

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** भारतीय महिला फुटबॉल टीम ने फीफा की ताजा रैंकिंग में 7 स्थान की छलांग लगाई है। अब टीम 63वें स्थान पर पहुंच गई है, जो कि पिछले दो वर्षों में उसकी सबसे ऊंची रैंकिंग है। यह उपलब्धि थाईलैंड के खिलाफ ऐतिहासिक जीत के बाद आई, जिससे टीम ने एएफसी महिला एशियन कप 2026 के लिए क्वालीफाई कर लिया। इससे पहले भारत को पिछले संस्करण में कोविड-19 संक्रमण के कारण घरेलू मैदान पर टूनार्मेंट से बाहर होना पड़ा था। लेकिन इस बार ब्लू



टाइग्रेसेज ने अपने प्रदर्शन से सबका दिल जीत लिया।

भारतीय टीम ने क्वालिफिकेशन अभियान की शुरूआत मंगोलिया को 13-0 से हराकर की। इसके बाद तिमोर-लेस्ते (4-0) और इराक (5-0) के खिलाफ भी शानदार जीत दर्ज की।

# शकुन विद्या निकेतन अंडर 19 दोनों वर्ग के सेमीफाइनल में

**प्रयागराज।** शकुन विद्या निकेतन ने सीबीएसई क्लस्टर-5 बास्केटबाल प्रतियोगिता में अंडर-19 बालक एवं बालिका वर्ग के सेमीफाइनल में जगह बना ली है। अंडर-19 बालिका वर्ग में खेलगांव पब्लिक स्कूल, संत अतुलानंद शिवपुर वाराणसी और सनबीम सनसिटी वाराणसी ने भी अंतिम चार में जगह बनायी। अंडर-14 बालिका वर्ग खेलगांव पब्लिक स्कूल, सेंट जोसेफ देवरिया, जेबी एकेडमी अयोध्या ने एसवीएन को 7-2 से हराया। अंडर-17 में पतंजलि ऋषिकुल, सनबीम वरुणा, सनबीम भदोही, संस्कार इंटरनेशनल स्कूल ने सेमीफाइनल में प्रवेश किया।



शकुन विद्या निकेतन नैनी में चल रही प्रतियोगिता के चौथे दिन खेले गये क्वार्टर फाइनल मैचों के परिणाम इस प्रकार हैं:---बालक वर्गअंडर-19 : शकुन विद्या निकेतन ने डीपीपीएस प्रयागराज को 44-40 अंक से, डीपीएस ने सेठ एमआर जयपुरिया वाराणसी को 33-26 से, सनबीम वरुणा ने संस्कार इंटरनेशनल स्कूल को 44-22 से, संत अतुलानंद वाराणसी ने श्रीराम पब्लिक पब्लिक स्कूल को 25-14 से हराया।

--बालिका वर्गअंडर-14 : खेलगांव पब्लिक स्कूल ने महर्षि पतंजलि को 9-5, सेंट जोसेफ देवरिया ने संस्कार इंटरनेशनल स्कूल को 5-1, जेबी एकेडमी अयोध्या ने एसवीएन को 7-2 से हराया। अंडर-17 : पतंजलि ऋषिकुल ने हैप्पी मॉडल स्कूल को 33-8 से, सनबीम वरुणा ने एपीएस गोरखपुर को 26-6 से, सनबीम भदोही ने एपीएस न्यू कैंट 10-4 से हराया। संस्कार इंटरनेशनल स्कूल को इलाहाबाद पब्लिक स्कूल से वाकओवर मिला। अंडर-19 : शकुन विद्या निकेतन प्रयागराज ने श्री महाप्रभु स्कूल प्को 27-1 वाराणसी ने संत अतुलानंद कान्वेंट स्कूल वाराणसी को 14-12 से हराया।

# इंडियन सुपर लीग से पहले अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ कराएगा सुपर कप

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) ने सुपर कप को सितंबर-दिसंबर की अवधि में आयोजित करने का फैसला किया है, क्योंकि इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) का भविष्य अनिश्चित बना हुआ है। आईएसएल के शुरूआती दौर के लिए आरक्षित स्थान अब खाली होने के कारण सुपर कप टूनार्मेंट उसकी जगह लेगा। एआईएफएफ अध्यक्ष ने हाल ही में आईएसएल क्लब प्रमुखों के साथ बैठक की और टूनार्मेंट की योजनाओं को अंतिम रूप दिया, जिसके विजेता को एएफसी चैंपियंस लीग टू के प्रारंभिक दौर में जगह मिलेगी। एआईएफएफ अध्यक्ष कल्याण



चौबे ने एक बयान में कहा, "हमें उम्मीद है कि सुपर कप सितंबर के दूसरे या तीसरे हफ्ते में होगा। कुछ टीमों को तैयारी पूरी करने और खिलाड़ियों को वापस लाने के लिए 6-8 हफ्ते का समय चाहिए। अगली बैठक में हम शुरूआत की तारीख की घोषणा करेंगे।" चौबे ने कहा, "अपने खिलाड़ियों या कर्मचारियों को भुगतान करना क्लब का अपना निर्णय है। हम इसमें हस्तक्षेप नहीं कर सकते, सभी शीर्ष लीग इसी तरह काम करती हैं।"

**आईएसएल**

**सितंबर-दिसंबर की अवधि में आयोजित करने का फैसला किया है, आईएसएल का भविष्य अनिश्चित बना हुआ**

भारत की शीर्ष पुरुष फुटबॉल लीग आईएसएल का आयोजन फुटबॉल स्पोर्ट्स डेवलपमेंट लिमिटेड (एफएसडीएल) द्वारा एआईएफएफ के साथ एक मास्टर राइट्स एग्रीमेंट (एमआरए) के तहत किया जाता है। एमआरए की अवधि दिसंबर में समाप्त हो रही है तथा सुप्रीम कोर्ट ने एआईएफएफ संविधान पर निर्णय आने तक आगे की बातचीत पर रोक लगा दी है, जिसके कारण नए समझौते पर बातचीत रुक गई है। इससे उत्पन्न अनिश्चितता ने क्लबों के लिए राजस्व का मुख्य स्रोत बाधित कर दिया है। बेंगलुरु एफसी, चेन्नईयिन एफसी और ओडिशा एफसी सहित कई टीमों ने अस्थायी रूप से अपना परिचालन निलंबित कर दिया है। इसके जवाब में एआईएफएफ ने क्लबों के साथ विचार-विमर्श के बाद एक अस्थायी उपाय के रूप में सुपर कप का आयोजन करने का फैसला किया। फेडरेशन कप की जगह 2018 में शुरू किया गया यह टूनार्मेंट ज्यादातर भुवनेश्वर के कलिंगा स्टेडियम में आयोजित किया गया है।

# चीन से हार के बाद मुश्किल हुई भारत के क्वार्टरफाइनल की राह

**नई दिल्ली।** भारत की पुरुष बास्केटबॉल टीम को फीबा एशिया कप 2025 के ग्रुप सी मुकाबले में चीन के हाथों 69-100 से हार का सामना करना पड़ा। यह मुकाबला सऊदी अरब के जेद्दा स्थित किंग अब्दुल्ला स्पोर्ट्स सिटी में खेला गया। चीन के लिए मिंगशुआन हू और जियाई झाओ ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 17-17 अंक जुटाए। भारत की ओर से अरविंद मुथु कृष्णन ने सबसे अधिक 16 अंक बनाए। यह टूनार्मेंट में भारत की लगातार दूसरी हार है। इससे पहले टीम को मंगलवार को जॉर्डन के खिलाफ



करीबी मुकाबले में हार झेलनी पड़ी थी।

इस परिणाम के बाद हेड कोच स्कॉट फ्लेमिंग की टीम ग्रुप स्टैंडिंग में सबसे नीचे पहुंच गई है, जिससे क्वार्टरफाइनल की उम्मीदों को बड़ा झटका लगा है। भारत को अब शनिवार को होने वाले अपने अंतिम ग्रुप मैच में मेजबान सऊदी अरब को हर हाल में हराना होगा, क्वालिफिकेशन की उम्मीदें बनी रहें।

ACTION INDIA
# एक्शन इंडिया
Front Page - 2
एक्शन इंडिया ▸ नई दिल्ली ▸ 08 अगस्त 2025 ▸ पृष्ठ 12 ▸ आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302
RKB GROUP
Rakesh Bharadwaj Group



















